✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 304 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना के रूपसपुर नहर के पास प्रस्तावित फोरलेन चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## संक्षिप्त समाचार

### रिश्वत लेते पकड़े गए एसआइ सेवा से बर्खास्त

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस में भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को दोहराते हुए तिरहुत क्षेत्र (मुजफ्फरपुर) के पुलिस उप-महानिरीक्षक चंदन कुशवाहा ने एक बड़ी दंडात्मक कार्रवाई की है। कर्तव्य में लापरवाही और अनैतिक आचरण के दोषी पाए गए पुलिस अवर निरीक्षक सदरे आलम को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया।

### उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन कल मोतिहारी आयेंगे

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** महात्मा गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी का तीसरा दीक्षांत समारोह 4 अप्रैल को मोतिहारी के बापू सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस भव्य कार्यक्रम में भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह में बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा सांसद राधा मोहन सिंह की भी गरिमामयी उपस्थिति प्रस्तावित है। उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और समारोह को भव्य बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

### सीएम नीतीश ने प्रभु यीशु मसीह को किया नमन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुड फ्राइडे की पूर्व संध्या पर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को स्मरण करते हुये उन्हें नमन किया और कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने अपने जीवन और बलिदान के माध्यम से सम्पूर्ण मानवता को प्रेम, दया और करूणा के भाव का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में प्रभु यीशु मसीह के उपदेशों की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है। उनके बताये हुये मार्गों के अनुसरण से समस्त मानव समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

### सड़क हादसे में दो की मौत

**खगड़िया(नबिटा ब्यूरो)।** मानसी थाना क्षेत्र के ठाठा अनिल लाइन होटल के पास दिवंगत महिला की अंतिम यात्रा के दौरान सड़क हादसे में बाइक सवार 40 वर्षीय रणवीर यादव और 42 वर्षीय जवाहर यादव की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों युवक अपनी बड़ी मां की अंतिम यात्रा में शामिल हुए थे। बताया गया कि रास्ते में एक अनियंत्रित हाईवा ने बाइक सवार युवकों को कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई।

### सीएम नीतीश से मिले राजद के बागी विधायक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्यसभा चुनाव वोटिंग में गायब रहने वाले ढाका से राजद विधायक फैसल रहमान ने सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात की। मुलाकात के बाद अपने सोशल मीडिया पर इसकी फोटो शेयर कर एक पोस्ट के जरिए इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया। साथ ही लिखा कि क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री से सकारात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक आश्वासन दिया तथा क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से ढाका के विकास को नई गति मिलेगी और आमजन को इसका व्यापक लाभ प्राप्त होगा।

## मुख्यमंत्री ने पटना शहर में विभिन्न निर्माणाधीन योजनाओं का किया निरीक्षण

# आमलोग से जुड़े कार्यों को तेजी से करें पूर्ण : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पटना शहर में विभिन्न निर्माणाधीन योजनाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने पाटलिपुत्रा कॉलोनी में निर्माणाधीन पाटलिपुत्रा पार्क नम्बर 113 का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां लोगों के घूमने-फिरने, जिम, बच्चों के खेल-कूद की सुविधायें सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और निर्माणाधीन पार्क के विभिन्न भागों का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने इस पार्क का निर्माण तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने पाटलि पथ पर रूककर नेहरू पथ को पाटलिपथ से जोड़ने हेतु किये जा रहे निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली और अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री रूपसपुर नहर के समीप रूककर खगौल-नेहरू पथ-अशोक राजपथ को जोड़ने वाले रूपसपुर नहर पथ के प्रस्तावित फोरलेन चौड़ीकरण कार्य एवं मजबूतीकरण कार्य के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कार्यों को तेजी से पूर्ण करें। इन पथों के निर्माण से शहर में लोगों को आवागमन के और भी विकल्प मिलेंगे। साथ ही स्थानीय लोगों को भी आने-जाने में सहूलियत होगी। इसके पश्चात् सगुना मोड़ के पास रूककर मुख्यमंत्री ने रूपसपुर नहर से सगुना मोड़ तक नेहरू पथ के दोनों तरफ भूमिगत नाला के साथ पथ के चौड़ीकरण कार्य के संबंध में जानकारी ली।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कार्यों को तेजी से पूर्ण करें। पश्चिमी पटना क्षेत्र काफी तेजी से विकसित हो रहा है। इससे क्षेत्र के यातायात की व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर रूपसपुर से सगुना मोड़ तक अवस्थित लगभग 12 मीटर चौड़ा कच्चा नाला पर बॉक्स पुलिया सह सड़क के रूप में निर्माण किया जा रहा है। इससे शहर का सौंदर्यीकरण भी होगा और इस क्षेत्र के लोगों का आवागमन और सुलभ होगा। मुख्यमंत्री ने गोला पथ स्थित कृष्णा चौक पर रूककर नेहरू पथ से गोला पथ में 2.20 किलोमीटर चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के संबंध में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोला पथ में जाम की समस्या बनी रहती है। इस पथ का चौड़ीकरण कार्य तेजी से पूर्ण करें। कार्य के पूर्ण होने से इस क्षेत्र के लोगों को दानापुर जाने में भी काफी सहूलियत होगी।

# एक लाख 70 हजार रिश्वत लेते पेशकार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुंगेर।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम के बीच एक बड़ी कार्रवाई हुई है जिसने प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा दिया है। निगरानी विभाग की टीम ने मुंगेर के प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में छापेमारी कर पेशकार मुकेश कुमार को एक लाख 70 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के अनुसार आरोपी पेशकार एक जमीन संबंधित कोर्ट केस में मदद करने के नाम पर रिश्वत की मांग कर रहा था। पीड़ित व्यक्ति ने इसकी शिकायत निगरानी विभाग से की जिसके बाद पूरे मामले की गुप्त जांच शुरू की गई। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद टीम ने ट्रैप ऑपरेशन की योजना बनाई। निगरानी विभाग ने सुनियोजित तरीके से जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी ने तय रकम ली, टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे मौके पर ही पकड़ लिया। इस पूरी कार्रवाई को बेहद गोपनीय रखा गया था ताकि आरोपी को भनक न लग सके। इस गिरफ्तारी के बाद प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सरकारी दफ्तर के भीतर इस तरह की कार्रवाई ने न सिर्फ कर्मचारियों को चौंका दिया बल्कि पूरे सिस्टम पर सवाल भी खड़े कर दिए हैं। फिलहाल आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। निगरानी विभाग यह पता लगाने में जुटा है कि इस घूसखोरी के मामले में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। आशंका जताई जा रही है कि यह मामला किसी बड़े नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है। निगरानी विभाग की इस कार्रवाई को मुंगेर में बड़ी ट्रैप ऑपरेशन के रूप में देखा जा रहा है। इसने साफ संकेत दिया है कि अब रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# के. के. सिंह ने संभाला सेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सेल के निदेशक (कार्मिक) कृष्ण कुमार सिंह ने गुरुवार को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया है। श्री सिंह प्रचालन, मानव संसाधन विकास, सतर्कता और कार्मिक एवं प्रशासन जैसे विविध क्षेत्रों में लगभग चार दशकों के गहन अनुभव के साथ सेल की विकास गाथा में एक महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1987 में भिलाई इस्पात संयंत्र में एक प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में की थी, जहां उन्होंने मानव संसाधन विकास विभाग में जाने से पहले 'ब्लूमिंग एंड बिलेट मिल' में एक दशक से अधिक समय तक अपना योगदान दिया। उन्होंने कार्मिक और प्रशासन विभाग के कार्यकारी निदेशक (प्रभारी) सहित कई लीडरशिप पदों पर



कार्य किया है। उन्हें 2022 में निदेशक (कार्मिक) नियुक्त किया गया जो उनके गहरे डोमेन ज्ञान और मजबूत नेतृत्व कौशल को दर्शाता है। निदेशक (कार्मिक) के रूप में अपने वर्तमान रोल में, श्री सिंह ने सेल के मानव संसाधन के कायाकल्प का नेतृत्व किया है। उन्होंने कार्यबल को भविष्य के लिए तैयार करने हेतु प्रोग्रेसिव कार्मिक कल्याण और विकास योजनाओं की शुरुआत की है।

# हर व्यक्ति को समय पर उपलब्ध हो गुणवत्तापूर्ण उपचार : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन ने गुरुवार को बिहार लोक भवन में स्वास्थ्य विभाग के सचिव से बिहार में स्वास्थ्य के क्षेत्र में चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की तथा महत्वपूर्ण निदेश दिये। राज्यपाल ने बिहार को टीबी (क्षय रोग) मुक्त बनाने के लिए विशेष और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जन-जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके लिए व्यापक स्तर पर आई.ई.सी. (सूचना, शिक्षा एवं संचार) गतिविियों को और अधिक सशक्त तथा प्रभावी बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं का विस्तार केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी समान रूप से सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि हर व्यक्ति को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो सके। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की तर्ज पर बिहार में भी एक सक्षम एवं विशेषज्ञों से युक्त सलाहकार निकाय का गठन किया जाना चाहिए, जो स्वास्थ्य संबंधी नीतियों के निर्माण और उनके प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान कर सके। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव एवं अन्य



अधिकारियों ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों में यूजी एवं पीजी सीटों तथा बिस्तरों की संख्या, चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या तथा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के बारे में बताया। उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों जैसे स्वास्थ्य सुविधाएं, संस्थागत प्रसव व नियमित टीकाकरण, बिहार एचपीवी टीकाकरण, बिहार में एनीमिया की स्थिति, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, बाल हृदय योजना, बाल श्रवण योजना, अंधता नियंत्रण कार्यक्रम, शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बिहार में टीबी मुक्त भारत अभियान की भी विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ रॉबर्ट एल चोंग्थू, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारीगण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# हड़ताली अंचल अधिकारियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा : विजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के हड़ताली अंचल अधिकारियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। राजस्व कर्मचारियों और अधिकारियों की हड़ताल के पीछे किन लोगों का दबाव है, सरकार इसकी भी जांच करायेगी। सूबे के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने उच्च स्तरीय समिति से समीक्षा कराने का निर्णय लिया है। साथ ही परीक्ष्यमान राजस्व अधिकारी जो अब तक काम पर नहीं लौटे हैं, उन्हें सेवा से बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। सारण प्रमंडल मुख्यालय छपरा में आयोजित भूमि सुधार जनऽकल्याण संवाद कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने भूमि विवाद समाप्त करने के अभियान को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में बाधा उत्पन्न करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जब से नई सरकार का गठन हुआ है तब से इस संवाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई है और इसका उद्देश्य भूमि विवादों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन को बचाने के लिए लड़ाई लड़ने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पटना, लखीसराय, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, सहरसा, भागलपुर, गया और दरभंगा में प्राप्त 13 हजार 311 आवेदनों में से 8 हजार से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। राजस्व सेवा के अधिकारियों की हड़ताल पर कड़ा रुख अपनाते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जब अधिकारियों पर समय पर काम करने का दबाव बढ़ा तो कुछ लोगों ने प्रमोशन और वेतन वृद्धि का बहाना बनाकर काम बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के समक्ष अपनी मांग रखने की एक तय प्रक्रिया होती है और काम के महत्वपूर्ण समय में हड़ताल पर चले जाना पूरी तरह संवेदनहीनता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि बजट सत्र, मार्च जैसे महत्वपूर्ण ईयर इंडिंग महीने, राजस्व महा अभियान के 46 लाख आवेदनों के निष्पादन और 2027 की भारत की जनगणना जैसे अहम कार्यों के बीच काम बंद करना जनता के हितों के साथ अन्याय है। कई अधिकारी सरकार के आग्रह पर वापस काम पर लौटे हैं और ऐसे जिम्मेदार अधिकारियों की उन्होंने सराहना की। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि 9 मार्च के बाद भी दाखिल-खारिज के 17 हजार 755, परिमार्जन के 80 हजार 464 और मापी के 8 हजार 450 मामलों का निष्पादन किया गया है। उन्होंने कहा कि काम को और गति देने के लिए 1 अप्रैल से सभी अंचलों में राजस्व अधिकारियों की तैनाती की गई है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं और हड़ताल के माध्यम से काम में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, उनके कार्यों की पूरी कुंडली खंगाली जा रही है। एक-एक अधिकारी के काम की समीक्षा की जा रही है और जो लोग जनता के हित से अधिक राजनीति में रुचि रखते हैं, उन्हें भविष्य में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने का प्रश्न ही नहीं उठता। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व कर्मचारियों और अधिकारियों की लगातार हड़ताल के पीछे किन लोगों का दबाव है, इसकी भी जांच कराई जाएगी। इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय समिति से समीक्षा कराने का निर्णय लिया गया है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मिली जेड प्लस सुरक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब राज्यसभा जा रहे हैं। इस कारण उनकी सुरक्षा में फ़ेरबदल किया गया है। अब सीएम नीतीश कुमार को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इस संबंध में गृह विभाग ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को आदेश जारी कर दिया है। जारी निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि उन्हें बिहार स्पेशल सिक्योरिटी एक्ट-2000 के तहत सुरक्षा दी जाएगी, जो मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद भी जारी रहेगी। गृह विभाग की ओर से जारी पत्र में नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने का कारण भी बताया गया है। बताया गया है कि वह राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुके हैं और जल्द ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर उच्च सदन की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इस परिप्रेक्ष्य में उनकी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई जिसके बाद उन्हें जेड प्लस जैसी श्रेणी की सुरक्षा देने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अब तक बिहार स्पेशल सिक्योरिटी एक्ट-2000 के तहत सुरक्षा मिली हुई है। अब चुकी वह मुख्यमंत्री के पद से त्यागपत्र देकर राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण करने वाले हैं तो देश स्तर पर यात्राओं और संवेदनशीलता के मद्देनजर उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया गया। सूत्रों के अनुसार नीतीश कुमार अपनी राज्यसभा सदस्यता की शपथ 10 अप्रैल को ग्रहण करेंगे।

# बिहार पुलिस को मिलेगा राष्ट्रपति पुलिस कलर अवॉर्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार पुलिस ने अपनी वीरता और प्रोफ़ेशनल पुलिसिंग से पूरे देश में एक नई पहचान बनाई है। इसी के चलते राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिहार पुलिस को 'भारत के राष्ट्रपति के पुलिस कलर पुरस्कार' से सम्मानित करने की मंजूरी दे दी है। इस प्रतिष्ठित सम्मान को 'निशान' भी कहा जाता है और यह किसी भी पुलिस बल को दिया जाने वाला देश का सर्वोच्च सम्मान है। यह पुरस्कार पुलिस या अर्धसैनिक बलों की असाधारण सेवा, वीरता और लंबे समय तक उत्कृष्ट प्रदर्शन की मान्यता में दिया जाता है। इसे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा प्रदान किया जाता है। खास बात यह है कि यह सम्मान किसी भी पुलिस बल को केवल एक बार ही दिया जाता है। इसे प्राप्त करने वाले जवान अपनी वर्दी की बाईं आस्तीन पर विशेष प्रतीक चिन्ह धारण करते हैं। इससे पहले जनवरी 2026 में सिक्किम पुलिस को भी यह सम्मान मिल चुका है। इस पुरस्कार के लिए किसी भी पुलिस बल को कम से कम 25 वर्षों की उत्कृष्ट और समर्पित सेवा देनी होती है। बिहार पुलिस के एडीजी मुख्यालय सुनील कुमार ने इसे पूरे बल के लिए गर्व का क्षण बताया और कहा कि यह कर्तव्य, अनुशासन और साहस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# सोन नद पर बनेगा देश का दूसरा फोरलेन रेल ब्रिज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के कोइलवर क्षेत्र में रेलवे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। यहां देश का दूसरा फोरलेन रेल ब्रिज बनाने की योजना तैयार की गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर पूर्व मध्य रेलवे ने प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेज दिया है और अब इसकी मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस रेल ब्रिज का निर्माण मौजूदा कोइलवर पुल के समानांतर किया जाएगा। वर्तमान में यहां सिर्फ दो लाइनें हैं जिसके कारण अप और डाउन ट्रैक पर एक-एक ट्रेन ही चल पाती है लेकिन नया फोरलेन रेल ब्रिज बनने के बाद इस



क्षमता में बड़ा बदलाव होगा और एक साथ तीन-तीन ट्रेनों के परिचालन की सुविधा मिलेगी। इससे ट्रेनों की आवाजाही सुगम होगी और यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 3500 से 4000 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसके लिए केंद्र सरकार की मंजूरी आवश्यक होगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस प्रोजेक्ट की विस्तृत योजना रिपोर्ट पर तेजी से काम चल रहा है, जिसे जल्द ही रेलवे बोर्ड को सौंपा जा सकता है। इस फोरलेन रेल ब्रिज का मुख्य उद्देश्य हावड़ा-पटना-डीडीयू रेलखंड पर बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करना है। इस रूट पर ट्रेनों की बढ़ती संख्या के कारण अक्सर जाम जैसी स्थिति बन जाती है जिससे परिचालन प्रभावित होता है। नया ब्रिज इस समस्या का स्थायी समाधान साबित हो सकता है। रेलवे की ओर से हाल ही में डीडीयू से गया होते हुए प्रधानखांटा तक 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन का सफल परीक्षण भी किया गया है, जो यह दर्शाता है कि भारतीय रेलवे अब तेज रफ्तार और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसके अलावा डीडीयू से झाझा के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन बिछाने की भी योजना पर काम चल रहा है जिसकी अनुमानित लागत लगभग 17 हजार करोड़ रुपये बताई जा रही है। वहीं फतुहा से किऊल तक के प्रोजेक्ट को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। कुल मिलाकर कोइलवर में बनने वाला यह फोरलेन रेल ब्रिज बिहार के रेलवे नेटवर्क के लिए गेमचेंजर साबित हो सकता है जिससे न सिर्फ ट्रेनों की क्षमता बढ़ेगी बल्कि यात्रा भी तेज और सुगम हो जाएगी।

C M Y K

# टैक्स कलेक्शन में उछाल, बिहार का राजस्व 43,324 करोड़ पहुंचा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** वाणिज्य कर विभाग के मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने गुरुवार को कहा कि विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 में जीएसटी, वैट और अन्य स्रोतों से प्राप्त राजस्व को मिलाकर 43,324 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड राजस्व संग्रह किया है। कर भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राजस्व संग्रह की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 में 43,324.79 करोड़ रुपये का संग्रह किया है जो पिछले वर्ष से 4.09 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। विभाग ने पिछले वर्ष 2024-25 में 41,623.96 प्रतिशत का संग्रह किया था। सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि 43,324.79 करोड़ रुपये के राजस्व संग्रह में से विभाग ने अकेले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के मद में 32,801 करोड़ रुपये जुटाए हैं जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में एकत्र किए गए राजस्व से 11.7 प्रतिशत अधिक है। बाद में केंद्र सरकार ने आईजीएसटी बैलेंस में हुई कमी को पूरा करने के लिए 724 करोड़ रुपये की कटौती की जिससे राज्य का जीएसटी संग्रह घटकर 32,077.22 करोड़ रुपये रह गया। इस कटौती के बावजूद राज्य में जीएसटी संग्रह में 9.20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि राष्ट्रीय जीएसटी वृद्धि 6 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि जीएसटी संग्रह वृद्धि में बिहार देश के चौथे स्थान पर है। श्री यादव ने बताया कि उपभोक्ता वस्तुओं सहित कई वस्तुओं पर जीएसटी स्लैब में कमी के बावजूद विभाग ने उच्च सकल संग्रह हासिल किया है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य ने वित्त वर्ष 2025-26 में 2024-25 की तुलना में सभी नकद संग्रह (एसजीएसटी, सीजीएसटी, आईजीएसटी और उपकर) में 10.60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने कहा कि बिहार की वृद्धि कर्नाटक के बाद दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि यह अंतिम आंकड़े हैं क्योंकि पेशा कर के कारण संग्रह में वृद्धि हो सकती है जिसके आंकड़े थोड़ी देरी से प्रदर्शित होंगे। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी और विधानसभा चुनावों के बावजूद रिकॉर्ड राजस्व संग्रह के मामले में विभाग ने सराहनीय काम किया है।




## नीतीश आधुनिक बिहार के विश्वकर्मा : राजीव रंजन प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने नीतीश कुमार को आधुनिक बिहार का विश्वकर्मा बताते हुए कहा कि एक समय विफल राज्य माने जाने वाले बिहार को उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प, कालजयी और युगांतकारी निर्णयों के बल पर एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य में परिवर्तित कर दिया है। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि आज बिहार विकसित राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और ऐसे समय में राज्य को नीतीश कुमार के नेतृत्व की कमी लंबे समय तक महसूस होगी। उन्होंने कहा कि बिहार के कायाकल्प के शिल्पकार के रूप में नीतीश कुमार ने विकास का समावेशी मॉडल तैयार किया जिसके माध्यम से समाज के सभी वर्गों के विकास, रोजगार सृजन और आधारभूत संरचना के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में अब औद्योगीकरण की प्रक्रिया भी तेज हो रही है जो बिहार की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगी। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने जो विकास की गति पकड़ी है वह आने वाले समय में राज्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

## वामसी राम मोहन बुर्रा ने पावरग्रिड के सीएमडी का पदभार संभाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली/पटना।** वामसी राम मोहन बुर्रा ने पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (पावरग्रिड), विद्युत मंत्रालय के अधीन एक महारत्न सार्वजनिक उपक्रम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया है। इस पद पर पदोन्नति से पूर्व वह पावरग्रिड में निदेशक (परियोजना) के रूप में कार्यरत थे। एक कुशल इंजीनियरिंग पेशेवर के रूप में श्री वामसी इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। उन्होंने प्लानिंग एवं प्रोजेक्ट मैनेजमेंट में पीजी डिप्लोमा के साथ-साथ मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम से प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने हार्वर्ड मैनेज मेंटर प्रोग्राम तथा इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद में उन्नत प्रबंधन कार्यक्रमों के माध्यम से अपने नेतृत्व कौशल को और सुदृढ़ किया है। श्री वामसी वर्ष 1993 में पावरग्रिड में शामिल किए गए एग्जीक्यूटिव ट्रेनीज के प्रथम बैच से संबंधित हैं जो संगठन के नेतृत्व विकास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। विद्युत पारेषण और टेलीकॉम सेक्टर में 33 वर्षों से अधिक के समृद्ध और विविध अनुभव के साथ श्री वामसी ने पावरग्रिड में क्षेत्रीय और कॉर्पोरेट स्तर पर कई महत्वपूर्ण लीडरशिप, नीति निर्धारण और रणनीतिक भूमिकाएं निभाई हैं। उनकी पेशेवर विशेषज्ञता परियोजना, प्रोक्योरमेंट, कमर्शियल, रेगुलेटरी मामलों, परिसंपत्ति प्रबंधन और टेलीकॉम जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विस्तृत है। वे पावरग्रिड के रेगुलेटरी सेल के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे हैं।

## गुड फ्राइडे ईसाई धर्म का सबसे पवित्र दिन : डॉ. प्रेम कुमार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गुड फ्राइडे पर यीशु मसीह के अमर बलिदान को नमन करते हुए कहा कि गुड फ्राइडे ईसाई धर्म का सबसे पवित्र दिन है। उन्होंने कहा कि यह दिन पश्चाताप, उपवास और प्रार्थना के लिए समर्पित है। गुड फ्राइडे हमें सिखाता है कि सच्चा प्रेम सर्वोच्च बलिदान में व्यक्त होता है। यह दिवस हमें प्रेरणा देता है कि जीवन की कठिनाइयां हमें तोड़ती नहीं, बल्कि हमें निखारती हैं।

## उद्योग विभाग ने प्रशिक्षु आइएएस अधिकारियों को दिया औद्योगिक विकास का प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** उद्योग विभाग द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 बैच के 12 परिक्ष्यमान पदाधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग के सचिव, बिहार फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट अथॉरिटी के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार ने प्रशिक्षु अधिकारियों को विभाग की कार्यप्रणाली, दायित्वों एवं विभिन्न प्रशासनिक आयामों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रभावी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी प्रशासन के महत्व पर बल दिया तथा जन-केंद्रित एवं परिणामोन्मुख दृष्टिकोण अपनाने का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण सत्र में विभाग की संरचना, इसके अंतर्गत संचालित निदेशालयों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों की कार्यप्रणाली, विभिन्न शाखाओं के दायित्व एवं कार्य वितरण से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही विभागीय योजनाओं के वित्तीय प्रबंधन, क्रियान्वयन तंत्र, ऑडिट एवं लेखा प्रक्रियाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर उद्योग विभाग की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि विभाग राज्य में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने, उद्योग स्थापना को सुगम बनाने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने तथा निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रशिक्षु अधिकारियों को राज्य में विकसित की जा रही प्रमुख औद्योगिक परियोजनाओं–इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, विशेष आर्थिक क्षेत्र एवं विभिन्न औद्योगिक पार्कों की जानकारी दी गई। इन पहलों के माध्यम से बिहार को विनिर्माण, निर्यात एवं निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही राज्य सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीतियों, जैसे बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति, बिहार सेमीकंडक्टर पॉलिसी तथा सेक्टर-विशिष्ट नीतियों (टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, आईटी/ईएसडीएम आदि) के बारे में भी जानकारी दी गई जिनके माध्यम से उद्योगों को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न सुविधाएं एवं प्रोत्साहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## विधान सभा की निवेदन समिति का गठन, त्रिविक्रम हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विधान सभा की निवेदन समिति का गठन कर दिया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार बिहार विधान सभा अध्यक्ष ने प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 292 (घ) (1) के तहत इस समिति का गठन किया है। समिति में कुल 15 सदस्यों को शामिल किया गया है। समिति के सभापति के रूप में सिद्धार्थ सौरव को नामित किया गया है। अन्य सदस्यों में कृष्ण कुमार मंटू, सुधांशु शेखर, रामविलास कामत, कुंदन कुमार, शालिनी मिश्रा, मीना कुमारी, कुमार प्रणय, अजय कुमार, त्रिविक्रम नारायण सिंह, अमरेन्द्र कुमार, प्रकाश चंद्र, अनीता, रोमित कुमार और साम्रीद वर्मा को शामिल किया गया है। अधिसूचना में यह भी उल्लेख किया गया है कि सिद्धार्थ सौरव समिति के सभापति होंगे तथा सभा सचिव इस समिति के सचिव के रूप में कार्य करेंगे। समिति का कार्यकाल 31 मार्च 2027 तक निर्धारित किया गया है। यह अधिसूचना बिहार विधान सभा के अध्यक्ष के आदेश से प्रभारी सचिव द्वारा जारी की गई है।

# दक्षिण पूर्व रेलवे ने सभी क्षेत्रों में हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धियां

### माल ढुलाई, यात्री सेवाओं, तकनीकी उन्नयन और आधारभूत संरचना विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में माल ढुलाई, यात्री सेवाओं, तकनीकी उन्नयन और आधारभूत संरचना विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। कोलकाता में जारी आंकड़ों के अनुसार इस अवधि में रेलवे का समग्र प्रदर्शन कई मानकों पर मजबूत रहा। वित्तीय वर्ष के दौरान दक्षिण पूर्व रेलवे ने 210.41 मिलियन टन माल लदान किया जिससे 18,32.44 करोड़ रुपये की आय अर्जित हुई। वहीं उद्गम यात्रियों से 2961.20 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई और टिकट जांच से 104.05 करोड़ रुपये का राजस्व मिला। गैर-भाड़ा राजस्व से 30.57 करोड़ रुपये तथा कैटरिंग सेवाओं से 184 करोड़ रुपये की आय हुई। पार्किंग से भी 13.75 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। इस दौरान कुल 220.36 मिलियन उद्गम यात्रियों ने यात्रा की। तकनीकी क्षेत्र में रेलवे ने मेधा रेखा परिवर्तक मॉड्यूल की पहली बार विभागीय मरम्मत कर प्रति इकाई लगभग 9 लाख रुपये की बचत की। 41 इंजनों में चालक कक्ष में वातानुकूलन की सुविधा दी गई जबकि 23 इंजनों में बिना जल वाले मूत्रालय लगाए गए। 6 इंजनों में स्वदेशी टक्कर-निवारण प्रणाली स्थापित की गई और प्रशिक्षण यंत्र भी लगाए गए। वर्ष के दौरान 101 नए विद्युत इंजन चालू किए गए जिससे कुल विद्युत इंजनों की संख्या 1566 हो गई जिसमें 1166 त्रि-चरणीय इंजन शामिल हैं, जो भारतीय रेल में सर्वाधिक है। यात्री सुविधाओं के विस्तार के तहत कांड्रा और घाटशिला में दो नए विश्राम गृह शुरू किए गए। 173 ट्रैक किलोमीटर पुराने विद्युत तार बदले गए जो पिछले वर्ष की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक है। मनोहरपुर और भांजपुर में दो नए कर्षण विद्युत उपकेंद्र चालू किए गए जबकि 99.205 ट्रैक किलोमीटर नई 25 केवी एसी विद्युत लाइन सक्रिय की गई। साथ ही 7.18 मेगावाट क्षमता की छत पर सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित की गई। यात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न स्टेशनों पर 16 स्वचालित सीढ़ियां और 20 लिफ्ट लगाए गए। निष्प्रयोज्य डीजल इंजनों के निपटान से 49.74 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई। सुरक्षा के क्षेत्र में 156 मार्ग किलोमीटर में स्वचालित ब्लॉक संकेत प्रणाली लागू की गई, 14 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित की गई तथा 29 समपार फाटकों को इंटरलॉक किया गया। इसके अलावा 115 समेकित विद्युत आपूर्ति प्रणालियां स्थापित की गईं और 738 पुराने प्वाइंट्स को नए यंत्रों से बदला गया। परिचालन के क्षेत्र में 1365 विशेष ट्रेनें चलाई गईं। 9 ट्रेनों के 16 रेक को पारंपरिक कोच से उन्नत कोच में बदला गया, जबकि 4 ट्रेनों के 9 रेक का मानकीकरण किया गया। 39 डाक एवं एक्सप्रेस ट्रेनों की गति 110 से बढ़ाकर 130 किलोमीटर प्रति घंटा की गई। इसके अलावा 5 नई ट्रेनें शुरू की गईं जो यहीं से प्रारंभ और समाप्त होती हैं। कोचों की संख्या बढ़ाने के लिए 2964 अस्थायी और 74 स्थायी डिब्बों की वृद्धि की गई। मानव संसाधन के क्षेत्र में रेलवे भर्ती बोर्ड, रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ और अनुकंपा के आधार पर कुल 3182 भर्तियां की गईं। इन उपलब्धियों के साथ दक्षिण पूर्व रेलवे ने वर्ष 2025-26 में विकास, आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की है।

## शीतला माता मंदिर मघड़ा धार्मिक न्यास पर्षद से निबंधित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने गुरुवार को नालंदा जिले के दीपनगर थाना स्थित मघड़ा गांव में स्थित श्री शीतला माता मंदिर को बिहार हिंदू धार्मिक न्यास अधिनियम 1950 की धारा 34 के अंतर्गत निबंध सार्वजनिक धार्मिक न्यास के रूप में निबंध किया है जिसकी निबंधन संख्या 4902 /2026 है। इस संदर्भ में बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष प्रो रणवीर नंदन के हस्ताक्षर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना में बताया गया है कि उपरोक्त न्यास के कुशल संचालन एवं सम्यक व्यवस्था के लिए बिहार हिंदू धार्मिक न्यास अधिनियम 1950 की धारा 33 के अंतर्गत अनुमंडल पदाधिकारी बिहार शरीफ जिला नालंदा को तत्काल प्रभाव से अस्थाई न्यास धारी नियुक्त किया गया है।

## पीडब्ल्यू ने बिहार बोर्ड के दसवीं और बारहवीं के टॉपर छात्रों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने बिहार बोर्ड की कक्षा 10 और 12 के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अपने बिहार बोर्ड वाला से जुड़े मेधावी छात्रों को पटना में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों को सराहा गया। कक्षा 12 में साक्षी कुमारी और सपना कुमारी ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया जबकि पलक कुमारी ने 95 प्रतिशत के साथ राज्य में पांचवां स्थान प्राप्त कर टॉप स्कोरर्स में जगह बनाई। वहीं कक्षा 10 में प्रेरणा कुमारी ने 97.2 प्रतिशत के साथ राज्य में पांचवां स्थान और रौशन कुमार ने 97 प्रतिशत के साथ छठा स्थान हासिल किया जिससे वे भी टॉप प्रदर्शन करने वाले छात्रों में शामिल हुए। कक्षा 12 के 70 से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए जबकि कक्षा 10 के करीब 100 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। यह पीडब्ल्यू के बिहार बोर्ड वाला से जुड़े छात्रों के लगातार अच्छे प्रदर्शन को दर्शाता है। यह छात्रों को कॉन्सेप्ट पर आधारित पढ़ाई, प्रैक्टिस मटेरियल और रिवीजन सपोर्ट के माध्यम से व्यवस्थित शैक्षणिक सहायता प्रदान करने पर केंद्रित रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) के संस्थापक और सीईओ अलख पांडेय ने कहा कि ये परिणाम छात्रों की मेहनत को दर्शाते हैं। बोर्ड परीक्षा की तैयारी एक लंबी प्रक्रिया होती है और हमने इसे आसान बनाने के लिए व्यवस्थित कंटेंट और नियमित अभ्यास पर ध्यान दिया है। इससे छात्रों को पढ़ाई में स्पष्टता मिलती है और इसे अच्छे परिणामों में बदलते देखना उत्साहजनक है।

## श्री खाटूश्याम पधारो पटना धाम संस्था के भंडारे में लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम द्वारा प्रत्येक माह भंडारे का आयोजन किया जाता है। आज देवी स्थान जहाजी कोठी के समीप विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 1100 से 1200 लोगों ने कचौड़ी, सब्जी, बुंदिया, रायता का प्रसाद ग्रहण किए। एम पी जैन ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य संस्थापक कन्हैया अग्रवाल कन्नू, राजेन्द्र मित्तल, संजय भालोठिया, आनंद डालमिया, मुकेश हिसारिया, जितेन्द्र कुमार जीतू, संजय टेकरीवाल, गोपी मित्तल, नंदकिशोर अग्रवाल, पवन शर्मा, अनुज गुप्ता, सुनील कनोड़िया, केशव अग्रवाल, गोपी तुलस्यान, राजेश बजाज, सज्जन चौधरी, मोनू, विनय बजाज, शुभम सर्राफ, अजय शर्मा, रिषभ अग्रवाल, सतीश खेमानी, विनोद थीरानी, कमलेश कुमार सिंह सहित श्री श्याम मंडल, श्री श्याम सेवा ट्रस्ट, श्री खाटू श्याम सेना, एकादशी निशान पूजा समिति, श्री श्री बालाजी सुंदर कांड समिति के सभी सदस्यों की भागीदारी रही।

## ऑटिज्म को लेकर उत्कर्ष सेवा संस्थान के दिव्यांग बच्चों ने किया जागरुक : मनीषा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** विश्व ऑटिज्म दिवस के उपलक्ष्य पर उत्कर्ष सेवा संस्थान ने जागरूकता मार्च निकाली। संस्थान के दिव्यांग बच्चों ने जगह-जगह पम्पलेट का वितरण किया। साथ ही विश्व ऑटिज्म दिवस के अवसर पर बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से विभिन्न स्लोगन लिखकर जन-जागरुकता लाने का प्रयास किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ऑटिज्म के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और प्रभावित बच्चों के प्रति संवेदनशीलता व समावेशिता को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर संस्था की सचिव मनीषा कृष्णा ने कहा कि ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर की शुरुआती पहचान, समय पर हस्तक्षेप और उचित देखभाल जरुरी है। ऑटिज्म के प्रति जागरुकता जरुरी है। ऑटिज्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक न्यूरोडेवलपमेंटल स्थिति है जिसे समझने और स्वीकार करने की आवश्यकता है। यदि समय रहते इसके लक्षणों की पहचान कर उचित हस्तक्षेप किया जाए तो बच्चे बेहतर जीवन जी सकते हैं। समाज को ऐसे बच्चों के प्रति संवेदनशील और सहयोगी बनना होगा, तभी हम एक सच्चे समावेशी समाज का निर्माण कर पाएंगे। यही वजह है कि हमारे संस्थान के बच्चों ने कई जगहों पर पोस्टर बांटे और लोगों को इसकी जटिलता से अवगत कराया है। इस अवसर पर एक रैली निकाली गयी जिसके माध्यम से डॉ मनीषा कृष्णा, आशा कुमारी, हेमंत कुमार, अवजीत कुमार, ज्योति कुमारी धनंजय गिरी, साथ ही अभिभावकों ने भी ऐसे बच्चों को समाज में सहभागिता दिलाने का संकल्प लिया।

## शक्तिधाम में हनुमान जयंती पर सुन्दरकाण्ड पाठ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** शक्तिधाम मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर सुंदरकांड का पाठ हुआ तथा सवा मन लड्डू का प्रसाद चढ़ाया गया। मौके पर शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि हनुमान जयंती चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। माना जाता है कि इसी दिन हनुमानजी का जन्म हुआ था। इस दिन श्री हनुमान जी की भक्ति पूर्वक आराधना करनी चाहिए। मौके पर शक्तिधाम महिला मंडल की सैकड़ों महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से बड़े हीं भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड का पाठ किया गया। शक्तिधाम मंदिर में भक्तजनों का तांता लगा रहा। आज की पूजा के मुख्य यजमान जय प्रकाश तोदी थे। प्रातः शक्तिधाम में आज हनुमानजी का विशेष श्रृंगार किया गया, सवा मन लड्डू का प्रसाद चढ़ाया गया तथा महिलायें भक्तिभाव से हनुमान जी की आरती कर रही थी। मौके पर पंडित जी ने बताया कि माना जाता है कि महाभारत युद्ध के समय अर्जुन के रथ का ध्वज थाम कर महावीर हनुमान बैठे थे। इसी कारण तीखे वाणों से भी अर्जुन का रथ पीछे नहीं होता था और संपूर्ण युद्ध के दौरान अर्जुन के रथ का ध्वज लहराता रहा। मौके पर शक्तिधाम के सचिव अक्षय अग्रवाल ने बताया कि सुंदरकांड पाठ के बाद भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य भूमिका अमर अग्रवाल, रमेश मोदी, अक्षय अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, विमल माधोगाड़िया, रोशन सर्राफ, दीपक भुवानिया, मनोज अग्रवाल, मुन्नाजी तथा शक्तिधाम के अन्य पदाधिकारियों की रही।

## नाबार्ड योजना से बिहार के एक हजार से अधिक ग्रामीण पुल व 4800 किमी सड़कें बनकर तैयार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नदियों, नालों और खस्ताहाल पगडंडियों के कारण दशकों से मुख्यधारा से कटे बिहार के सुदूर गांवों की स्थिति अब तेजी से बदल रही है। ग्रामीण कार्य विभाग ने राज्य योजना (नाबार्ड) के तहत सम्पर्कता का एक ऐसा व्यापक नेटवर्क तैयार किया है जिसने न केवल गांवों की दूरियों को मिटाया है बल्कि नदियों के कारण होने वाली आवागमन की पुरानी बाधाओं को भी हमेशा के लिए दूर कर दिया है। राज्य में केवल पक्की सड़कों का जाल ही नहीं बिछाया जा रहा है, बल्कि सुगम सम्पर्कता के लिए पुलों का भी निर्माण किया गया है। इस योजना के धरातल पर उतरने से अब लोगों का आवागमन मौसम पर निर्भर नहीं है। इस योजना के अंतर्गत अबतक पूरे राज्य में 2,021 ग्रामीण सड़कों और 1,271 पुलों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी जिसको लेकर विभाग ने तत्परता दिखाते हुए अबतक 1,898 सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है जिससे राज्य भर में 4,845 किलोमीटर लंबे सुदृढ़ पक्के मार्ग तैयार हुए हैं। सड़कों के निर्माण में नालंदा जिला में सबसे बेहतर कार्य हुआ है जहां सर्वाधिक 203 पथों (370 किलोमीटर को आम जनता को समर्पित किया जा चुका है। इसके साथ ही राजधानी पटना के ग्रामीण इलाकों में 157 सड़कें (329 किलोमीटर), गया में 120 सड़कें (355 किलोमीटर) और मुंगेर में 149 सड़कें (203 किलोमीटर) बनकर पूरी तरह तैयार हो चुकी हैं।

## उच्च मूल्य बागवानी से बदलेगा बिहार का कृषि परिदृश्य : राम कृपाल यादव

### हल्दी-अदरक-ओल से बढ़ेगी किसानों की आय, सरकार दे रही प्रोत्साहन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार राज्य में फसल विविधीकरण को गति देते हुए हल्दी, अदरक एवं ओल जैसी उच्च-मूल्य वाली उद्यानिकी फसलों को विशेष प्रोत्साहन दे रही है। इसका उद्देश्य छोटे एवं सीमांत किसानों को कम क्षेत्र और अपेक्षाकृत कम निवेश में बेहतर आय के अवसर उपलब्ध कराना है। इस पहल को लेकर राज्य के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने गुरुवार को कहा है कि राज्य की जलवायु एवं मिट्टी इन फसलों के लिए अत्यंत अनुकूल है। यह पहल विशेष रूप से गरीब परिवारों, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा ग्रामीण युवाओं के लिए सम्मानजनक, घर के नजदीक और टिकाऊ आजीविका का मजबूत माध्यम बन रही है। उन्होंने बताया कि सरकार उन्नत रोपण सामग्री, आधुनिक उत्पादन तकनीक, प्रशिक्षण, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन तथा बाजार से जोड़ने की मजबूत व्यवस्था विकसित कर रही है, ताकि किसानों को बेहतर लाभ मिल सके। हल्दी औषधीय एवं मसाला फसल के रूप में अदरक निरंतर बाजार मांग के कारण तथा ओल कम लागत में बेहतर प्रतिफल देने वाली फसल के रूप में किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी विकल्प हैं। इन फसलों को अपनाने से खेती में विविधता आएगी जिससे जलवायु परिवर्तन के जोखिम को कम करते हुए किसानों की आय अधिक स्थिर और सुरक्षित बनेगी। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि बिहार सरकार की प्राथमिकता है कि किसान केवल उत्पादनकर्ता न रहें, बल्कि मूल्य संवर्धन और बाजार से जुड़कर समृद्ध कृषि उद्यमी बनें। हल्दी, अदरक और ओल जैसी फसलें कम क्षेत्र में अधिक आमदनी, कम जोखिम और बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करती हैं।

### डीएम की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक

# आपसी सौहार्द, प्रशासनिक तत्परता से पर्व शांतिपूर्ण संपन्न होना गर्व की बात : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय शांति समिति की डी-ब्रीफिंग बैठक डीआरडीए सभागार सासाराम में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम एवं डिहरी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम एवं डिहरी सहित कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान हाल ही में संपन्न रामनवमी शोभायात्रा के शांतिपूर्ण आयोजन पर सभी संबंधित विभागों, शांति समिति के सदस्यों एवं आमजन के सहयोग की सराहना की गई। साथ ही पूरी तरह से ढोल नगाड़े पर निकली तकिया की शोभायात्रा की सराहना की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि आपसी सौहार्द, प्रशासनिक तत्परता और नागरिकों की सजगता के कारण पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जो जिले के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर जिला स्तरीय शांति समिति एवं नगर पूजा समिति के सदस्यों को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में मो. अखलाख अहमद रिजवी, सरदार सुचीत सिंह उर्फ पप्पू, सत्य नारायण स्वामी, प्रो. गुरुचरण सिंह, संजय कुमार सिंह उर्फ बालाजी, मो. शाहनवाज खान, शौकत अली खान, विनय प्रकाश, मदन प्रसाद वैश्य, मो. गुलाम मुस्ताफा, अशोक कुमार, राम इकबाल सिंह, डॉ. सरोज कुमार, कमलेश महतो, संदीप सोनी, सरदार मानिक सिंह, मुरारी सिंह एवं संजय कुमार गुप्ता शामिल रहे। इसके अतिरिक्त नगर पूजा समिति सासाराम के महामंत्री संतोष कुमार, अध्यक्ष डॉ शिवनाथ चौधरी एवं उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी रजनीश कुमार वर्मा को भी सम्मानित किया गया। वहीं हिन्दू सेवा दल के सदस्यों को भी उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रशासन और समाज के सभी वर्गों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार समन्वय और सतर्कता बनाए रखने की अपील की।

## जिलाधिकारी ने किया इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** शिक्षा विभाग, कैमूर के तत्वावधान में समाहरणालय स्थित मां मुण्डेश्वरी सभागार में 'प्रतिभा सम्मान समारोह 2026' का आयोजन किया गया। इस समारोह में जिला पदाधिकारी कैमूर द्वारा इण्टरमीडिएट एवं मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 में जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में विभिन्न संकायों के जिला टॉपरों को पुरस्कृत किया गया जिनमें मुख्य रूप से निम्नलिखित परीक्षार्थी शामिल रहे- इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 (टॉपर्स)- कलाः पूर्वी कुमारी (92.80%) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शुभम प्रसाद (92.60%) दूसरे और रोशनी गुप्ता (92.40%) तीसरे स्थान पर रहे। वाणिज्यः सपना राय (85.60%) जिला टॉपर बनी हैं। देव श्रीवास्तव और माही केशरी (85.20%) संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। विज्ञान : सुहाना कुमारी ने 93.80% अंकों के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सुहानी सिंह (91.00%) दूसरे और काजल कुमारी व नीमा कुमारी (90.80%) संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही हैं। मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 (टॉपर्स)-विकास कुमार गुप्ता ने 97.20% (486 अंक) प्राप्त कर मैट्रिक परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। श्वेता कुमारी, सुजाता कुमारी और पल्लवी पाण्डेय (96.40%) ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया है। मोहम्मद गौहर अंसारी (96.20%) जिले में तीसरे स्थान पर रहे।

## डीएम ने छह आम नागरिकों से किया दैनिक साक्षात्कार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह ने गुरुवार को छह आम नागरिकों से दैनिक साक्षात्कार किया। साक्षात्कार के क्रम में आवेदक मोती प्रसाद पिता स्व. जगनारायण प्रसाद पता-शाहपुर पो.-मुरैसराय थाना-शिवसागर के द्वारा बैंक से फर्जी तरीके से 30000 रूपये निकासी के संबंध में शिकायत पत्र दिया गया जिसे शीघ्र ही जांच कर कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक रोहतास को अग्रसारित किया गया। आवेदक सरोज कुमार गैर सरकारी चालक प्रखंड कार्यालय नोखा के द्वारा गैर सरकारी चालक पद से हटाने के संबंध में आवेदन पत्र दिया गया जिसका निष्पादन हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी रोहतास को निदेशित किया गया। आवेदक सुरेन्द्र बैठा पिता स्व सूर्यवंश बैठा ग्राम गिरधरिया पो.थाना-शिवसागर के द्वारा भूमि बंदोबस्ती करने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे अविलम्ब निष्पादन हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी रोहतास को अग्रसारित किया गया। इसी प्रकार शेष सभी शिकायतों के निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेशित किया गया।

## मोहनियां में कांग्रेस ने किया मोदी-पेट्रोलियम मंत्री का पुतला दहन

### एलपीजी गैस किल्लत पर महागठबंधन का विरोध प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले के मोहनियां शहर के चांदनी चौक पर महागठबंधन के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पेट्रोलियम मंत्री का पुतला दहन किया। चल रही एलपीजी गैस की भारी किल्लत को लेकर कांग्रेस ने जोरदार हल्ला बोल किया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि गरीबों के घर गैस सिलेंडर नहीं पहुंच रहा जबकि अमीरों के घर में गैस जल रही है। कैमूर जिले के कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया फरवरी में आखिरी बार गैस मिला था, उसके बाद अभी तक सिलेंडर नहीं मिल रहा है। मोहनियां के डड़वा का डीलर खुलेआम 5 हजार रुपये में ब्लैक में गैस बेच रहा है जिससे आम जनता परेशान है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि विपक्ष पहले से चेतावनी दे रहा था कि खाड़ी देशों में युद्ध की आशंका है, इसलिए अन्य देशों से सामंजस्य बनाया जाए, लेकिन प्रधानमंत्री इजराइल यात्रा पर गए और दो दिन बाद ही युद्ध शुरू हो गया जिससे ईरान से भारत के संबंध प्रभावित हुए। परिणामस्वरूप गैस आपूर्ति प्रभावित हुई और जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कार्यकर्ताओं ने जनता से अपील किया कि वे इस मुद्दे पर सजग हों और सरकार से उचित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग करें।

## निमियाडीह चौक पर चैता दुगोला कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड के हुरका पंचायत अंतर्गत निमियाडीह चौक पर चैता दुगोला कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। इस सांस्कृतिक आयोजन में स्थानीय कलाकारों और गायकों द्वारा पारंपरिक चैता गीतों की प्रस्तुति दी जा रही है जिसे देखने और सुनने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और दर्शक जुटे हैं। कार्यक्रम के आयोजन से पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया है। मंच से एक से बढ़कर एक लोकगीत प्रस्तुत किए जा रहे हैं जिन पर दर्शक झूमते नजर आ रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम देर रात तक चलेगा जिसमें विभिन्न कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन से क्षेत्र की लोक परंपराओं को बढ़ावा मिलता है और लोगों को मनोरंजन का भी अवसर मिलता है।

## परशुराम जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** आगामी 19 अप्रैल 2026 को भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव (अक्षय तृतीया) मनाया जाएगा। जिले में इस पावन अवसर को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। भभुआ के अखलाशपुर में राष्ट्रीय परशुराम सेना की महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें शोभा यात्रा एवं समग्र कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में परशुराम सेना के पदाधिकारियों ने भव्य शोभा यात्रा निकालने, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने और स्थानीय स्तर पर जागरूकता फैलाने की योजना बनाई। बैठक में शामिल सदस्यों ने भगवान परशुराम की शिक्षाओं–धर्म रक्षा, दुष्ट दमन और ब्राह्मण सम्मान–को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। विनोद तिवारी, अध्यक्ष, परशुराम सेना ने कहा परशुराम जन्मोत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति और क्षत्रिय-ब्राह्मण परंपरा का प्रतीक है। हम पूरे जिले में भव्य शोभा यात्रा निकालेंगे ताकि युवा पीढ़ी को भगवान परशुराम के आदर्शों से जोड़ा जा सके। परशुराम सेना के कार्यकर्ता अब विभिन्न गांवों और वार्डों में बैठकें कर रहे हैं। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, प्रवचन और सामूहिक पूजा का भी आयोजन होगा। स्थानीय प्रशासन से अनुमति लेने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जिले के धर्मप्रेमी नागरिक इस पर्व को भव्यता से मनाने के लिए उत्साहित हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक जागरण का माध्यम बनेगा।

## 90 दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 90 युवाओं को मिले रोजगार के अवसर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कल्याणपुर (रोहतास)।** डालमिया इंस्टीट्यूट ऑफ नॉलेज एंड स्किल हार्नेसिंग, कल्याणपुर में प्रमाण पत्र वितरण एवं जॉब ऑफर समारोह का भव्य आयोजन किया गया जिसमें 90 दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 90 युवाओं को प्रमाण पत्र एवं रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु नाबार्ड द्वारा 60 अभ्यर्थियों के लिए डालमिया भारत फाउंडेशन को वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया था। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत 60 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही 30 जनरल ड्यूटी असिस्टेंट (स्वास्थ्य) एवं 30 असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन अभ्यर्थियों को उनके कार्य में सहयोग हेतु टूलकिट भी वितरित किए गए। समारोह में 30 जनरल ड्यूटी असिस्टेंट (स्वास्थ्य), 30 असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन एवं 30 डोमेस्टिक डेटा एंट्री ऑपरेटर सहित कुल 90 अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। सभी को 14,000 से 22,000 प्रतिमाह वेतनमान के साथ जॉब ऑफर प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नाबार्ड, क्षेत्रीय कार्यालय पटना के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक भोला प्रसाद सिंह, जिला विकास प्रबंधक सुनील कुमार, रोहतास सीमेंट वर्क्स के प्लांट एचआर हेड संजय कुमार झा एवं सुरभि क्लब की अध्यक्ष अंशु तिवारी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह एवं सुरभि क्लब की अध्यक्ष अंशु तिवारी द्वारा ग्राम परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत माइक्रो एंटरप्राइज पहल के तहत आरओ वाटर प्लांट एवं ई-रिक्शा का उद्घाटन किया गया जो ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अपने संबोधन में अंशु तिवारी ने डालमिया भारत फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए अभ्यर्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नाबार्ड के अधिकारियों भोला प्रसाद सिंह एवं सुनील कुमार ने भी संस्था द्वारा ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगार सृजन में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। रोहतास सीमेंट वर्क्स के प्लांट एचआर हेड संजय कुमार झा ने कहा कि डालमिया भारत फाउंडेशन समहूता, बंजारी एवं बकनौरा ग्राम पंचायतों में समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्य जारी रहेंगे। मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नाबार्ड भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को निरंतर समर्थन देता रहेगा। उन्होंने अतिरिक्त बैचों के संचालन, संचालन लागत में सहयोग एवं अन्य विकासात्मक परियोजनाओं में भी सहयोग देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। अब तक डालमिया भारत फाउंडेशन द्वारा कुल 570 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार से जोड़ा जा चुका है। यूनिट हेड अशुतोष कुमार तिवारी ने कहा कि डालमिया भारत फाउंडेशन रोहतास सीमेंट वर्क्स के आसपास के समहूता, बंजारी एवं बकनौरा ग्राम पंचायतों में समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## साम्प्रदायिक सद्भवना बिगाड़ने में पांच गिरफ्तार : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना के बारह पत्थर में रामनवमी जुलूस के दौरान सांप्रदायिक सद्भावना बिगड़ने के प्रयास में पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार बजरंग दल का रामनवमी कमिटी, जुलूस में बारह पत्थर में डीजे पर बहुत ऊंची आवाजों में म्यूजिक बजाया जा रहा था। उस जुलूस को लाइसेंसाधारी पंकज कुमार उर्फ गोपी, चन्दन कुमार, धर्मवीर हिन्दू एवं जुलूस में 39 नामजद समेत 400 अज्ञात लोग शामिल थे जिसे चिन्हित किया गया। उन्होंने बताया कि बारह पत्थर में शोभा यात्रा में साम्प्रदायिक सद्भावना बिगाड़ने को आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया जिससे सद्भवना की सम्भवना बन गई। वहां तैनात दंडधिकारी व पुलिस बल ने किसी तरह मामले को शांति बनाया। इस संबंध में तैनात दण्डधिकारी के बयान पर सीसीटीवी से चिन्हित कर 39 नामजद समेत 400अज्ञात पर प्राथमिकी किया गया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार इस मामले में सरोज कुमार, ऋषि कुमार, अमन कुमार, प्रिंस कुमार, गोलू कुमार को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## श्रद्धा और भक्ति के साथ मना हनुमान जन्मोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के ओझा बिगहा स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में पवनसुत बजरंगबली का जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा और पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात अखंड कीर्तन का समापन किया गया। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। इस धार्मिक आयोजन में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अजय ओझा सहित प्रमोद कुमार सिंह, जवाहर सिंह, अशोक ओझा, जयप्रकाश गोस्वामी, विनोद ओझा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## नाबालिक भगाने को लेकर प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले से एक 12 वर्षीय किशोरी को भागने की प्राथमिकी औरंगाबाद जिले के बारुन थाना क्षेत्र के नागेश्वरपुर निवासी चंदन कुमार पर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सेवानिवृत्त प्रो. शंभू शरण सिंह को दी गयी भावभीनी विदाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय महिला कॉलेज, डालमियानगर के इतिहास विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. शंभू शरण सिंह के सेवानिवृत्ति पर बुधवार को भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उनके चार दशक लंबे शैक्षणिक योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. हरेंद्र कुमार सिन्हा ने किया। उन्होंने डॉ. सिंह के 40 वर्षों के समर्पित सेवाकाल की विस्तार से चर्चा करते हुए उनके योगदान को प्रेरणादायक बताया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार तथा वीकेएसयू के मानविकी संकाय के डीन डॉ. शंभू शभू शर्मा ने डॉ. सिंह की लंबी और विशिष्ट सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें एक महान शिक्षाविद् बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के विकास में उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा।

## हनुमान जी के जन्मोत्सव पर भजन कीर्तन कर प्रसाद का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** क्षेत्र के दावथ प्रखंड में श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर श्री राम जानकी मंदिर दावथ एवं देवढी धाम बाबा सिद्धेश्वर नाथ के प्रांगण में आयोजित भव्य कार्यक्रम का समापन हो हुआ। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भाग लिया और भगवान हनुमान की भक्ति में डूबे रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे कलश स्थापन पूजन के साथ हुई जिसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और रामचरितमानस सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। दीप ज्योति और आरती के साथ कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान की स्तुति की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। भजन सत्संग और हवन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर दावथ श्री राम जानकी मंदिर परिसर में मनोज कुमार सिंह गांधी, सत्येंद्र सिंह, शिक्षक श्री भगवान, कृष्णा कुमार, नंदकिशोर प्रसाद गुप्ता, वार्ड पार्षद अंगद सिंह, अमित निरंजन, रवि तिवारी, रंजीत मिश्रा सहित दर्जनों लोग शामिल रहे, तो वही देवढी धाम में धर्मेंद्र पांडे के नेतृत्व में अनेकों ब्राह्मणों के साथ ग्रामीण शामिल रहे।

## चैत्र एवं बसंत के आनंद का एक सुखद अहसास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** चैत्र मास और बसंत ऋतु का संगम प्रकृति की सुंदरता का एक अनोखा उभार है जो भारतीय संस्कृति और जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह समय नए युग का आगाज करता है जहां प्रकृति अपने पूरे उभार पर होती है, फूलों की बहार होती है और वातावरण में एक अनोखी खुशबू भर जाती है। चैत्र मास जो हिंदू पंचांग का पहला महीना है, बसंत ऋतु के साथ मिलकर एक अद्भुत समा बांधता है। इस समय पेड़ों पर नए पत्ते आते हैं और फूलों की रंगीनता से सारा वातावरण रंगीन हो जाता है। बसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा कहा जाता है और चैत्र मास के साथ इसका संगम इस सुंदरता को और भी बढ़ा देता है। इस समय लोग नए साल की शुरुआत करते हैं और यह समय नए सपनों, नई उम्मीदों का होता है। चैत्र नवरात्रि और राम नवमी जैसे त्योहार इस समय मनाए जाते हैं जो हमारे सांस्कृतिक विरासत को और भी समृद्ध बनाते हैं। इन त्योहारों में लोग अपने घरों को सजाते हैं, नए कपड़े पहनते हैं और अपने प्रियजनों के साथ मिलकर खुशियों का आनंद लेते हैं।

## नारी केवल देह नहीं, बल्कि दिव्य शक्ति का प्रतीक : प्रो. दिलीप भाई पटेल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर स्थित स्थानीय महिला कॉलेज में गुरुवार को श्री अरविन्द सोसाइटी के तत्वावधान में 'स्त्री आध्यात्मिकता को धरती पर उतारती है' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुजरात से पधारे श्री अरविन्द दर्शन के ज्ञाता एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. दिलीप भाई पटेल ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। प्रो. पटेल ने कहा कि श्री अरविन्द के दृष्टिकोण में नारी केवल देह नहीं, बल्कि साक्षात दिव्य शक्ति और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि श्री अरविन्द नारी को 'दिव्य जननी' की अभिव्यक्ति मानते हैं, जो प्रेम, करुणा और शक्ति के माध्यम से उच्चतर आध्यात्मिक ज्ञान को धरती पर उतारती है और मानव चेतना के रूपांतरण की केंद्र बिंदु बनती है। उन्होंने आगे कहा कि श्री अरविन्द ने अपने महाकाव्य सावित्री में नारी को रूपांतरण की वाहक बताया है। सावित्री को उन्होंने उस दिव्य शक्ति के रूप में चित्रित किया है जो पृथ्वी पर जीवन को परिवर्तित कर मानवता को ऊंचाइयों तक ले जाती है। उनके अनुसार स्त्री अपनी आत्मिक शक्ति से आध्यात्मिक ऊर्जा को धरती पर साकार करती है जिसे श्री अरविन्द के साहित्य में 'गोल्डन ब्रिज' (स्वर्ण सेतु) के रूप में वर्णित किया गया है। प्रो. पटेल ने यह भी कहा कि नारी प्रेम और ज्ञान के माध्यम से पुरुष की अधूरी चेतना को पूर्ण करने वाली शक्ति है। उनके अनुसार सावित्री केवल एक पत्नी नहीं, बल्कि सत्य की वह शक्ति है जो मृत्यु पर भी विजय प्राप्त करती है। उन्होंने निष्कर्ष रूप में कहा कि श्री अरविन्द के दर्शन में स्त्री का आध्यात्मिक उत्थान ही मानव समाज के समग्र उत्थान और पृथ्वी पर दिव्य जीवन की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने एक डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से नारी के इस आध्यात्मिक स्वरूप को देखा जिससे वे काफी उत्साहित नजर आईं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरेंद्र कुमार एवं डॉ. उपासना ने संयुक्त रूप से किया।


**कार्यालय : जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा द्वारा गढ़वा जिले में **5HP Solar PV Water Pumping (Solar Lift Irrigation)** सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग एवं 5 वर्ष के रख–रखाव हेतु पात्र फर्मों / एजेंसियों से तकनीकी एवं वित्तीय निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

- अनुमानित लागत : 119.99560 लाख
- निविदा शुल्क : 5000 / –
- ईएमडी : 200000 / –
- मूल्यांकन पद्धति : QCBS (50:50 – गुणवत्ता एवं लागत)
- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 16.04.2026 (पूर्वाह्न 11:00)
- निविदा खोलने की तिथि : 16.04.2026 (पूर्वाह्न 11:30)
- निविदा उपलब्धता :
  जिला कृषि कार्यालय, गढ़वा एवं वेबसाईट atmagarhwa.org.in तथा garhwa.nic.in
  विस्तृत शर्तें निविदा दस्तावेज में उपलब्ध हैं। विभाग को किसी भी / सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

जिला कृषि पदाधिकारी
गढ़वा

PR 376566 Agriculture(26-27).D



**कार्यालय : जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा द्वारा गढ़वा जिले में **हाईटेक सरकारी नर्सरी के विकास एवं प्रबंधन** हेतु पात्र फर्मों / एजेंसियों से सीलबंद तकनीकी एवं वित्तीय निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

- अनुमानित लागत : 46.50 लाख
- निविदा शुल्क : 5000 / –
- ईएमडी : 93000 / –
- मूल्यांकन पद्धति : QCBS (50:50 – गुणवत्ता एवं लागत)
- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 16.04.2026 (पूर्वाह्न 11:00)
- निविदा खोलने की तिथि : 16.04.2026 (पूर्वाह्न 11:30)
- निविदा उपलब्धता :
  जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा एवं वेबसाईट atmagarhwa.org.in तथा garhwa.nic.in
  विस्तृत शर्तें निविदा दस्तावेज में उपलब्ध हैं। विभाग को किसी भी / सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

जिला उद्यान पदाधिकारी
गढ़वा

PR 376567 (Agriculture)26-27*D

# एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था सामान्य, जमाखोरी व कालाबाजारी पर सख्त निगरानी





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था के संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नवादा डॉ. राज कुमार सिन्हा द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूर्णतः सामान्य एवं पर्याप्त है। आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सजग, सतर्क एवं सक्रिय है।

उन्होंने बताया कि सभी गैस एजेंसियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से गैस वितरण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। एचपीसीएल, बीपीसीएल एवं आईओसीएल के प्रबंधकों से प्राप्त अद्यतन जानकारी के अनुसार जिले में गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। 14.2 किलोग्राम श्रेणी में एचपीसीएल के 3913, बीपीसीएल के 7274 तथा आईओसीएल के 2736 सिलेंडर उपलब्ध हैं। इस प्रकार कुल 13,923 गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है। सभी गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को डोर-स्टेप डिलीवरी के जरिए नियमित एवं निर्बाध आपूर्ति की जा रही है।

आमजनों की सुविधा एवं शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु जिला स्तर पर एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां प्रशिक्षित कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06324-212122 पर नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। अब तक नियंत्रण कक्ष में कुल 239 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 201 का सफलतापूर्वक निष्पादन किया जा चुका है, जबकि शेष शिकायतें प्रक्रियाधीन हैं।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार जमाखोरी एवं कालाबाजारी की रोकथाम के लिए जिले के विभिन्न प्रखंडों में धावा दलों का गठन किया गया है। इन धावा दलों में संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं संबंधित थाना के थानाध्यक्ष को शामिल किया गया है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग के निर्देशानुसार आज धावा दल द्वारा मनपसंद, बुद्धा रेजेंसी, कृष्णा कन्फेक्शनरी, पूजा स्वीट्स एवं डोमिनोज़ जैसे होटलों एवं रेस्टोरेंट्स में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान यह जांच की गई कि कहीं घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक प्रयोजन हेतु तो नहीं किया जा रहा है।

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों को आश्वस्त किया है कि जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है तथा सभी उपभोक्ताओं तक सुचारू, पारदर्शी एवं समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें एवं आवश्यकता होने पर नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

# 15वें वित्त आयोग एवं षष्ठम राज्य वित्त आयोग की राशि के व्यय को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** गुरुवार को जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में 15वें वित्त आयोग एवं षष्ठम राज्य वित्त आयोग की राशि के व्यय के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी नवीन कुमार पांडेय द्वारा प्रखंडवार व्यय की स्थिति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य सामने आया कि नरहट, गोविंदपुर, मेसकौर एवं रोह प्रखंडों में 15वें वित्त आयोग की राशि का व्यय 50 प्रतिशत से भी कम है। वहीं नरहट, हिसुआ, वारिसलीगंज एवं सिरदला प्रखंडों में षष्ठम राज्य वित्त आयोग की राशि का व्यय 60 प्रतिशत से भी कम पाया गया। इस स्थिति पर गंभीरता व्यक्त करते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि अव्यवहृत राशि के विरुद्ध योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि आगामी दो सप्ताह के भीतर कार्य प्रारंभ योजनाओं में भुगतान करना सुनिश्चित करें। बैठक में गोपनीय शाखा प्रभारी के साथ-साथ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



# एनआइटीएन साइंस क्लासेज के मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

## विधायक बिनीता मेहता ने बढ़ाया हौसला



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एनआइटीएन साइंस क्लासेज कौआकोल में गुरुवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक बिनीता मेहता उपस्थित हुईं। समारोह के दौरान विधायक बिनीता मेहता ने प्रखंड की सेकंड टॉपर चांदनी कुमारी (448 अंक),निक्की (444), प्रियांशु (428), पंकज (427), ईशा भारती (426), नैंसी (416), शुभम (412), रानी (411), अमित (410), श्वेता (407), आनंद राज (402) और ममता (401) समेत दर्जनों सफल विद्यार्थियों को मेडल, प्रमाण पत्र और डायरी-पेन भेंट कर सम्मानित किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक बिनीता मेहता ने कहा कि कड़ी मेहनत ही सफलता की एकमात्र कुंजी है। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं के प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए कहा कि आज परिणाम देखकर गर्व होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियां भी हर क्षेत्र में बेटों को बराबरी की टक्कर दे रही हैं। मेहनत करने वालों को कभी हार नहीं माननी चाहिए,सफलता एक दिन कदम जरूर चूमती है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार की एनडीए सरकार राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विधायक ने कोचिंग संस्थान के संचालक प्रमोद कुमार बर्णवाल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यार्थियों को इस काबिल बनाना कि वे प्रखंड स्तर पर टॉप कर सकें, काबिले तारीफ है। इस अवसर पर उच्च विद्यालय कौआकोल के शिक्षक उपेन्द्र कुमार, भाजपा पूर्वी मण्डल अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा, लोजपा प्रखण्ड अध्यक्ष माहो पासवान, विधायक के सहायक आलोक कुमार, गिरजा सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य मुकेश कुमार, बिपिन चौरसिया, राजा बर्णवाल, अनन्त कुमार, मुन्ना शर्मा, राजेन्द्र रावत, विकास कुमार समेत दर्जनों अभिभावक और क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** राजगीर विधानसभा क्षेत्र में राजगीर नगर मंडल एवं सिलाव मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राजगीर स्थित संस्कार मैरिज हॉल तथा सिलाव स्थित शिवकुमार सिंह स्मृति हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा नालंदा के जिला उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेन्द्र कुमार एवं जिला उपाध्यक्ष सबो देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर भारतीय जनसंघ एवं भाजपा के संस्थापक विचार कों पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा श्याम प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में मंडल के सभी पदाधिकारीगण, शक्ति केंद्र प्रमुख, जिला के पदाधिकारीगण तथा सक्रिय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली एवं जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत करने का मार्गदर्शन दिया गया।



# सब जूनियर हॉकी नेशनल चैंपियनशिपः छत्तीसगढ़ की शानदार जीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** राजगीर अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के दूसरे दिन गुरुवार को कुल छह मुकाबले खेले गए। दिनभर चले मैचों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। पहले मुकाबले में आंध्र प्रदेश ने पुडुचेरी को 3-1 से हराया। दूसरे मैच में मिजोरम ने एकतरफा खेल दिखाते हुए असम को 6-0 से पराजित किया। तीसरे मुकाबले में दिल्ली ने पश्चिम बंगाल को 9-1 से शिकस्त दी। चौथे मैच में तेलंगाना ने गुजरात पर 20-0 की बड़ी जीत दर्ज की।

पांचवां मुकाबला कर्नाटक और अरुणाचल प्रदेश के बीच खेला गया, जो 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। वहीं अंतिम और दिन का सबसे आकर्षक मैच छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश के बीच खेला गया, जिसमें छत्तीसगढ़ ने 7-2 से शानदार जीत हासिल की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी पीयूष कुमार साहू को 'मैन ऑफ द मैच' पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बिहार अब न केवल पर्यटन के क्षेत्र में, बल्कि खेलकूद के क्षेत्र में भी तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में खेल अवसंरचना का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में राजगीर अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में नियमित रूप से अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुकाबले आयोजित होंगे, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।



# बजरंगबली मूर्ति स्थापना को लेकर निकली कलश यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** शहर में महावीर जयंती के शुभ अवसर पर गुरुवार को बजरंगबली की मूर्ति स्थापना के लिए भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। यह आयोजन कोर्ट परिसर स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ हुआ, जहां से श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। कलश यात्रा के लिए गंगा जल त्रिवेणी घाट से लाया गया, जिसे ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बाबा अभय नाथ धाम परिसर में भरा गया। इसके बाद सैकड़ों महिलाओं और कुंवारी कन्याओं ने सिर पर कलश लेकर ढोल-नगाड़े और बैंड-बाजे के साथ नगर भ्रमण किया। यात्रा बाबा अभय नाथ धाम से निकलकर बिहारी रोड, सिनेमा मोड़ और योगीपुर मोड़ होते हुए मंदिर परिसर पहुंची। पूरे मार्ग में जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक अजय कुमार ने बताया कि महावीर जयंती के अवसर पर पुरानी मूर्ति का विसर्जन कर नई बजरंगबली मूर्ति की स्थापना की जाएगी। यह स्थापना कलश यात्रा, प्राण प्रतिष्ठा, देव पूजन और आरती के साथ संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि 3 अप्रैल 2026 को 24 घंटे का अखंड कीर्तन-भजन आयोजित किया जाएगा, जबकि 4 अप्रैल को भव्य भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस अवसर पर उमेश सिंह, रवि कुमार, संजय पांडेय, बबलू कुमार, पिंटू कुमार, इंद्रजीत कुमार, कृष्णवल्लभ प्रसाद, प्रमोद कुमार समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शिक्षा, पोषण व राशन व्यवस्था पर कड़ा मंथन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और जन वितरण प्रणाली से जुड़ी अनियमितताओं पर गंभीर चर्चा की गई। एसडीओ ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक के दौरान सदस्यों ने शहर में लगातार लगने वाले जाम, बस स्टैंड का उपयोग न होना और उस पर अवैध कब्जा जैसे मुद्दे उठाए। राशन वितरण में भी गड़बड़ियों की शिकायत सामने आई, जिसमें उपभोक्ताओं से अंगूठा लगवाने के बाद राशन देने में देरी करने की बात कही गई। इसके अलावा एकंगरसराय के गवसपुर वार्ड संख्या 4 में आंगनबाड़ी केंद्र चार महीने से छोटे कमरे में संचालित होने और भवनहीन प्राथमिक विद्यालय के जर्जर गेट का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन नहीं मिलने, राशन दुकानों के लंबे समय तक बंद रहने और खुलने पर अत्यधिक भीड़ की समस्या पर भी सदस्यों ने चिंता जताई। कोनियापर में जर्जर विद्यालय भवन के स्थान पर नए भवन निर्माण की मांग की गई। गैस आपूर्ति को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई। गैस एजेंसी संचालक रणधीर कुमार उर्फ पंकज ने बताया कि हाल ही में गैस वितरण के नियमों में कई बदलाव हुए हैं, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 35 दिन और शहरी क्षेत्रों में 25 दिन के अंतराल पर डिलीवरी का प्रावधान है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने जनहित से जुड़े इन मुद्दों के शीघ्र समाधान की मांग की। एसडीओ अमित कुमार पटेल ने कहा कि समस्याओं को केवल सोना ही नहीं जाएगा, बल्कि दोषियों पर ठोस कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी मामलों की अविलंब जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया और लापरवाही बरतने बालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।



# नवादा में आरएलजेपी के नए जिला अध्यक्ष नियुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (बिहार) ने संगठन विस्तार और मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नवादा जिला अध्यक्ष की घोषणा की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चंदन सिंह (पूर्व सांसद) द्वारा जारी पत्र के अनुसार, 2 अप्रैल 2026 को विकास कुमार उर्फ राजा को नवादा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

जारी पत्र में कहा गया है कि विकास कुमार की कार्यकुशलता, सक्रियता और संगठनात्मक क्षमता को ध्यान में रखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में नवादा जिले में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने उनसे अपेक्षा व्यक्त की है कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, कार्यकर्ताओं को संगठित करने और पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। साथ ही उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे 30 दिनों के भीतर जिला एवं प्रखंड स्तर की कमिटी का गठन कर उसकी सूची प्रदेश कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि संगठनात्मक गतिविधियों को और प्रभावी बनाया जा सके।



# राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार ने मघड़ा पहुंच कर लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** विश्व मानवाधिकार संरक्षण आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य व स्नातक अधिकार मंच के संयोजक डॉ दिलीप कुमार ने मघड़ा जाकर दो दिन पहले हुई हृदय विदारक घटना का जायजा लिया। विगत 31 मार्च को मघड़ा के शीतला माता मंदिर प्रांगण में दम घुटने से आठ श्रद्धालु महिलाओं की मौत हो गई थी। वहां पर उपस्थित प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह मंदिर बहुत ही पौराणिक है और यहां बरसों से प्रत्येक मंगलवार को जल चढ़ाने एवं पूजा अर्चना के लिए काफी भीड़ होते आई है। खास करके शीतलाष्टमी में एवं चैत महीना के अंतिम मंगलवार को यहां पर सिर्फ जिले के ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश और देश से श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए आते रहे हैं यहां के जो पुजारी लोग हैं उनके द्वारा ही इस मंदिर में पूजा अर्चना करवाया जाता है ।यह घटना एक संयोग मात्र है अधिक भीड़ होने के कारण और थोड़ी गर्मी रहने के कारण श्रद्धालु आपस में आपाधापी करने के चक्कर में मंदिर में अधिक संख्या में लोग प्रवेश कर गए जिसे यहां के पुजारी कंट्रोल नहीं कर पाए। इसी कारण यह हादसा हुआ है। जिला प्रशासन को चाहिए की बड़गांव सूर्य मंदिर, औंगारी सूर्य मंदिर, माँ आशापुरी मंदिर घोसरामा, मां मनसा माता मंदिर पिलिच्छ, मां शीतला माता मंदिर मघड़ा, महतो बाबा का मंदिर परनामा जैसे जगहों पर जाकर वहां के मंदिर के पुजारियों और ग्रामवासियों से मिलकर इन जगहों पर ट्रस्ट बनवाकर इन मंदिरों को राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड से जुड़वा देना चाहिए चूंकी ये मंदिर हमारी धार्मिक आस्था से जुड़े हैं। तो यहाँ तो समय समय पर और ख़ासकर त्योहारों के समय भीड़ भाड़ तो होगी ही है जिसे लगाम नहीं लगाया जा सकता है लेकिन इन जगहों पर प्रशासनिक व्यवस्था करके सुचारू रूप से पूजा पाठ करवाई जा सकती है। साथ ही दिलीप कुमार ने कहा कि इसकी गहराई से जांच होनी चाहिए सिर्फ खाना पूर्ति करने के लिए थाना प्रभारी को सस्पेंड करना और पुजारी को जेल भेजना यह उचित कदम नहीं है दिलीप कुमार ने कहा कि विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष डॉ तपन कुमार को भी इस घटना की जानकारी दूरभाष के माध्यम से दे दी गई है डॉक्टर तपन कुमार ने भी इस घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी तरफ से भी जल्द ही दिल्ली से एक टीम गठित कर जांच करवाई जाएगी। दिलीप कुमार ने जिला प्रशासन से इस घटना की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की साथ ही जल्द से जल्द नालंदा के सभी पौराणिक मंदिर स्थलों का ट्रस्टीकरण एवं उसे धार्मिक न्यास परिषद से जुड़वाने की अपील करते हुए कहा कि निर्दोष ब्राह्मण पुजारी एवं निर्दोष पुलिस विभाग के छोटे पदाधिकारी पर इस तरह की कार्रवाई को अविलंब वापस ले लेना चाहिए और इसमें जो भी दोषी लोग हैं उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें साथ ही मृतकों के आश्रितों को कम से कम दस-दस लाख रुपये मुआवजा राज्य सरकार की ओर से मिलनी चाहिए।



# गेंहू की फसल जलकर बर्बाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा(नालंदा)।** थाना क्षेत्र के मनीचक गांव स्थित मधुवन खंधा में गुरुवार दोपहर अचानक लगी आग ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बिजली की चिंगारी से लगी इस आग में चार किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह बर्बाद हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अनिरुद्ध यादव, लालू यादव, सुधीर यादव सहित अन्य किसानों के लगभग तीन बीघा से अधिक क्षेत्र में लगी गेहूं की फसल देखते ही देखते आग की चपेट में आ गई। खेतों में आग लगने की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और किसान हताश नजर आए। कड़ी मशक्कत के बाद जब तक आग पर नियंत्रण पाया गया, तब तक फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुकी थी।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले के कादिरगंज थाना क्षेत्र के पटवा सराय मोड़ के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान अकौना डीह निवासी सनोज कुमार यादव के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सनोज कुमार अपने दो साथियों नवलेश कुमार और मोनू कुमार के साथ पकरीबरावां से एक छठी कार्यक्रम में शामिल होकर कार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पटवा सराय मोड़ के पास अचानक कार अनियंत्रित हो गई और सड़क से लगभग 50 फीट दूर जाकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही सनोज कुमार की मौत हो गई। वहीं, कार में सवार अन्य दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही कादिरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है ।

# पीड़ित परिवारों से मिलकर विधायक ने दिलाया सहयोग का भरोसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** मघड़ा स्थित शीतला माता मंदिर में पूजा-अर्चना के दौरान हुई भगदड़ की घटना अत्यंत दुःखद, पीड़ादायक एवं हृदय विदारक है। स्थानीय विधायक डॉ सुनील कुमार ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से श्रद्धालुओं के निधन का समाचार अत्यंत मर्माहत करने वाला है। सकुनत मोहल्ले के दिनेश रजक की पत्नी स्व. रीता देवी, सालूगंज मोहल्ले के अजय साव की पत्नी स्व. गुड़िया देवी तथा रहुई प्रखंड के विशुनपुर ग्राम निवासी जोगेंद्र यादव की पत्नी स्व. कृनता देवी के असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। विधायक ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की और इस कठिन घड़ी में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए उनके दुःख में सहभागी बने। विधायक ने कहा कि यह घटना अत्यंत चिंताजनक है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन को श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ करनी चाहिए। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि सभी दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान मिले तथा शोकाकुल परिवारों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान हो।



# भीषण गर्मी व लू से निपटने को प्रशासन अलर्ट, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में बढ़ती गर्मी और संभावित लू (हीट वेव) के खतरे को देखते हुए जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अगलगी की घटनाओं की रोकथाम एवं आमजन को भीषण गर्मी से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के आगमन के साथ जन-जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस वर्ष अत्यधिक गर्मी और लू की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे विशेष रूप से बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और बाहर काम करने वाले लोगों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

डीएम ने जिले के सभी सरकारी अस्पतालों—सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर—में लू से प्रभावित मरीजों के इलाज हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने ओआरएस, आईवी फ्लूइड्स, एंटी-डायरियल व अन्य आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही मरीजों के हार्ट रेट, ब्लड प्रेशर, शरीर के तापमान एवं मानसिक स्थिति की सतत निगरानी के निर्देश दिए। गंभीर मरीजों के लिए सीबीसी, ईसीजी, लिवर व किडनी फंक्शन टेस्ट सहित सभी आवश्यक जांच की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अस्पतालों में लू के मरीजों के लिए अलग वार्ड, पर्याप्त बेड और 24 घंटे डॉक्टर व पारा मेडिकल स्टाफ की तैनाती करने को कहा गया। सभी एंबुलेंस को एसी, ऑक्सीजन व आवश्यक उपकरणों से लैस रखते हुए 24 घंटे अलर्ट मोड में रखने का निर्देश दिया गया।

डीएम ने अस्पतालों में मरीजों व उनके परिजनों के लिए छायादार बैठने की व्यवस्था, पेयजल, पंखा-कूलर व प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही "क्या करें, क्या न करें" संबंधी जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।



### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# गया में जाम, अतिक्रमण और पेयजल संकट पर सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को गया समाहरणालय स्थित सभागार में जिलाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर शहर की प्रमुख समस्याओं पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने जाम, पेयजल संकट, पार्किंग व्यवस्था और वेंडिंग जोन जैसे मुद्दों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक के दौरान केपी रोड पर डिवाइडर टूटने के बावजूद अतिक्रमण कर ठेला लगाए जाने पर अध्यक्ष ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने सिटी मैनेजर को नियमित रूप से क्षेत्र का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने तथा पुलिस व स्वच्छता टीम के साथ संयुक्त अभियान चलाने का निर्देश दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित शहीद स्मारक के पास अवैध टेंपो स्टैंड से लगने वाले जाम पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया। साथ ही टिकारी रोड, बारी रोड और गोल बीघा से पुलिस लाइन सिकरिया मोड़ तक सड़क को 7 मीटर चौड़ा करने की योजना की जानकारी भी साझा की गई। नगर निगम द्वारा पंचायती अखाड़ा, सिंगरा स्थान और डेल्हा में पार्किंग स्थल चिन्हित किए जाने की जानकारी दी गई जबकि चिरैयाताड़ समेत अन्य स्थानों पर अवैध वसूली की शिकायत पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सड़क पर अवैध वसूली किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गांधी मैदान के समीप पार्किंग और वेंडिंग जोन के लिए स्थल निरीक्षण पूरा हो चुका है। हालांकि विभागीय प्रक्रिया अभी लंबित है। साथ ही गांधी मैदान में बेसहारा पशुओं के प्रवेश पर रोक लगाने और मुख्य द्वार के समयबद्ध संचालन का निर्देश दिया गया। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत एलएंटी कंपनी द्वारा 75 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना में 50 से अधिक स्थानों पर कार्य पूरा हो चुका है जबकि शेष पर काम जारी है। बिजली विभाग द्वारा 500 पुराने खंभों में से 250 हटाए जा चुके हैं, वहीं बाकी खंभों को जल्द हटाने के निर्देश दिए गए। वन विभाग द्वारा सिलाऊंजा पार्क के विकास पर लगभग 12 करोड़ रुपये खर्च किए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही गौतम बुद्ध वाइल्डलाइफ क्षेत्र के विकास के लिए कंसल्टेंट बहाल करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में चंदौती, आईआईएम, मानपुर, कृषि केंद्र और बोधगया विश्वविद्यालय समेत अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करने तथा पेयजल आपूर्ति को लेकर प्रस्ताव भेजे जाने की जानकारी भी दी गई। अंत में अध्यक्ष ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और 'ग्रीन गया, क्लीन गया' अभियान को हर हाल में सफल बनाया जाए।

## मगध विश्वविद्यालय के प्रथम एलुमनाई मीट 'महासंगम 2026' की तैयारियों को लेकर व्यापक स्थल निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में आगामी आयोजित होने वाले प्रथम एलुमनाई मीट 'महासंगम 2026' की तैयारियों को लेकर आज विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विस्तृत स्थल निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य कार्यक्रम की भव्यता, सुव्यवस्था एवं सफल आयोजन सुनिश्चित करना था। स्थल निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रो. एस.पी. शाही के नेतृत्व में कुलसचिव प्रो. बिनोद कुमार मंगलम, एलुमनाई मीट कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. निभा सिंह, सीसीडीसी डॉ. संजय तिवारी एवं विश्वविद्यालय अभियंता ई. अशोक कुमार उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल के विभिन्न पहलुओं—जैसे पंडाल निर्माण, मंच व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वच्छता एवं सुरक्षा प्रबंध का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोजन को ऐतिहासिक एवं यादगार बनाने में कोई कमी न रह जाए। उन्होंने कहा कि यह एलुमनाई मीट विश्वविद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों को एक मंच पर लाने का महत्वपूर्ण अवसर है जिससे न केवल आपसी संवाद को बढ़ावा मिलेगा बल्कि विश्वविद्यालय के समग्र विकास में भी सहयोग प्राप्त होगा। कुलसचिव प्रो. बिनोद कुमार मंगलम ने आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए समयबद्ध ढंग से सभी तैयारियां पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न किए जाएं। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. निभा सिंह ने बताया कि एलुमनाई मीट 'महासंगम 2026' में देश-विदेश में कार्यरत विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र भाग लेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, अनुभव साझा सत्र, सम्मान समारोह एवं नेटवर्किंग से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिससे पूर्व छात्रों और वर्तमान छात्रों के बीच सशक्त संबंध स्थापित हो सके। सीसीडीसी डॉ. संजय तिवारी एवं अभियंता इं. अशोक कुमार ने निर्माण एवं तकनीकी व्यवस्थाओं की प्रगति से अवगत कराते हुए आश्वासन दिया कि सभी आवश्यक कार्य समय पर पूर्ण कर लिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि यह प्रथम एलुमनाई महासंगम विश्वविद्यालय के इतिहास में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो न केवल संस्थान की गौरवशाली परंपरा को सुदृढ़ करेगा, बल्कि भविष्य की योजनाओं एवं विकास कार्यों को नई दिशा प्रदान करेगा।

## प्रखंड टॉपर नंदनी को मिला सम्मान, विधायक ने किया अभिनंदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय परसावां सह मध्य विद्यालय चतुरी बिगहा में गुरुवार को पहली से बारहवीं कक्षा तक के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अभिभावकों, ग्रामीणों और गणमान्य लोगों की भारी उपस्थिति रही जिससे पूरा परिसर उत्सवमय हो उठा। वर्ष 2026 की मैट्रिक परीक्षा में छात्राओं में प्रखंड टॉपर रहीं नंदनी कुमारी (पिता मुकेश कुमार गांधी) को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अन्य विद्यार्थियों प्रियांशु (458), रमेश (454), राम कुमार (443), निरज (435), पार्वती (429), चुनमुन (415), हिमांशु रंजन (408), प्रिंस (395) एवं सुजाता (385) को भी प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टिकारी के विधायक अजय दांगी उपस्थित रहे। उनके साथ राजद जिलाध्यक्ष सुभाष यादव, प्रखंड अध्यक्ष सुरेश यादव, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विनोद शर्मा, उमेश यादव, डॉ. हरदेव यादव, राजेंद्र यादव, मो. सरफराज तथा युवा प्रखंड अध्यक्ष सुजीत यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अजय दांगी ने कहा कि नंदनी ने पूरे कोंच प्रखंड का नाम रोशन किया है। इतनी कम उम्र में इतनी बड़ी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने की सलाह दी। इस दौरान नंदनी कुमारी ने विद्यालय की कुछ समस्याओं से भी विधायक को अवगत कराया। विधायक ने भरोसा दिलाया कि वे इन समस्याओं को मंत्री स्तर तक पहुंचाकर शीघ्र समाधान का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक मो. आसिफ आलम ने की जबकि संचालन श्वेता कुमारी एवं दिलीप दिलेर ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर नागेंद्र कुमार राही, मनोज मंजिल, गुड़िया कुमारी, नेहा कुमारी, विनीता कुमारी, अनामिका कुमारी, राजनारायण कुमार, सुरेश कुमार, प्रभाकर सिंह, स्नेहलता, देवेंद्र कुमार सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल और यादगार बना दिया।

## एलपीजी आपूर्ति, जल संकट और ट्रैफिक व्यवस्था पर सख्त निर्देश

### गया में समीक्षा बैठक, बैकलॉग खत्म करने और अवैध वसूली रोकने के आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिले में घरेलू एलपीजी आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग और ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में एलपीजी गैस आपूर्ति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में प्रतिदिन 14,488 सिलेंडरों की मांग आ रही है और उसके अनुसार आपूर्ति की जा रही है। हालांकि पैनिक बुकिंग के कारण शहरी क्षेत्रों में गैस वितरण में 2-3 दिन की देरी हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि कुछ एजेंसियों, विशेषकर अभिनय गैस एजेंसी में बैकलॉग अधिक है जिसे जल्द समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि जिन एजेंसियों में अधिक बैकलॉग है, वे अपनी आपूर्ति क्षमता बढ़ाकर स्थिति सामान्य करें। गैस उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। पिछले सात दिनों में 1301 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 1208 का समाधान किया जा चुका है। वहीं बिना डिलीवरी के एसएमएस भेजने और सब्सिडी राशि आने की शिकायतों पर जांच के निर्देश दिए गए हैं। पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी बोतल या जार में ईंधन नहीं दिया जाएगा, केवल वाहनों में ही आपूर्ति होगी। खाद-उर्वरक की समीक्षा में कालाबाजारी पर सख्ती दिखाते हुए 12 दुकानों के लाइसेंस निलंबित, एक रद्द और एक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीएनजी गैस पाइपलाइन विस्तार की समीक्षा में बताया गया कि अब तक 1944 घरों में कनेक्शन दिए गए हैं। अध्यक्ष ने कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए टीमों की संख्या बढ़ाकर प्रतिदिन 100 घरों में कनेक्शन देने का निर्देश दिया। शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए केपी रोड से अतिक्रमण हटाने और नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इसके लिए एक विशेष क्यूआरटी टीम गठित की गई है। शहर को 4-5 जोन में बांटकर निगरानी बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया। सड़कों पर अवैध वसूली पर सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी वाहन से जबरन राशि वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसी शिकायत मिलने पर तुरंत कानूनी कार्रवाई होगी। साथ ही जाम से निजात के लिए आवश्यक स्थानों पर वन-वे ट्रैफिक लागू करने का निर्देश दिया गया। पेयजल आपूर्ति की समीक्षा में बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खराब नल-जल योजनाओं को दुरुस्त किया जा रहा है जहां बोरिंग फेल हो चुके हैं, वहां नए बोरिंग के साथ 5-6 नल लगाकर तत्काल जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन सहित सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मनरेगा जांच के दौरान दो पक्षों में नोकझोंक, दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड की तिनेरी पंचायत में बुधवार को मनरेगा योजनाओं की जांच के दौरान दो पक्षों के बीच नोकझोंक का मामला सामने आया। इस संबंध में गुरुवार को दोनों पक्षों की ओर से आंती थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार गया जिला के लोकपाल द्वारा मनरेगा कार्यों की जांच की गई। जांच टीम में जिला स्तर से आए पदाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह, पीटीए राकेश कुमार तथा पूर्व पीटीए इकराम खान शामिल थे। यह जांच ग्राम नरसिंहपुर निवासी विकास यादव की शिकायत पर कराई गई थी। जांच दल ने अंगरा और करमाइन गांव के बाद खटनही के बधार नहर के समीप चल रहे मनरेगा कार्यों का निरीक्षण किया। इसी दौरान वहां मौजूद ग्रामीणों के बीच कहासुनी हो गई और देखते ही देखते स्थिति तू-तू मैं-मैं तक पहुंच गई। मामले को लेकर आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि प्रथम पक्ष के अजय कुमार दास (पिता- जीतन दास) के आवेदन पर सात लोगों को नामजद करते हुए कांड संख्या 40/26 दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के विकास कुमार (पिता- सुरेश यादव) के आवेदन पर कांड संख्या 41/26 दर्ज कर 11 लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## अपहृता सरिता कुमारी सकुशल बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** खिजरसराय थाना क्षेत्र से पिछले दिनों अगवा की गई महिला को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिंदौल की रहने वाली सरिता कुमारी (पति- बिहारी पासवान) के अपहरण को लेकर खिजरसराय थाने में कांड संख्या-73/26 दर्ज किया गया था।

## शेरघाटी अनुमंडल को जिला, इमामगंज, वजीरगंज प्रखंड को अनुमंडल बनाने की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो : कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गयाजी जिला अंतर्गत सूबे के सबसे बड़े नौ प्रखंडों वाला शेरघाटी अनुमंडल को जिला बनाने, इमामगंज, वजीरगंज प्रखंडों को अनुमंडल बनाने तथा टिकारी प्रखंड के मऊ, चंदौती प्रखंड के चाकन्द, खिजरसराय के सरबहदा एवं वजीरगंज प्रखंड के तरवां को प्रखंड बनाने की वर्षों पुरानी मांग को अविलंब पूरा कराने की मांग कांग्रेस पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री बिहार सरकार को विस्तृत ज्ञापन ईमेल, ट्विटर से भेजने का काम किया है। मांग करने वालों में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक गुरुआ मोहम्मद खान अली, गया जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, दामोदर गोस्वामी, शेरघाटी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद इमाम, उमेश प्रसाद सिंह, इमामगंज प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष, मिथिलेश सिंह, राजेन्द्र सिंह, वजीरगंज प्रखंड अध्यक्ष सतीश सिंह, प्रदीप मांझी, टिकारी प्रखंड अध्यक्ष नाथून पासवान, चंदौती प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश निराला, खिजरसराय प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर शर्मा आदि ने कहा कि बिहार राज्य का सबसे बड़ा नौ प्रखंडों वाला शेरघाटी अनुमंडल जो जिला बनने के सभी अहर्ताओं को रखने के साथ-साथ प्रशासनिक दृष्टिकोण से यहां के कानून व्यवस्था को सिटी एस पी द्वारा देखने तथा यहां व्यवहार न्यायालय भी है। इसी अनुमंडल अंतर्गत अति संवेदनशील, नक्सल प्रभावित इमामगंज जहां डी एस पी के बैठाने एवं अनुमंडल के अन्य सुविधाओं से लैस होने के बाद भी इसे अभी तक अनुमंडल नहीं बनाया गया है।

## नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** खिजरसराय थाना कांड संख्या 24/26, 13/01/2026 में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त सन्नी कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त मामला भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं 126(2), 115(2), 190/191(2), 109(1), 351(2), 352 एवं 303(2) के तहत दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्त सन्नी कुमार, पिता अनिल यादव, ग्राम जोलबिगहा, थाना खिजरसराय, जिला गया का निवासी है। पुलिस द्वारा विधिवत गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की जा रही है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। इस संबंध में खिजरसराय थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है और उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ाया जा रहा है।


**ई० प्रोक्यूरमेंट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमण्डल, गढ़वा**

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–02/2026–27

**ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–02/2026-27/EE/BCD/GARHWA     दिनांक– 02.04.2026

1. कार्य का विस्तृत विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | Renovation of Industrial Training Institute Hostel Chiniya at Garhwa for the year 2026-27 | ₹ 65,04,900.00 |
| 2 | Renovation of Administrative & Workshop Building ITI Chiniya under Garhwa District for the year 2026-27 | ₹ 56,27,500.00 |

2. कार्य पूर्ण की अवधि :– 06 (छः) माह
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.04.2026 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 17.04.2026 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 18.04.2026 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल सं0–02,राँची पिन कोड–834001
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9955921643
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8210456132
9. नोट– केवल ई–निविदा की स्वीकार किया जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
11. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार होगा। ऑनलाईन माध्यम से किये गये भुगतान की पद्धति वेबसाइट पर आवश्यक रूप से अपलोड करेगें।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाता में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदाता की होगी।
13. विस्तृत जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
14. प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत हीं भुगातन किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 376557 Building (26-27)_D


## स्फेद स्प्रिट के अवैध परिवहन में दो गिरफ्तार, 350 लीटर बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गया।** समेकित जांच चौकी, डोभी (गया) पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सफेद स्प्रिट के अवैध परिवहन के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 350 लीटर सफेद स्प्रिट भी बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक मारुति सुजुकी कंपनी की इ-स्टार कार से सफेद स्प्रिट का परिवहन किया जा रहा था। संदेह के आधार पर वाहन की जांच की गई जिसमें 35 लीटर के 10 गैलन यानी कुल 350 लीटर स्प्रिट बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चालक राजू सिंह उर्फ रितिरंजन कुमार सिंह (निवासी- सूर्य मंदिर ठाकुर बाड़ी, थाना- नगर, जिला- औरंगाबाद, उम्र करीब 38 वर्ष) एवं निरज सिंह (निवासी- मझियारी, थाना- मदनपुर, जिला- औरंगाबाद, उम्र करीब 29 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। अनुसंधान के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया जाएगा। इस कार्रवाई में उत्पाद विभाग के अधिकारियों के साथ सशस्त्र बल एवं गृह रक्षक जवान भी शामिल थे। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है।


**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा**
**विशेष लोक अदालत चेक बाउन्स संबंधित मामले दिनांक 25 अप्रैल 2026**
**स्थान:–न्याय सदन व्यवहार न्यायालय गढ़वा एवं अनुमण्डलीय न्यायालय नगर उँटारी**
**(प्री–लोक अदालत आयोजन दिनांक 20 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026)**

**सर्वसाधारण को सूचना**

आदेशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक प्राधिकरण, राँची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार,गढ़वा एवं अनुमण्डलीय न्यायालय नगर उँटारी के तत्वधान में दिनांक **25 अप्रैल** 2026 को सुबह 7:30 बजे से 12:00 बजे तक व्यवहार न्यायालय परिसर गढ़वा एवं अनुमंडलीय न्यायालय,नगर उंटारी में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त विशेष लोक अदालत में निम्नलिखित तहत के लंबित वादों एवं प्री–लिटिगेशन वाद–पूर्व मामलो का सुलह के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा:–

❖NI Act cases (चेक बाउन्स संबंधित मामले)

**अतः सभी वाद कारियों से अनुरोध है कि उपरोक्त मामलो का निष्पादन विशेष लोक अदालत में करा कर लाभ उठाएं तथा समय और पैसों की बचत करें।**
**इस संबंध में अन्य जानकारी हेतु**
**हेल्प लाईन–06561456788**

**श्रीमती निभा रंजना लकड़ा**
**सचिव**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा**

**श्री अमन कुमार**
**पुलिस अधिक्षक सह सदस्य**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा**

**श्री दिनेश कुमार यादव**
**उपायुक्त सह उपाध्यक्ष**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा**

**श्री मनोज प्रसाद**
**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा**

**निवेदकः–जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा**

PR 376600 Law(26-27).D



**कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव**

पत्रांक– ............../     दिनांक– ..................................

**अति–अल्पकालीन बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 01/2026–27**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु दिनांक 16.04.2026 से 31.03.2027 तक के लिए निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 13.04.2026 को अपराह्न 02:00 बजे से नगर पंचायत मझिऑव के कार्यालय के सभागार में की जायेगी।

| ग्रुप सं0 | सैरात का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | पुराना नगर पंचायत मझिऑव कार्यालय के पास अवस्थित स्टैण्ड (सभी तरह का वाहन) | 230000.00 | 23000.00 |
| 02 | अम्बेडकर चौक के पास अवस्थित स्टैण्ड (सभी तरह का वाहन) | 384000.00 | 38400.00 |
| 03 | भारतीय स्टेट बैंक के पास अवस्थित स्टैण्ड (सभी तरह का वाहन) | 384000.00 | 38400.00 |
| 04 | सभी ठेला एवं फुटपाथ | 102551.00 | 1025.00 |

बैठक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत मझिऑव द्वारा आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑव के पदनाम से देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि दिनांक 11.04.2026 को कार्यालय अवधि में जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान किया जायेगा।

आवेदन पत्र (प्रति ग्रुप) एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर पंचायत मझिऑव से दिनांक 10.04.2026 को कार्यालय अवधि में 1000.00 (एक हजार) रूपये का ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त की जा सकती है, जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत मझिऑव के पदनाम से देय होगा। आवेदन शुल्क Non-refundable होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव।

PR 376562 (Urban Development) 26-27 (D)

संपादकीय

## नक्सलियों का सफाया!

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को संसद में जिस दमदार तरीके से देश में नक्सलवाद की समाप्ति का ऐलान किया, उसके लिए केन्द्र व राज्य सरकार, सभी सुरक्षा बल, आत्मसमर्पित नक्सलवादी, सरकार की सुस्पष्ट रणनीति और समुचित पुनर्वास नीति बधाई की पात्र है। बेशक नक्सलियों के खात्मे में कुछ ज्यादतियां भी हुई होंगी, लेकिन व्यापक संदर्भ में यह स्वागतेय इसलिए है, क्योंकि हिंसा से कोई समस्या कभी हल नहीं हुई। यहां तक कि जिन देशों में बीसवीं सदी में रक्त क्रांतियां हुईं, उन्हें भी या तो अपना रास्ता बदलना पड़ा या फिर इतने बदलाव करने पड़े कि वो क्रांति महज इतिहास की बात बनकर रह गई। लोकसभा में अपने डेढ़ घंटे के भाषण में अमित शाह ने कहा कि हमने 31 मार्च तक देश को नक्सल-मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा था। इसे लगभग हासिल किया जा चुका है। उन्होंने चेतावनी के स्वर में कहा कि अब अगर कोई पूरी व्यवस्था को नकार कर हथियार उठाएगा तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। शाह ने कहा कि सालों से भोले-भाले आदिवासियों को अंधेरे में रखा गया। वामपंथियों ने अपनी विचारधारा को फैलाने के लिए आदिवासियों को बहकाया। अपने संबोधन में शाह ने नक्सलवाद को बढ़ावा देने के लिए विपक्षी कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। शाह ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी के कार्यकाल में नक्सलवाड़ी से शुरू हुआ आंदोलन 12 राज्यों, 17 प्रतिशत भू-भाग 10 प्रतिशत से ज्यादा आबादी में फैल गया। राहुल गांधी ने नक्सल समर्थकों के साथ मंच साझा किया था और 'प्रो-हिडमा' नारे का समर्थन किया था। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने 60 साल के दौरान आदिवासियों तक घर, स्कूल, मोबाइल टॉवर नहीं पहुंचने दिया और अब हिसाब मांग रहे हैं। अपने गिरेबान में झांककर देखिए। नक्सलवाद की जड़ें वैचारिक हैं। यह गरीबी और विकास से जुड़ी नहीं हैं। शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के बस्तर से नक्सलवाद पूरी तरह खत्म हो चुका है। शाह ने उन अर्बन नक्सलियों से भी सवाल किया कि वे कहते हैं कि नक्सली सामाजिक न्याय के लिए लड़ रहे हैं। ऐसा लगता है कि आपकी मानवता सिर्फ संविधान का उल्लंघन करने वालों और हथियार उठाने वालों के लिए हैं। यह उन आम नागरिकों तक नहीं पहुंचती, जो इन्हीं हथियारों से मारे जा रहे हैं। शाह ने पिछले दो साल में देश में 706 नक्सली मारे गए, 2218 गिरफ्तार और 4839 ने सरेंडर किया। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सलियों की तुलना भगत सिंह और बिरसा मुंडा से नहीं कर सकते। नक्सलियों को लोकतंत्र पर कोई भरोसा नहीं है। अपने भाषण में अमित शाह ने नक्सलवाद पर आखिरी चोट करने को लेकर सरकार की रणनीति और संकल्प का खुलासा भी किया। नई रणनीति के तहत केन्द्र और राज्य सरकारों की सशस्त्र पुलिस तथा सरेंडर नक्सलियों को साथ लेकर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। नक्सलियों के गुप्त ठिकानों को ध्वस्त किया गया। उनके आर्थिक स्रोतों पर भी शिंकजा कस दिया गया। सरकार ने साफ कह दिया कि या तो नक्सली सरेंडर करें या फिर मरने के लिए तैयार रहें। इस काम में सुरक्षा बलों को उन लोगों का साथ भी मिला, जो ग्रामीण आदिवासी नक्सलियों के अत्याचार और दहशत से परेशान थे। हकीकत में वो नक्सली और सुरक्षा बलों के दबाव के बीच पिस रहे थे। अब नक्सलियों के आतंक से मुक्ति मिलने के बाद वो खुली हवा में सांस लेने लगे हैं। बेशक सरकार ने सशस्त्र नक्सलियों का सफाया कर दिया है, लेकिन अर्बन नक्सलियों पर शिंकजा कसना भी जरूरी है। निःसंदेह नक्सलवाद एक विचारधारा है और विचार कभी नहीं मरता, लेकिन उसकी धार और असर को कुंद तो किया ही जा सकता है। अगला लक्ष्य यही होना चाहिए।

# पश्चिम एशिया की उथल-पुथल में भारत की संतुलित कूटनीति

**फरवरी 2026 में शुरू हुए संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान के बीच टकराव के अचानक उभरने से, जिसकी शुरुआत अमेरिका- इजरायल द्वारा ईरानी परमाणु ठिकानों पर हमलों से हुई और जिसके जवाब में तेहरान ने खाड़ी क्षेत्र के बुनियादी ढांचे पर मिसाइल हमले किए। इस पूरे घटनाक्रम ने पूरे पश्चिम एशिया को एक नए अस्थिर दौर में धकेल दिया है। तेल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाला जहाजी व्यापार बार-बार बाधित हो रहा है, और एक बार फिर यह क्षेत्र दुनिया को यह याद दिला रहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को झकझोरने की इसकी क्षमता कितनी गहरी है। इन सभी तनावों के बीच इस क्षेत्र में भारत के हित बहुत बड़े हैं। सबसे अहम है तेल और ऊर्जा पर उसकी निर्भरता, उसके बाद खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा और वहां से आने वाला पैसा, और फिर लगातार बढ़ते कूटनीतिक रिश्ते।**

भारत की विदेश नीति की मजबूती और उसका संतुलन यह दोनों ही भारत की कठिन परीक्षा जैसे है। ध्यान देने वाली बात यह है कि पिछले कई दशकों से भारत एक ऐसी नीति पर चल रहा है, जिसे आसान भाषा में कहें तो संतुलन बनाकर सबके साथ रिश्ते रखना कहा जा सकता है। यानी भारत ने खुद को किसी एक गुट या देश तक सीमित नहीं किया, बल्कि एक साथ ईरान, खाड़ी देशों, इजरायल और अमेरिका सभी से अच्छे संबंध बनाए रखे हैं। जियोपॉलिटिक्स में अक्सर कहा जाता है कि ऐसा संतुलन बनाए रखना मुश्किल होता है, लेकिन जब संकट आता है तो यही नीति सबसे ज्यादा काम आती है। अभी के टकराव में भी भारत ने बहुत सोच-समझकर कदम उठाए हैं जैसे भारत ने सबसे शांति बनाए रखने की अपील की, अपने आर्थिक हितों का ध्यान रखा और सभी पक्षों से बातचीत जारी रखी। इस तरह भारत ने अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और लंबे समय के हितों दोनों को सुरक्षित रखने की कोशिश की है। ईरान-अमेरिका टकराव से पैदा हुए इस संकट का सबसे पहला और सीधा असर आर्थिक मोर्चे पर दिखाई देता है। भारत अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का करीब 88 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है, इसलिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में किसी भी तरह की रुकावट का सीधा असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। यह समुद्री रास्ता दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में से एक है, जहां से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल गुजरता है। जब इस रास्ते से तेल ले जाने वाले टैंकरों की आवाजाही कम होती है या खतरे में पड़ती है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने लगती हैं। इसका सीधा असर भारत के आयात बिल पर पड़ता है, जिससे महंगाई बढ़ने, रुपये पर दबाव आने और आम लोगों की जेब पर असर पड़ने की आशंका बढ़ जाती है। पेट्रोल-डीजल के दाम से लेकर रोजमर्रा की चीजों तक, हर स्तर पर इसका असर महसूस किया जा सकता है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार ने इस तरह के संकट से निपटने के लिए तैयारी की है। ऊर्जा स्रोतों को अलग-अलग देशों में फैलाने यानी डायवर्सिफिकेशन और रणनीतिक तेल भंडार बनाने पर खास जोर दिया



गया है। यही वजह है कि मौजूदा संकट के बावजूद भारत पूरी तरह से असहज स्थिति में नहीं है। देश के पास लगभग दो महीने की जरूरत के बराबर पेट्रोलियम भंडार मौजूद है, जो आपात स्थिति में काम आता है। इसके अलावा, भारत ने रूस, अमेरिका और अन्य देशों से भी तेल की आपूर्ति बढ़ाकर अपने विकल्प खुले रखे हैं। इस रणनीति की वजह से अचानक पैदा हुए इस असंतुलन को काफी हद तक संभालने में मदद मिली है और तत्काल आपात जैसी स्थिति से बचा हुआ है। इस पूरे घटनाक्रम से एक बात बिल्कुल साफ हो जाती है कि आज के दौर में ऊर्जा सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, बल्कि मजबूरी और प्राथमिक आवश्यकता बन चुकी है। खासकर भारत जैसे देश के लिए, जिसकी आर्थिक विकास की रफ्तार काफी हद तक बाहर से आने वाले तेल और ईंधन पर निर्भर करती है, ऐसे संकट भविष्य में भी चुनौती बने रहेंगे। इसलिए लंबे समय की ठोस योजना, अलग-अलग देशों से ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करना और पर्याप्त तेल भंडार तैयार रखना ही उपाय है और इन्हीं उपायों के सहारे ऐसी आपात स्थितियों का असर कम किया जा सकता है और अर्थव्यवस्था को स्थिर रखा जा सकता है। भारत और ईरान के बीच आर्थिक संबंध इस मुश्किल समय में भी समझदारी और व्यावहारिक तरीके से बनाए रखे गए हैं। भले ही अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के चलते रुपये के बदले तेल का पुराना व्यापार बंद हो गया हो, लेकिन भारत ने एक वैकल्पिक रास्ता निकालते हुए ह्यूमैनेटेरियन विंडो के तहत रियायती दरों पर ईरान से एलपीजी की आपूर्ति जारी रखी। करीब 5 लाख टन एलपीजी की यह आपूर्ति भारत के लिए बेहद अहम साबित हुई, क्योंकि इससे अचानक उपजे संकट को टालने में मदद मिली। इस तरह की रणनीति ने भारत को बिना किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय दबाव में आए हुए अपनी ऊर्जा जरूरतों का एक हिस्सा यानी लगभग 5 प्रतिशत ईरान से बनाए रखने में मदद दी। भारत की इस रणनीति से दिखता है कि कठिन हालात में भी अगर नीति व्यावहारिक हो, तो जरूरी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। यही नहीं वैश्विक तनावों के बीच भारत ने अपने दूसरे विकल्पों को भी लगातार मजबूत किया है। संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब जैसे देशों के साथ ग्रीन हाइड्रोजन और अन्य ऊर्जा क्षेत्रों में करीब 10 अरब डॉलर का निवेश इस दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे न सिर्फ ऊर्जा के नए स्रोत और रास्ते खुल रहे हैं, बल्कि भारत एक भरोसेमंद और दीर्घकालिक साझेदार के रूप में भी उभर रहा है। साफ है कि इससे आने वाले समय में भारत की ऊर्जा सुरक्षा और ज्यादा मजबूत होगी। इस संकट का एक और बेहद महत्वपूर्ण पहलू खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा और उनके हितों से जुड़ा है। पश्चिम एशिया में लगभग एक करोड़ भारतीय काम करते हैं, और उनके द्वारा भेजा गया पैसा यानी रेमिटेंस भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत अहम है। ऐसे में क्षेत्रीय संघर्ष का कोई भी असर वह चाहे हवाई सेवाओं में बाधा हो या फिर आर्थिक गतिविधियों में कमी हो या बुनियादी ढांचे पर खतरा सीधे इन भारतीय प्रवासियों के जीवन पर पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए, जैसे ही हालात बिगड़ने लगे, भारत के विदेश मंत्रालय ने तेजी से कदम उठाए। संभावित प्रभावित क्षेत्रों से अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने की योजनाएं तैयार की गईं और आपातकालीन सहायता की व्यवस्था की गई। यह दिखाता है कि भारत के लिए यह मुद्दा सिर्फ रणनीतिक नहीं, बल्कि अपने नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ी एक मानवीय जिम्मेदारी भी है। भारत-ईरान संबंध इस पूरे परिदृश्य में एक संवेदनशील लेकिन महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। पश्चिमी प्रतिबंधों और भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद, भारत ने हमेशा ईरान को ऊर्जा सुरक्षा और मध्य एशिया तक पहुंच के लिहाज से एक अहम साझेदार माना है। चाबहार बंदरगाह जैसी परियोजनाएं इसी दीर्घकालिक सोच का हिस्सा हैं। मौजूदा संकट के बावजूद भारत ने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि ईरान के साथ सहयोग पूरी तरह प्रभावित न हो। दूसरी ओर, भारत संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देशों के साथ अपने आर्थिक और निवेश संबंधों को भी तेजी से मजबूत कर रहा है। इन समानांतर रिश्तों को संतुलित रखना आसान नहीं है, लेकिन यही संतुलन भारत को कूटनीतिक लचीलापन और विकल्प देता है। रणनीतिक दृष्टि से यह संकट क्षेत्रीय संपर्क (connectivity) परियोजनाओं के महत्व को भी रेखांकित करता है। चाबहार बंदरगाह, जो अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (INSTC) से जुड़ा है, भारत के लिए मध्य एशिया और उससे आगे के बाजारों तक पहुंच का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके साथ ही खाड़ी देशों और इजरायल के साथ उभरती आर्थिक और सुरक्षा साझेदारियां भारत की बदलती क्षेत्रीय भूमिका को भी दर्शाती हैं। इन सबके बीच में सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इन सभी पहलुओं को कैसे एक-दूसरे के पूरक के रूप में विकसित किया जाए, न कि प्रतिस्पर्धी ध्रुवों के रूप में। कूटनीतिक स्तर पर भारत ने सावधानीपूर्ण तटस्थता का रुख अपनाया है। विदेश मंत्रालय ने लगातार संयम, संवाद और तनाव कम करने की अपील की है। वैश्विक स्तर पर यह रुख भारत को सभी पक्षों के साथ ना सिर्फ जोड़े रखता बल्कि उसे किसी एक पक्ष के समर्थक के रूप में देखे जाने से बचाता है। वर्तमान समय में जब जहां प्रतिस्पर्धा और अविश्वास गहरे हो रहे हैं तब यह संतुलित नीति भारत की विश्वसनीयता को बढ़ाती है। दूरगामी और बहुआयामी परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारत की पश्चिम एशिया नीति अब परिपक्व होती दिखाई दे रही है। यह क्षेत्र अब केवल ऊर्जा आपूर्ति का स्रोत नहीं रहा, बल्कि एक जटिल रणनीतिक मंच बन चुका है, जहां आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा हित आपस में गहराई से जुड़े हैं। मौजूदा हालात या संकट से साफ तौर पर देखा जा सकता है कि अलग-अलग देशों के साथ रिश्ते बनाकर और परिस्थितियों के हिसाब से अपनी कूटनीति को बदलकर चलना ही सबसे बेहतर तरीका है।

अध्यात्म

## अच्छे कर्मों का फल हमेशा मीठा होता है



एक आदमी का घर और ऑफिस नीलाम होने जा रहा था। पिछले दस साल में अपना व्यवसाय खड़ा करने के लिए उस आदमी ने बाजार से काफी पैसा कर्ज ले लिया था, जिसे अब वह नहीं चुका पा रहा था। पिछले काफी दिनों से बैंक उसे चेतावनी दे रहा था, पर वह कुछ नहीं कर पाया। अपनी जिंदगी में उसने जो कुछ भी बनाया था, जो भी हासिल किया था, वह कुछ ही पलों में खत्म होने वाला था। लेकिन तभी बैंक के एक अफसर का उसके पास फोन आया, जिसने उसे बताया कि उसकी दोस्त ने उसका सारा कर्ज चुका दिया है। आदमी हैरत में था। एक तरफ उसे खुशी भी हो रही थी कि उसका घर और ऑफिस नीलाम होने से बच जाएगा, दूसरी तरफ यह भी लग रहा था कि दोस्त ने ऐसा क्यों किया, एकाएक वह इतने पैसे कहां से लाई?

आदमी तुरंत महिला दोस्त को धन्यवाद कहने उसके घर पहुंचा। उसने देखा कि वह अपना सारा सामान लेकर कहीं जा रही है। उसे समझ में आ गया था कि उसके लिए उसकी दोस्त ने अपना घर बेच दिया। आदमी ने उससे पूछा, तुमने आखिर ऐसा क्यों किया? दोस्त मुस्कराते हुए कहने लगी, तुम्हें पता है, कुछ साल पहले मैं किस तरह मौत के मुंह में पहुंच गई थी। अस्पताल में भर्ती होने पर पता चला कि उसी रात मुझे खून देना होगा। किसी ब्लड बैंक में मेरे ब्लड ग्रुप का खून नहीं था। तुम जानते थे कि हमारा ब्लड ग्रुप एक है, इसलिए उसी रात आकर, खून देकर तुमने मेरी जान बचाई थी। बाद में पता चला कि तुम डॉक्टर से कह रहे थे कि चाहे जितनी भी जरूरत हो, शरीर से खून निकाल लिया जाए। उस रात तुम न आते, तो शायद आज मैं जिंदा नहीं होती। मैंने तो सिर्फ अपना घर ही बेचा है। घर तो दोबारा भी बनाया जा सकता है न? यह किसी की जिंदगी बचाने से ज्यादा कीमती तो नहीं! यह सुनकर वह आदमी दो मिनट के लिए एकदम खामोश हो गया था। उसने दोस्त से वायदा किया कि अब उसका घर वह वापस बनवा कर देगा।

# डिजिटल युग में जनगणना : बदलाव की बुनियाद

**भरत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा को समझने का एक सशक्त माध्यम है। वर्ष 2021 में प्रस्तावित जनगणना, जो विभिन्न कारणों से विलंबित रही, अब एक नए स्वरूप में आरंभ होने जा रही है। यह जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक है, न केवल इसलिए कि यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, बल्कि इसलिए भी कि इसमें पहली बार जातीय आंकड़ों को व्यवस्थित रूप से संकलित किया जाएगा। यह पहल भारत के प्रशासनिक ढांचे, नीति-निर्माण और सामाजिक समझ को एक नई दिशा देने की क्षमता रखती है।**

डिजिटल जनगणना का सबसे बड़ा लाभ इसकी गति और सटीकता में निहित है। पारंपरिक कागज-आधारित प्रणाली में जहां आंकड़ों के संग्रह, संकलन और विश्लेषण में वर्षों लग जाते थे, वहीं डिजिटल माध्यम इस पूरी प्रक्रिया को कहीं अधिक त्वरित और त्रुटिहीन बना सकता है। मोबाइल एप, वेब पोर्टल और रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसे उपकरणों के माध्यम से डेटा सीधे केंद्रीय सर्वर पर पहुंचेगा, जिससे मानवीय भूलों की संभावना न्यूनतम हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, यह प्रणाली पारदर्शिता को भी बढ़ाएगी और डेटा के सुरक्षित भंडारण को सुनिश्चित करेगी।

इस जनगणना की एक विशेषता यह भी है कि नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। यह न केवल नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देगा, बल्कि प्रशासनिक बोझ को भी कम करेगा। हालांकि, इसके साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है। लोगों को अपनी जानकारी पूरी ईमानदारी और सावधानी से भरनी होगी, क्योंकि यह डेटा न केवल वर्तमान नीतियों के निर्माण में सहायक होगा, बल्कि भविष्य की योजनाओं की नींव भी बनेगा। जनगणना आयुक्त द्वारा दी गई गोपनीयता की गारंटी इस प्रक्रिया में विश्वास को मजबूत करती है, जिससे लोग बिना किसी भय के अपनी जानकारी साझा कर सकेंगे।

जनगणना को दो चरणों में पूरा करने का निर्णय भी एक महत्वपूर्ण बदलाव है। पहले




चरण में घरों की सूचीकरण और आवास से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक पहलुओं का विवरण लिया जाएगा। यह विभाजन न केवल प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित बनाएगा, बल्कि डेटा के विश्लेषण को भी अधिक सटीक और उपयोगी बनाएगा। इससे सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में लक्षित योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आवास।

इस जनगणना का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू जातीय आंकड़ों का संकलन है। स्वतंत्र भारत में यह पहली बार होगा जब जातियों का विस्तृत विवरण एकत्र किया जाएगा। इससे देश की सामाजिक संरचना की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी, जो अब तक केवल अनुमान और अधूरी जानकारी पर आधारित रही है। वर्ष 1931 के बाद से जातिगत जनगणना नहीं हुई है, इसलिए वर्तमान में विभिन्न जातीय समूहों के संख्याबल और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बारे में स्पष्ट और प्रमाणिक आंकड़ों का अभाव है। ऐसे में यह जनगणना कई मिथकों और धारणाओं को तोड़ने का कार्य कर सकती है।

हालांकि, जातीय जनगणना के साथ कुछ चिंताएं भी जुड़ी हुई हैं। सबसे बड़ी आशंका यह है कि इन आंकड़ों का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए किया जा सकता है। भारत में पहले से ही जाति आधारित राजनीति का प्रभाव देखा गया है, और यदि इन आंकड़ों का दुरुपयोग हुआ, तो यह सामाजिक विभाजन को और गहरा कर सकता है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार इन आंकड़ों की व्याख्या कर सकते हैं, जिससे समाज में वैमनस्य और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसलिए यह आवश्यक है कि सरकार इस दिशा में ठोस नीतिगत उपाय करे, ताकि जनगणना के आंकड़ों का उपयोग केवल विकास और कल्याणकारी योजनाओं के लिए ही किया जाए।

जनगणना का मूल उद्देश्य देश की जनसंख्या की संरचना, उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को समझना है, ताकि प्रभावी नीतियां बनाई जा सकें। यह किसी भी प्रकार के संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति का साधन नहीं होना चाहिए। यदि जनगणना के आंकड़ों का उपयोग सही दिशा में किया जाए, तो यह देश के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उदाहरण के लिए, शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े वर्गों की पहचान कर उन्हें विशेष सहायता प्रदान की जा सकती है, स्वास्थ्य सेवाओं को दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचाया जा सकता है और रोजगार के अवसरों को बेहतर तरीके से वितरित किया जा सकता है। डिजिटल जनगणना के माध्यम से डेटा की गुणवत्ता में सुधार होने के साथ-साथ नीति-निर्माण में भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलेगा। यह सरकार को वास्तविक समय में निर्णय लेने में सक्षम बनाएगा और योजनाओं के प्रभाव का मूल्यांकन करने में भी सहायता करेगा। इसके अतिरिक्त, यह निजी क्षेत्र और शोधकर्ताओं के लिए भी उपयोगी सिद्ध हो सकता है, जो इन आंकड़ों के आधार पर सामाजिक और आर्थिक अध्ययन कर सकेंगे।

डिजिटल जनगणना भारत के प्रशासनिक और सामाजिक ढांचे में एक क्रांतिकारी परिवर्तन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। यह केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश की वास्तविक स्थिति को समझने और उसे सुधारने का एक सशक्त माध्यम है। हालांकि, इसके साथ जुड़ी चुनौतियों और संभावित जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। विशेष रूप से जातीय आंकड़ों के संदर्भ में सावधानी और संवेदनशीलता की आवश्यकता है, ताकि यह पहल समाज को जोड़ने का कार्य करे, न कि विभाजन का। इस दिशा में सरकार, प्रशासन और नागरिकों, तीनों की जिम्मेदारी है कि वे इस प्रक्रिया को सफल बनाएं और इसके उद्देश्यों को सही दिशा में ले जाएं। यदि ऐसा होता है, तो यह जनगणना न केवल वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करेगी, बल्कि भविष्य के भारत के निर्माण में भी एक मजबूत आधारशिला साबित होगी।

## आज का कार्टून

जदयू में नीतीश कुमार के बाद बेटे निशांत कुमार को सीएम बनाने की मांग तेज




## राशिफल

**मेष**
आज महत्वपूर्ण निर्णयों को लेने से बचें। आपको अधिक भावुक होने से बचना चाहिये। कार्यक्षेत्र के तनाव का असर घर पर न पड़ने दें।

**वृषभ**
शत्रुओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। विदेश जाने के अवसर मिलने की सम्भावना बन रही है। दाम्पत्य सम्बन्धों में तालमेल बेहतरीन रहने वाला है।

**मिथुन**
छोटे बच्चों की परवरिश को लेकर चिन्तायुक्त हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में कटौती की जा सकती है। अपने सिद्धान्तों और विचारों से समझौता न करें।

**कर्क**
ऑनलाइन विज्ञापनों के माध्यम से अपने काम की योजना बना सकते हैं। परिवार को खुश रखने के लिये महँगी वस्तुओं को खरीद सकते हैं।

**सिंह**
अपनी क्षमताओं का तटस्थता से अवलोकन करें और अतिरिक्त बोझ लेने से बचें। घर और कार्यक्षेत्र दोनों में सामंजस्य बिठाना परेशानी भरा हो सकता है।

**कन्या**
सन्तान का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है। व्यापार को लेकर परेशानियाँ हल हो जायेंगी। आपका व्यवहार सबके प्रति काफी अच्छा रहेगा।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में पदोन्नति को लेकर चर्चा चल सकती है। कारोबार में कुछ अभिनव प्रयोग कर सकते हैं। परिवार और समाज के लोग आपकी प्रशंसा करेंगे।

**वृश्चिक**
उच्च अधिकारी निर्णयों पर प्रश्नचिन्ह लगा सकते हैं। महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। अपनी गलतियों से सीखने का प्रयास करेंगे।

**धनु**
अपनी सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारियों का पालन करें। अनजान लोगों पर सहज विश्वास न करें। अपने विचारों को दूसरों के ऊपर न थोपें। किसी मित्र को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**मकर**
वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है। लोग आपसे राय लेना पसन्द करेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे। संगीत से जुड़े लोगों को अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। अटके हुये कार्यों को प्रारम्भ करने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं दूर की यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मीन**
दिन की शुरुआत बेहतरीन रहेगी। शीघ्र सफलता प्राप्त करने के लिये जल्दबाजी करने से बचें। विद्यार्थी उच्च शिक्षा और अध्ययन को लेकर उत्सुक रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### गांव की छिपी हुई प्रतिभा के राष्ट्रीय फलक तक पहुंचने में मिलेगी मदद : विधान पार्षद रवीन्द्र सिंह

**मसौढ़ी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत धनरूआ प्रखंड के लवाईच में स्व. राममनोहर लोहिया खेल क्लब भवन निर्माण कार्य का विधान पार्षद रविंद्र सिंह कार्यप्रारंभ किया. मौके पर जिला अध्यक्ष पटना ग्रामीण अशोक सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष वेद प्रकाश, ललन आजाद,सुनील वर्मा,आदी ने ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर कार्य प्रारंभ कराया. विधान पार्षद रविंद्र सिंह ने कहा की नौ लाख रुपये की प्राकल्लन राशि से यह खेल भवन बनाये जा रहे हैं जो डेढ़ महीने के अंतराल में बनकर तैयार हो जायेगा. उन्होंने कहा कि सूबे की सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए गांव से लेकर शहर तक सुविधा मुहैया करा रही है. उन्होंने कहा कि इससे गांव की प्रतिभा जो अब तक छिपी हुई थी उसे राष्ट्रीय फलक तक पहुंचने में मदद मिल पायेगी. सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के अंदर खेल के प्रति बढ़ावा देने का अपनी ओर से हरसंभव प्रयास कर रही है, खेल क्लब भवन में युवाओं के लिए हर तरह के खेल के साधन उपलब्ध करवाएंगे, जैसे बैट बॉल, कैरम बोर्ड ,हॉकी कई तरह के खेल उपकरण रहेंगे। वैसे छात्र-छात्र युवा जो स्कूल जाते हैं वह स्कूल से जब आएंगे तो वह शाम को मोबाइल की जो लत लग गई है उससे कम से कम या दूर होंगे। खेलने से न केवल शररीक बल्किऔर मानसिक तौर पर भी मजबूती मिलेगी। मौके पर राजेश्वर प्रसाद सिंह पंकज पटेल एवं अन्य गण्यमान्य उपस्थित रहे।



### आहर-पईन के अतिक्रमण पर ग्रामीणों ने दिया प्रतिवेदन

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के तोप गांव के ग्रामीणों ने पार नदी खंधा के करीब 15 एकड़ खेती योग्य भूमि पर सिंचाई के परंपरागत श्रोत पईन के अतिक्रमण को हटाने के लिए अंचलाधिकारी को प्रतिवेदन सौंपा है। 50 से ज्यादा हस्ताक्षर युक्त आवेदन में खाता 182,खसरा 1087 जिसकी लंबाई करीब 55 डीसीमिल रकबे को अतिक्रमण मुक्त कर इसकी उड़ाही की मांग की है।पईन में कुछ दबंग किस्म के लोगों ने इसे भरकर खेतनुमा रचना बना दिया है जिसके कारण इसमें बरसाती भुतही नदी की शाखा हेठलकी नदी का जल प्रवाह नहीं पहुंच पता है।ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी और लघु जल सिंचाई विभाग के अधिकारियों से उपरोक्त पईन की समुचित उड़ाही कर इसे अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।



### ट्रांसफार्मर बनाने के बिजली मिस्त्री को लगा करंट

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडारक प्रखंड के पैठणी चर्च गांव के पास ट्रांसफार्मर से तेल टपकने की शिकायत पर बिजली मिस्त्री को बनाने के लिए भेजा गया बिजली मिस्त्री 30 वर्षीय मुकेश कुमार ट्रांसफार्मर को ठीक करने का जैसे ही प्रयास किया कि उसका माथा का ऊपरी हिस्सा करंट की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया इस दौरान उसके बाएं पैर भी बुरी तरह से जख्म हो गया और करीब 10 फीट ऊपर से करंट का झटका खाकर गिरने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ में भर्ती कराया गया है जहां मिस्त्री की हालत गंभीर बनी हुई है।

### नाबालिक को लेकर हुआ फरार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तिनेरी गांव की है, जहां पर एक नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर कर लेकर भाग जाने का मामला प्रकाश में आया है, इस मामले में जब लड़की के परिजनों को सूचना मिली और इधर-उधर से जानकारी ली तो गांव के ही एक युवक पर आरोप लगाए गए जब उसके परिवार वालों से घर पर पूछताछ करने के लिए गए तो सबों ने मिलकर लड़की के परिजनों को जमकर पिटाई करते हुए से जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि दोबारा कभी नहीं आना इस मामले में पीड़ित ने कुल पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए मसौढी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की है जिसमें अंजन कुमार, रंजन कुमार, देवंती देवी सोनाली कुमारी, गुंजन कुमार आदि पर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार की है पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

### बाजार करने गई लड़की हुई लापता

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के महाराजचक गांव से मसौढी बाजार करने घर से निकली लड़की देर शाम तक वापस नहीं पहुंची और रास्ते से ही लापता हो गई है, ऐसे में परिजनों ने मसौढी थाने में पहुंचकर मामला दर्ज करते हुए पुलिस कार्रवाई की गुहार लगाई है, इसमें जयमंती देवी पति रविंद्र प्रसाद महराजचक निवासी ने मसौढी थाने में आवेदन लिखकर अपनी बेटी आशा कुमारी पिता रविंद्र प्रसाद के बारे में लिखा है कि हमारी बेटी बिते बुधवार की शाम को मसौढी बाजार करने के लिए शाम को निकली थी वापस घर नहीं आई है सभी रिश्तेदारों से पता किए हैं नही मिली और ना ही कुछ जानकारी मिली, इस मामले में पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र बैठा अयोग्य घोषित

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य निर्वाचन आयोग ने रजनी कुमारी बनाम वीरेंद्र बैठा वाद संख्या 24/2025 की सुनवाई के बाद पालीगंज नगर पंचायत के अध्यक्ष वीरेंद्र बैठा को बिहार नगर पालिका अधिनियम, 2007 की धारा 18(1)(ठ) सहपठित धारा 18(2) के तहत अयोग्य घोषित करते हुए तत्काल प्रभाव से पद से मुक्त कर दिया है। आयोग के आदेश में कहा गया है कि वीरेंद्र बैठा ने अधिनियम के तहत निर्धारित वैधानिक कर्तव्यों की जानबूझकर उपेक्षा की तथा निहित शक्तियों का दुरुपयोग किया। सुनवाई के उपरांत राज्य निर्वाचन आयुक्त ने उन्हें दोषी पाते हुए यह कार्रवाई की। आदेश जारी होते ही पालीगंज नगर पंचायत के मुख्य पार्षद का पद रिक्त मान लिया गया है।

### एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आई युवती की हुई मौत

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल अंतर्गत अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर नीचे से ट्रैक पार कर रही युवती थ्रू पास कर रही ट्रेन संख्या 13402 दानापुर भागलपुर इंटरसिटी की चपेट में आ गई,जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, युवती की पहचान अथमलगोला प्रखंड के ही बहादुरपुर गांव निवासी अलबेला यादव की छोटी पुत्री 23 वर्षीय काजल कुमारी के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की गुरूवार करीब संध्या 06 बजे के आसपास भागलपुर इंटरसिटी थ्रू पास कर रही थी,युवती अथमलगोला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 02 के हावड़ा इंड साइड पोल संख्या 489 के पास से ट्रैक पार कर रही थी,इसी दरमियान वो उक्त ट्रेन की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पढाई व कब्बडी खेल से था लगाव। ग्रामीण सूत्रों के मुताबिक मृतक काजल (23 साल) का पढाई व कब्बडी खेल से गहरा लगाव था वो प्रखंड स्तर के महिला कब्बडी टीम का हिस्सा भी रही है,वो पढाई में भी अच्छी थी।

# कौशल से आत्मनिर्भरता की ओर-मशरूम उत्पादन में युवाओं के लिए नए अवसर : प्रो. शांडिल्य



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टीपीएस कॉलेज, पटना के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित एक माह का कार्यशाला 'ऑयस्टर मशरूम कल्टीवेशन एवं स्पॉन प्रोडक्शन' का समापन (वैलेडिक्टरी फंक्शन) आज विभाग परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम क्द्दअउ, टी.पी.एस. कॉलेज के सहयोग से आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने अपने विशेष संबोधन में कहा कि मशरूम का इतिहास अत्यंत प्राचीन और रोचक रहा है। प्राचीन काल में इसे 'देवताओं का आहार' माना जाता था और इसकी दुर्लभता के कारण इसे विशेष महत्व प्राप्त था। आज वही मशरूम विज्ञान और तकनीक के माध्यम से आम लोगों के लिए आय और पोषण का सशक्त साधन बन चुका है। विशेष रूप से ऑयस्टर मशरूम कम समय (21 दिन) में तैयार होकर युवाओं को त्वरित आय का अवसर प्रदान करता है। बिहार में नालंदा जिला मशरूम उत्पादन के एक उभरते केंद्र के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है। यदि विद्यार्थी इस प्रशिक्षण को आत्मसात कर व्यावहारिक रूप में अपनाएं, तो वे न केवल आत्मनिर्भर बन सकते हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. मनोरमा कुमारी (विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय) उपस्थित रहीं जबकि विशिष्ट अतिथि प्रो. रिमझिम शील (पूर्व डीन, विज्ञान संकाय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय) थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं आयोजन प्रमुख डॉ. विनय भूषण कुमार ने की। संचालन समन्वयक डॉ. रवि प्रभाकर ने किया। इस अवसर पर 50 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रो. विजय कुमार सिन्हा, प्रो. रूपम, प्रो. अंजलि, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. सोनू प्रताप, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. सुशोभन पलाधि, डॉ. सानंदा सिन्हा, डॉ. ज्योत्स्ना कुमारी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं मीडिया संयोजक डॉ. मुकुंद कुमार भी उपस्थित थे।

## बच्चेदानी के कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन जरूरी : डॉ अमन



**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार एवं बिहार सरकार के द्वारा सर्वाइकल कैंसर अर्थात बच्चेदानी के कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन लॉन्च किया गया है।जिसका टीकाकरण चलाया जा रहा है।एवं लोगों को दिया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ अमन कुमार ने बताया कि इसमें पहले सवार्वैक वैक्सीन दिया जाता था। अब उसके जगह पर ऋक्ष्अफ्छ्अरक्छ वैक्सीन दिया जा रहा है। जो 14 से 15 वर्ष के बीच की बच्चियों को दिया जा रहा है।हिंदुस्तान में जो फीमेल फील्ड मोर्टालिटी है उसमें सबसे बड़ा कारक है वह सर्वाइकल कैंसर है। यह वैक्सीन इस चीज से हमें बचाती है। यह सबसे जरूरी वैक्सीनों में से एक है।जिसे हमारी बच्चियों को लेना चाहिए।ताकि भविष्य में जो सर्वाइकल कैंसर का रेशियो है वह तेजी से घटे। यह वैक्सीन महिलाओं हेतु लाभप्रद है।क्योंकि जो भारत में फीमेल फील्ड मोर्टालिटी का सबसे बड़ा कारण है वह सर्वाइकल कैंसर ही है और यह हमें इस चीज से बचाता है तो हमें इससे उच्च महत्व देना है। चैनल के माध्यम से मैं महिलाओं से अनुरोध करता हूं कि वह आए और इस टीकाकरण योजना का लाभ उठाएं। हमने अपने सेंटर पर लोगों में जागरूकता लाने हेतु हाई लेवल मीटिंग किया और हमारे जितने भी हेल्थ स्टाफ है चाहे वो सी०एच०ओ हो, मेडिकल ऑफिसर हो, ए०एन०एम हो,आशा हो उन्हें हमने इस विषय में पूरी जानकारी दी है।

## हेल्थ इंस्टिच्यूट में अप्रैल भर निःशुल्क की जाएगी श्रवण-जांच

### हकलाने-तुतलाने वालों की भी होगी निःशुल्क वाक्-चिकित्सा



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हकलाना, तुतलाना, स्वर का स्पष्ट नहीं निकलना जैसी समस्याएं ऐसी हैं, जो व्यक्ति के आत्म-विश्वास को कमजोर करती हैं। ऐसे व्यक्ति जीवन में सफलता के लिए सदैव सशंकित रहते हैं। वाक् एवं श्रवण विज्ञान के क्षेत्र में इतना तकनीकी विकास हो चुका है कि ऐसे मरीज पूरी तरह से रोग-मुक्त हो सकते हैं। एक दिन के बच्चे की भी जांच कर बताया जा सकता है कि वह बहरा तो नहीं है। यह बातें शुक्रवार को बेऊर स्थित इंडियन इंस्टिच्यूट ऑफ हेल्थ एडुकेशन ऐंड रिसर्च में आज से आरम्भ हुए 'निःशुल्क श्रवण-जांच एवं वाक्-चिकित्सा शिविर' के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक-प्रमुख और सुप्रसिद्ध साहित्यकार डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि इस संस्थान में पूरे अप्रैल भर सुनने और बोलने से संबंधित सभी समस्याओं की निःशुल्क जांच के साथ स्पीच-थेरापी की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध करायी जाएगी। समारोह के मुख्य-अतिथि और बिहार के पूर्व पुलिस महानिरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने कहा कि समाज में अब भी जागरूकता की कमी है। बहुत थोड़े से लोग जानते हैं कि हकलाने-तुतलाने जैसी बीमारियों का उपचार हो सकता है। विशिष्ट अतिथि और पूर्व पुलिस उपाधीक्षक रामचंद्र राम ने अपनी पत्नी का उदाहरण देकर बताया कि किस प्रकार इस संस्थान के एक फीजियोथेरापी के छात्र ने, उनकी पत्नी जो चलने से लाचार हो गयीं थीं, उन्हें चलने-फिरने योग्य बना दिया। अब वो अपने सारे कार्य स्वयं करती हैं। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध चिकित्सक डा रामानुज शर्मा, डा ललन कुमार, डा संजीत कुमार, ई बी पी सिंह, प्रो कपिल मुनि दूबे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों का स्वागत संस्थान के ऑडियोलौजी ऐंड स्पीच पैथोलौजी विभाग की प्रभारी अध्यक्ष डा नेहा कुमारी ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन संस्थान के छात्र-कल्याण संकायाध्यक्ष अधिवक्ता अहसास मणिकान्त ने किया। मंच का संचालन डा संतोष कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रशासी पदाधिकारी सूबेदार संजय कुमार, प्रो चंद्रा आभा, डा आदित्य कमार ओझा, प्रो नीतीश कुमार भार्गव समेत बड़ी संख्या में उपचार के लिए आए मरीज और संस्थान के छात्रगण उपस्थित थे। शिविर के पहले दिन कुल 252 व्यक्तियों की जाँच की गयी, जिनमे से 65 को स्पीचथेरापी के लिए चिन्हित किया गया है। शिविर में डा नेहा कुमारी, डा आकाश कुमार, डा धनंजय कुमार, कनीय स्पीचथेरापिस्ट अनन्या कुमारी,कुणाल प्रकाश, शिवानी कुमारी तथा हिमांशु कुमार सिंह ने भी अपनी सेवाएँ दीं।

## नदमा गांव में देश-विदेश के पहलवान दिखाएंगे अपना जौहर, बाहरी पहलवानों का आना शुरू



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नदमा गांव मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह के पैतृक गांव होने के साथ-साथ कुश्ती का महा दंगल होने के चलते इन दिनों सुर्खियों में है नदमा गांव के पास करीब 15 बीघा जमीन पर महा दंगल की व्यवस्था की जा रही है। इलाके के बिहार केसरी स्वर्गीय विवेकानंद सिंह की पहली पुण्यतिथि पर पहलवान का जमघट लगेगा करीब एक दर्जन से भी ज्यादा विदेशी पहलवान के साथ-साथ देश के हर कोने से पहलवान का पहुंचना शुरू हो गया है। लाखों रुपए खर्च करके अखाड़ा का निर्माण पूरी तरह से बनकर तैयार है और अनंत सिंह खुद विधि व्यवस्था देख रहे हैं। इस दौरान घुड़सवारी का भी लोग आनंद उठाएंगे अनंत सिंह के अस्तबल में करीब एक दर्जन नामी घोड़े अपना जौहर दिखाने के लिए तैयार है। अनंत सिंह से हुई बातचीत में अनंत सिंह ने बताया कि करीब 10 लाख लोग के पहुंचने की संभावना है उनके ठहरने और खाने-पीने की व्यवस्था की गई है और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे आनंद सिंह से जब यह पूछा गया कि क्या आपने कभी कुश्ती लड़ी है तो उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि मेरे परिवार के लोग इसमें महारत हासिल किए हैं। मैं कभी अखाड़े में कुश्ती नहीं लड़ा हूं लेकिन यह कुश्ती सुख नशा करने वाले लोगों को एक नसीहत देगा ताकि लोग अपने सेहत पर ध्यान देकर यहां के कुश्ती से सबक लेंगे गांव के भागवत पहलवान सैना सिंह पहलवान और बिहार केसरी विवेकानंद पहलवान ने पूरे देश में अपना नाम रोशन किया है विधायक से जब यह पूछा गया कि आपको पर्यावरण के क्षेत्र में बिहार सरकार ने जिम्मेदारी सोपी है तो उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## फसल काटने वाला आरोपी अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडारक थाना क्षेत्र के रैली दियारा इलाके में हथियार के बल पर फसल काटने की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के पास से अवैध हथियार और जिंदा गोलियां भी बरामद की गई हैं, जबकि उसका एक सहयोगी फरार बताया जा रहा है। एसडीपीओ बाढ़ 1 रामकृष्ण ने गुरुवार को लगभग 2 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पंडारक थाना अध्यक्ष नवनीत राय को गुप्त सूचना मिली थी कि रैली दियारा क्षेत्र में कुछ लोग हथियार के बल पर फसल काट रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने नरेश महतो (55 वर्ष), , को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से दो देसी कट्टा और नौ जिंदा गोलियां बरामद की हैं। वहीं, उसका सहयोगी सुधीर यादव (38 वर्ष), निवासी भीमटोला, थाना एनटीपीसी, जिला पटना, मौके से फरार हो गया।

## बिहार राज्य खाद्य निगम के गोदाम का डीसीएलआर ने किया वार्षिक भौतिक सत्यापन



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी मुख्यालय स्थित बिहार राज्य खाद निगम के गोदाम का डीसीएलआर कोमल किरण के द्वारा वार्षिक भौतिक सत्यापन किया गया.जहां जहां 1 साल के अंतर्गत अनाज का उठाव,वितरण आदी की सारी प्रक्रियाओं की जांच की गई, इस मौके पर गोदाम के स्टॉक रजिस्टर, अनाज के पट्टों का वजन कर उनके रखरखाव के बारे में जानकारी ली गई. जांच पदाधिकारी ने मौके पर मौजुद गोदाम प्रभारी ओम प्रकाश यादव को सख्त निर्देश दिए कि अनाज के रखरखाव पर दें ध्यान,उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा खरीदे गए अनाज के रखरखाव में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए. साथ ही समय-समय पर गोदाम की चेकिंग की जाएगी. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि गड़बड़ी पाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गोदाम का निरीक्षण के दौरान गोदाम में गेहूं, चावल कितना बचा हुआ देखा। सत्यापन करने पर गोदाम में सबकुछ ठीक मिला। उन्होंने निर्देश दिए कि राशन कार्ड धारकों को दिए जाने वाले राशन में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उचित दर विक्रेताओं के यहां मांग के अनुसार राशन पहुंचाया जाए। इसके अलावा धनरूआ एवं पुनपुन गोदाम का भी वार्षिक भौतिक सत्यापन करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर जांच की गई और सबों को कई दिशा निर्देश दिए गए जांच की रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप भेजी जायेगी।

## दीदी की रसोई में कार्यरत जीविका दीदीयों को फोन कॉल कर अश्लील बातें करने की शिकायत

**मसौढी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी अनुमंडलीय अस्पताल स्थित चल रहे जीविका अधिकार दीदी की रसोई में कार्यरत जिविका दीदी के मोबाइल पर इन दोनों पिछले कई दिनों से कोई अज्ञात कॉल करके गंदी-गंदी बातें कर उन्हें टॉर्चर करने का मामला प्रकाश में आया है, इस संबंध में पीड़ित महिलाओं ने अनुमंडल पुलिस कार्यालय पर एक लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है, इस संबंध में प्रखंड परियोजना पदाधिकारी दिग्विजय नारायण समदर्शी ने बताया कि दीदी की रसोई में काम करने वाली महिला कर्मचारियों के मोबाइल पर एक अज्ञात कॉल आया था और उसे कॉल पर कोई पुरुष व्यक्ति कई अश्लील बातें करता हुआ दिखाई दिया है, दो महीना पहले भी एक जीविका दीदी के मोबाइल पर किसी ने फोन कर बहुत ही गंदी-गंदी बातें किया था, हालांकि फोन काट देने के बाद नंबर बदल बदल कर फोन कर इन सबों को परेशान कर रहा है, इस संबंध में पूर्व में भी मसौढी थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी, ऐसे में गुरुवार को भी एक जीविका दीदी के मोबाइल पर फोन कर कोई अज्ञात व्यक्ति बहुत ही अश्लील बातें कर रहा था, जो सुनने योग्य तक नहीं है, इस संबंध में सभी जीविका दीदी के द्वारा एक लिखित आवेदन देकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा कार्रवाई की गुहार लगाई हैं अज्ञात कॉल के द्वारा अश्लील बातें करने से सभी जीविका दीदी मानसिक रूप से बहुत ही परेशान दिख रही है।

## सात बीघे की गेहूं फसल में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान महीनों की मेहनत हुई खाक



**धनरूआ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बौरही गांव में किसानों की महीनों भर की मेहनत आग में खाक हो गई है। दरअसल गुरुवार की दोपहर अचानक गेहूं के खेतों में भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और लगभग दो किसानों ई सात बिघे में खड़ी फसल जलकर राख हो गई। इस घटना से क्षेत्र के दो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।ग्रामीणों के अनुसार दोपहर के समय अधिकांश किसान घरों में थे। तभी खेतों की ओर से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। गांव के युवकों ने शोर मचाकर लोगों को सूचना दी। पछुआ हवा चलने से आग तेजी से फैलती चली गई और देखते ही देखते कई खेत इसकी चपेट में आ गए। अग्निकांड में बिट्टू सिंह पिता स्व विश्वेश्वर सिंह के पांच बिघे की फसल और कुंदन सिंह पिता देवेंद्र सिंह के डेढ़ बिघे की फसल जल गई। बौरही निवासी बिट्टू सिंह जो खेती नगदी पट्टा पर लेकर खेती करते हैं जिन्हें दोहरी नुकसान हुआ है। बहरहाल आग इतनी तेज थी कि दूर तक धुएं का गुबार दिखाई देता रहा और मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। निजी पंपिंग सेट, पानी और मिट्टी के सहारे ग्रामीणों ने घंटों मशक्कत की। इसी दौरान अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई।ग्रामीणों के प्रयासों के चलते आग को आगे फैलने से रोका जा सका। काफी देर की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक कई बीघे गेहूं की फसल पूरी तरह जल चुकी थी। हालांकि आग कैसे लगी इस बात का कारणों का खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। वहीं से आग लगी की घटना के बाद कृषि पदाधिकारी ने कहा की नुकसान का आकलन तैयार कर रिपोर्ट भेजी जायेगी।

# स्वर्ण व्यवसायियों के साथ पुलिस ने की बैठक, संदिग्ध व नाबालिग से ना करे लेनदेन-थानाध्यक्ष रजनीश कुमार



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार की शाम को मनेर वैश्य धर्मशाला के परिसर में स्वर्ण व्यवसाइयों के साथ मनेर पुलिस ने बैठक की। बैठक में मनेर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार के अलावा कई पुलिस के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में मौजूद स्वर्ण व्यवसाईयो को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा कि इलाके में लगातार घटनाओं को देखते हुए यह बैठक की गई है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी दुकानदार अपने दुकानों में सबसे पहले सीसीटीवी कैमरा लगा ले, जिसके कारण होने वाली किसी तरह की घटना-दुर्घटना में शामिल कोई भी व्यक्ति की पहचान करने में पुलिस को आसानी होगी। अगर किसी तरह की घटना दुर्घटना होती है तो फुटेज किसी को मत उपलब्ध कराइये। वायरल होने के बाद पुलिस को कार्रवाई करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा एक रजिस्टर पंजी बनाएं जिनका वेरिफिकेशन हर रोज मनेर थाने के दो पुलिसकर्मी करने के लिए हर स्वर्ण व्यवसाई के दुकान पर आएंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कोई भी स्वर्ण व्यवसाई महिला हो या पुरुष संदिग्ध और नाबालिग से किसी प्रकार के गहनों की खरीद बिक्री न करें। अगर किसी तरह का खरीद बिक्री करना है उक्त व्यक्ति का आधार कार्ड पहचान पत्र मोबाइल नंबर लेते हुए रजिस्टर में हस्ताक्षर कराए, कोई भी व्यक्ति या नाबालिग कम कीमत पर ज्वेलरी की बिक्री करने आए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस के गाइडलाइन के अनुसार दुकानदार काम करेंगे तो कानूनी दाव पेज बचे रहेंगे। इसके अलावा कई व्यवसाइयो दुकान के लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदन करने की भी बात कही, थानाध्यक्ष ने कहा कि आवेदन जमा करें लेकिन लाइसेंस देने का काम जिला अधिकारी साहब की है। इसके अलावा दुकानदारों ने कहा कि 112 डायल को सूचना देने पर नहीं पहुंच पाते है। थाना अध्यक्ष ने कहा कि 112 डायल पुलिस को 10 मिनट के अंदर सूचना के स्थल पर पहुंचना है। अगर किसी प्रकार की समस्या हो तो तुरंत हमारे सरकारी मोबाइल नंबर पर सूचना दें। मौके पर स्वर्ण व्यवसाई दीपक सोनी, लल्लू खत्री, सुनील स्वर्णकार, रंजीत सोनी, कृष्ण गुप्ता, गोलू गुप्ता, सोनू सोनी, सत्य प्रकाश स्वर्णकार, श्रीकांत स्वर्णकार सहित कई थे।

## लज्जा भंग करने मामले में फरार अभियुक्त के घर पर साटा गया इश्तेहार





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव में एक महिला के साथ मारपीट करने उसके लज्जा भंग करने मामले में फरार चल रहे आरोपियों के घर पर गुरुवार को आरोपियों के खिलाफ इश्तेहार साट कर सरेंडर करने की चेतावनी दी है। दरअसल घटना 2 सितंबर 2025 की देर शाम की है जहां पर एक महिला के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा था कि जब हम रात में घर में बैठे थे तो चार-पांच लोग आप मेरे घर पर आए और मुझे बाल पड़कर खींचते हुए गली में ले गये और मुझे पटक दिया उसे वक्त हम अर्धनग्न हो गये और मेरे साथ बेरहमी से मारपीट कर अधमरा कर दिया गया, इस मामले में कुल चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी, इसी मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों के खिलाफ उसके घर पर इश्तेहार साटने की कार्रवाई की गई है और जल्द ही सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है, थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि गुरुवार को मसौढी थाना कांड संख्या 712/25 दिनांक 02.09.25 के प्राथमिकी अभियुक्त 01.रोहित कुमार पिता जगदीश यादव एंड 02. कुंदन कुमार पिता योगेंद्र यादव दोनों घर मीरापुर थाना मसौढ़ी के घर पर इश्तिहार तामीला किया गया है। और दोनों फरार आरोपियों को जल्द ही सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है अन्यथा कुर्की की कार्रवाई की जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### ढाका से लेकर फुलवरिया घाट तक लंबित निर्माण कार्य का निरीक्षण



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण एवं अनुमंडल पदाधिकारी सिकरहना, ढाका द्वारा परियोजना निदेशक, NHAI, अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण एवं अंचलाधिकारी, ढाका के साथ पथ मार्ग में किए गए अतिक्रमण को खाली कराने एवं लंबित मुआवजा भुगतान में आ रही कठिनाई के संदर्भ में स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा निर्माण कार्य काजायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में रायतों की सुविधा को देखते हुए कैंप मोड में एलसीएम अन्य कागजात का निर्माण करने हेतु अंचलाधिकारी, ढाका को निर्देशित किया गया। लंबित भुगतान के मामले में जल्द से जल्द पोर्टल पर रैयतों का विवरण अपलोड कर भुगतान करने हेतु परियोजना निदेशक को निर्देशित किया गया।

### स्कूल के टॉपरों को किया गया सम्मानित



**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित आवासीय इंडियन पब्लिक हाई स्कूल के परिसर में गुरुवार को आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में वर्ग नर्सरी से नौंवी तक के बच्चों का वार्षिक परीक्षा का परिणाम समारोह पूर्वक घोषित किया गया जिसमें स्कूल टॉपर के रूप में वर्ग 9 से सावन कुमार ,वर्ग 7 से इशांत कुमार व वर्ग एलकेजी से अरहान आलम को सम्मानित किया गया ।साथ ही सभी वर्ग में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।सामारोह में विद्यालय चैयरमैन रंजना त्रिपाठी,निदेशक मयंक त्रिपाठी,प्रधानाचार्य राजीव कुमार श्रीवास्तव, शिक्षक,नंदकिशोर सिंह, करुण कुमार,राहुल कुमार, रीना यादव, अरविंद कुमार, प्रशांत सिंह,सुरेंद्र कुमार,आर्यन कुमार, वीरेंद्र कुमार, शुभम कुमार,रंजन कुमार, रामलोचन आर्य,इंदल कुमार,सुश्री पूजा, प्रियंका, खुशबू, अंतिमा,पूजा व प्रिया कुमारी सहित कई अन्य गणमान्य लोग बच्चे व विद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे।मंच का संचालन संयुक्त रूप से राजीव कुमार श्रीवास्तव व वीरेंद्र आर्य ने किया।

### एच एन पी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन स्कूल के बच्चों का वार्षिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एच एन पी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं शिक्षक अभिभावक मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों के साथ रिजल्ट की प्राप्ति के लिए पहुंचे थे और रिजल्ट प्राप्त कर खुशी एवं संतुष्टि व्यक्त कर रहे थे सबसे शानदार प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर रवि अभिषेक द्वारा पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर द्वारा सभी बच्चों एवं अभिभावकों को शानदार सफलता के लिए शुभकामनाएं दी गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई और बच्चों से कहा कि सफलता की पहली सीढ़ी मन कर चले क्योंकि अभी बहुत दूर तक चलना है तभी आपके एवं आपके माता-पिता के सपने पूरे होंगे साथ ही साथ डायरेक्टर ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को अपना वक्त जरूर दें क्योंकि आपका थोड़ा सा समय आपके बच्चे के भविष्य को बनाने में काफी अहम साबित हो सकता है। वही इस मौके पर स्कूल के शिक्षक रोहित, ऋतुराज, राहुल, राज दुबे, राजमोहन श्रीवास्तव, शिक्षिका मौसमी चटर्जी, गोल्डी, संध्या,लाडली परवीन, मुस्कान, मधु एवं अभिभावक मौजूद थे।

### डीपीआरओ ने सुरक्षा एजेंसियों के ठहराव का लिया जायजा

**उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर पहुचीं सुरक्षा एजेंसियां**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भितिहरवा आश्रम में 4 अप्रैल को देश के उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई है। तैयारियो का जायजा लेने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला पंचायती राज पदाधिकारी सौरव आलोक नरकटियागंज पहुचे और सुरक्षा एजेंसियों समेत अन्य के ठहराव के लिए की गई वयस्था का जायजा लिया। इस दौरान डीपीआरओ ने चिन्हित आवासीय होटलों का निरीक्षण किया और व्यवस्था को लेकर बीपीआरओ से आवश्यक जानकारी लेते हुए निर्देशित भी किया। बीपीआरओ विवेक आर्या ने बताया कि उपराष्ट्रपति के आगमन से पूर्व अनुमंडल क्षेत्र में विशेष सुरक्षा दल पहुच चुकी है। जिन्हें ठहरने और खान पान के लिए शहर के प्रमुख आवासीय होटल में व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड की टीम पहुच चुकी है वही एटीएस और अन्य सुरक्षा दल भी गुरुवार की शाम तक पहुच जाएगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा दलों ने पहुचने के साथ ही मोर्चा संभाल लिया है। सुरक्षा एजेंसियो के सहयोग के लिए स्थानीय स्तर पर प्रशासन द्वारा कर्मियो की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

### निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ जनसुराज नेता ने खोला मोर्चा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों पर विभिन्न प्रकार के शुल्क और सामग्री खरीदने के दबाव के खिलाफ जनसुराज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी अनिल कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।सौंपे गए ज्ञापन में निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए छह प्रमुख मांगें रखी गई हैं। इसमें कहा गया है कि स्कूलों में चल रही अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही सभी स्कूलों में केवल एनसीईआरटी की पुस्तकों से ही पढ़ाई सुनिश्चित की जाए तथा निजी पब्लिकेशन की पुस्तकों को बंद किया जाए।ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि जिले के कई निजी विद्यालय अभिभावकों से जबरन प्रवेश शुल्क, कॉपी-किताबें, यूनिफॉर्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री निर्धारित दुकानों से खरीदने का दबाव बना रहे हैं। इससे अभिभावकों को सस्ते विकल्प नहीं मिल पाते और उनका आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है।इसके अलावा, सप्ताह में अलग-अलग यूनिफॉर्म निर्धारित कर विद्यालय अभिभावकों पर अतिरिक्त खर्च का दबाव डाल रहे हैं, जिससे खासकर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बच्चों की पढ़ाई जारी रखना कठिन हो रहा है।अनिल कुमार सिंह ने जिलाधिकारी से मांग की है कि ऐसे स्कूलों के खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाए, जो नियमों का उल्लंघन कर अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि यदि इस दिशा में जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो जनसुराज पार्टी व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी।

### पश्चिमी चंपारण में तेज रफ्तार का कहर

**आमने-सामने बाइक टक्कर में चार गंभीर घायल**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के सिकटा थाना क्षेत्र में गुरुवार की शाम तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब सिकटा रक्सौल सैनिक सड़क में अठाइशलाखा पुल के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को बेहतर इलाज के लिए बेतिया रेफर कर दिया गया।घायलों की आधिकारिक पहचान नहीं हो सकी है, क्योंकि उनके पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला। हालांकि स्थानीय लोगों के अनुसार, एक बाइक पर सवार घायलों की पहचान कंगली थाना क्षेत्र के गाद गम्हरिया निवासी फैयाज उर्फ घोंघा मियां और नेयाज उर्फ मिठ्ठू मियां के रूप में की गई है। वहीं दूसरी बाइक पर सवार घायलों को नेपाल के परसा जिला के भिस्वा निवासी कमरूल और अरमान मियां बताया जा रहा है।सिकटा थाना अध्यक्ष नितीश कुमार मौर्य ने बताया कि घायलों की समुचित पहचान के लिए संबंधित गांवों में संपर्क कर सूचना देने का प्रयास किया जा रहा है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फैयाज और नेयाज पिता-पुत्र बताए जा रहे हैं, जो सिकटा से अपने घर की ओर जा रहे थे। वहीं कमरूल और अरमान रक्सौल की ओर से आ रहे थे। दोनों बाइकों की रफ्तार काफी तेज थी और सड़क पर गड्ढे के कारण वाहन अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गए।

## रक्सौल में सफाई कर्मियों का विरोध

# चार लेबर कोड के खिलाफ काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेबर कोड के विरोध में रक्सौल नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर कर्मचारियों ने काम करते हुए अपने हाथों में काली पट्टी बांधकर सरकार के निर्णय के प्रति नाराजगी जताई। शहर के मुख्य मार्ग पर बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के महासचिव कामरेड चंद्रशेखर कुमार के नेतृत्व में नगर परिषद के करीब 141 महिला एवं पुरुष सफाई कर्मियों ने संगठित होकर विरोध दर्ज कराया। कर्मचारियों ने इन श्रम कानूनों को मजदूर विरोधी बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। ज्ञात हो कि 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर गत 12 फरवरी को भी चारों लेबर कोड के विरोध में राष्ट्रीय आम हड़ताल आयोजित की गई थी। इस हड़ताल को सफल बनाने के लिए बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ एक्ट शाखा, रक्सौल नगर परिषद कर्मचारी यूनियन, विद्यालय रसोईया संघ सहित अन्य संगठनों ने सक्रिय भागीदारी निभाई थी। उस दौरान नगर परिषद कार्यालय गेट पर धरना-प्रदर्शन किया गया था। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने 'इंकलाब जिंदाबाद', 'चार लेबर कोड वापस लो', 'मजदूर एकता जिंदाबाद', 'केंद्र सरकार होश में आओ' और 'आउटसोर्सिंग बंद करो' जैसे नारे लगाए। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि नए श्रम कानूनों में मजदूरों के अधिकारों का हनन किया गया है।

उन्होंने बताया कि यूनियन बनाने के लिए आवश्यक मजदूरों की संख्या 60 से बढ़ाकर 300 कर दी गई है। वहीं, पहले 14 दिन के नोटिस पर आंदोलन संभव था, जिसे अब बढ़ाकर दो महीने कर दिया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 300 से कम कर्मचारियों वाले संस्थानों में हड़ताल या धरना-प्रदर्शन करना मुश्किल बना दिया गया है। साथ ही, 8 घंटे की कार्य अवधि को बढ़ाकर 12 घंटे तक किए जाने की संभावना जताई गई, जिसे कर्मचारियों ने अनुचित बताया। कर्मचारियों का कहना है कि पहले के 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार नए लेबर कोड लागू किए गए हैं, जो पूरी तरह श्रमिक हितों के खिलाफ हैं। उन्होंने सरकार से न्यूनतम मजदूरी दर बढ़ाने की भी मांग की। इस अवसर पर महेंद्र प्रसाद कुशवाहा, कुणाल ठाकुर, सत्य प्रकाश कुशवाहा, पितांबर यादव, आनंद सिंह, प्रमोद राम, राजेश मलिक, विनोद मलिक, प्रेम मलिक, लीला देवी, सीता देवी, प्रमिला देवी, ताहिर मियां, मुन्ना, अनुज, विश्वनाथ राम सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे। इस विरोध प्रदर्शन और हड़ताल के कारण नगर परिषद क्षेत्र में साफ-सफाई सहित अन्य कार्य आंशिक रूप से प्रभावित रहे।

## भाजपा के देशव्यापी पंडित दीनदयाल उपाध्याय अभियान के तहत मोतिहारी में प्रशिक्षण शुरू



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी की देशव्यापी 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026' के तहत मंडल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन गुरुवार को अमर रिसोर्ट किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में दो मंडलों मोतिहारी दक्षिणी मंडल एवं मुफस्सिल मंडल के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण किया गया। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिंह ने किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं के वैचारिक सशक्तिकरण, संगठनात्मक दक्षता और सेवा-भाव के विस्तार के लिए आयोजित किया गया है। इससे कार्यकर्ताओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा मिलेगी। प्रशिक्षण के पहले सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना ने भाजपा का इतिहास विषय पर विस्तार से अपनी बात रखी। वहीं द्वितीय सत्र में 'वैचारिक अधिष्ठान' विषय पर प्रमोद शंकर सिंह ने अपना सारगर्भित वक्तव्य दिया। तृतीय सत्र में 'कार्य पद्धति' विषय पर सियावर सिंह का वक्तव्य हुआ। चतुर्थ सत्र में 'संगठन विस्तार' सुधांशु रंजन ने अपनी बात रखी और पंचम सत्र में 'बूथ प्रबंधन एवं मन की बात' पर जिलाध्यक्ष पवन राज ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर मैनेजर सिंह, चन्दकिशोर मिश्रा, सतीश चंद दीपक, मीना मिश्रा, संगीता चित्रांश, साजिद रजा, डॉ. हेना चंद्रा, नीता सिंह, मितलेश वर्मा, केदार शुक्ला, मुकेश सिन्हा, राजू वर्मा, अखिलेश कुमार सैनी, सुधांशु शुक्ला, निखिल राज, संजय ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पांच एवं सात अप्रैल को पूर्वी चम्पारण में रहेंगे पंचायती राज मंत्री :डॉ.दीपक कुमार

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी कार्यालय पूर्वी चम्पारण में पंचायती राज मंत्री के आगमन हेतु तैयारी बैठक आयोजित हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक ई.रमेश पासवान ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रधान महासचिव हिमांशु पटेल और युवा प्रदेश अध्यक्ष अलोक कुमार उपस्थित थे। बैठक में पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश जी का जिले में पांच एवं सात तारिक को आगमन के मध्य नजर रूट चार्ट एवं कार्यक्रम के तैयारी का प्लानिंग किया गया। राष्ट्रीय लोक मोर्चा, चिकित्सा प्रकोष्ठ बिहार के अध्यक्ष डॉ.दीपक कुमार ने बताया की पांच तारिक को दिन में दो बजे मंत्री जिला में प्रवेश करेंगे, तीन बजे मधुबन में एक निजी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, चार बजे बतरौलिया चौक पर स्वागत समारोह में सम्मिलित होंगे। सात तारिक को सुबह नव बजे सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मिलेंगे, उसके बाद सरकारी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, दिन को एक बजे मिडिया के साथियों के साथ प्रेस वार्ता करेंगे। आज के तैयारी बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। संत सिंह कुशवाहा ने कहा है की मंत्री जी का स्वागत भव्य होगा। आर एल एम के नेता मधु सिंह ने कहा की पंचायती राज मंत्री जिला में पहली बार आ रहें है इसलिए उनका जोरदार स्वागत होगा। आज के बैठक में मुख्य रूप से सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा, राजनारायण प्रसाद कुशवाहा, मुखिया शम्भू कुशवाहा, मुखिया भागीरथ प्रसाद कुशवाहा, गणेश प्रसाद कुशवाहा, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉ. शैलेश कुशवाहा, रुपलाल प्रसाद, मुजीबूर रहमान, भिखारी सिंह, जय प्रकाश कुमार, शशि रंजन, हरिकिशोर प्रसाद, नितिस कुमार, रूबी देवी, प्रिया कुमारी, प्रेमचंद प्रसाद, मंजीत यादव, नीरज शाक्य, जगणारण गिरी, उपेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## जन सुराज पार्टी से ही होगा बिहार का सर्वांगीण विकास : संजय ठाकुर

**प्रशांत किशोर का नेतृत्व ही इकलौता राजनीतिक विकल्प**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** यह बात अब स्पष्ट हो गई है कि जन सुराज पार्टी और उसके नेता प्रशांत किशोर के अलावा बिहार में कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा है। बिहार का सर्वांगीण विकास प्रशांत किशोर के सिद्धांत और उनकी सोच से ही संभव है। उक्त बातें आज यहां जारी एक बयान में जन सुराज पार्टी के चम्पारण परिक्षेत्र के मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने कही है। श्री ठाकुर ने कहा है कि जन सुराज पार्टी 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामय' की वैदिक अवधारणा पर आधारित है जहां जात-पात और धर्म-मजहब की बातें नहीं अपितु सभी बिहारियों के कल्याण और उत्थान की बातें की जाती है। बिहार में भाजपा और उसके गठबंधन के नेता-मंत्री लूट-खसोट में व्यस्त हैं। उन्हें बिहार के लोगों का निरंतर हो रहे पलायन, रोजगार, उन्नत शिक्षा और रोज बढ़ रही गरीबी की कोई चिंता नहीं है। हिन्दुत्व के नाम पर वोट लेना और हिन्दुओं को ठगना इनकी राजनीति की फितरत बन गई है। समाज यह सब देख रहा है। राजद का वजूद प्रायः खत्म हो चुका है और जदयू को समाप्त करने की योजना पर भाजपा काम कर रही है। ऐसे में जन सुराज पार्टी के अलावा बिहार के लोगों को कोई विकल्प नहीं दिख रहा है। श्री ठाकुर ने देश को ठगने वाले भाजपाइयों की अंधभक्ति छोड़ने और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य की चिंता कर जन सुराज पार्टी के साथ जुड़ने की अपील बिहारी भाइयों से की है।

## जनगणना को लेकर बीडीओ ने किया प्लस टू स्कूल का निरीक्षण

**6 अप्रैल से शुरू होने वाले प्रशिक्षण की तैयारी का लिया जायजा**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड में आगामी जनगणना को लेकर प्रशिक्षण की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए गुरुवार को चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह ने शहर के प्लस टू उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण के लिए निर्धारित किए गए हॉल और कमरों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के उपरांत बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि जनगणना के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को गहन तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाना है। इसके लिए विद्यालय में दो बड़े हॉल और दो कमरों को तैयार किया जा रहा है। उन्होंने मौके पर उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण के दौरान बैठने और अन्य सुविधाओं में कोई कमी न रहे। बीडीओ ने कहा कि आगामी 6 अप्रैल से प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू होगा। यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से संचालित की जाएगी। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। पंचायत वार प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए रोस्टर तैयार किया जा रहा है। जनगणना कार्य को त्रुटिहीन बनाने के लिए प्रखंड में कुल 644 प्रगणक और 108 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इन सभी को डिजिटल एंट्री और ऑनलाइन डेटा फीडिंग सिखाने के लिए 10 अनुभवी फील्ड ट्रेनर्स की एक टीम तैनात की गई है, जो प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों की समस्याओं का समाधान करेंगे। प्रशिक्षण व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके, इसी उद्देश्य से आज स्थल का भौतिक निरीक्षण किया गया है ताकि समय पर सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें। निरीक्षण के दौरान प्रखंड सँख्यानकी पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, मास्टर ट्रेनर बिरेन्द्र कुमार सिंह, शिक्षक लोकेश कुमार पाठक, शिव कुमार साह, लिपिक राकेश रंजन आदि उपस्थित थे।

## सामूहिक अष्टयाम को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड की कुंडिलपुर पंचायत स्थित सतवारिया गांव के शिव मंदिर परिसर में बुधवार को 24 घंटे के अखंड अष्टयाम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के शुभारंभ पर गुरुवार को एक भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के साथ-साथ कुंवारी कन्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गाजे-बाजे के साथ निकली यह शोभायात्रा मंदिर परिसर स्थित पूजा पंडाल से शुरू होकर सतवारिया सहित आसपास के गांवों का भ्रमण करते हुए पंडई नदी के तट पर पहुंची।

## बेतिया में देसी कट्टा लहराते युवक का वीडियो वायरल, पुलिस छापेमारी में जुटी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के बैरिया थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा देसी कट्टा लहराकर लोगों को धमकाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।पुलिस सूत्रों के अनुसार, वायरल वीडियो में एक युवक हाथ में देसी कट्टा लेकर कुछ लोगों को डराते-धमकाते नजर आ रहा है। जांच के दौरान युवक की पहचान बैरिया थाना में पदस्थापित चौकीदार लक्ष्मण पासवान के पुत्र अभिमन्यु कुमार के रूप में की गई है।सदर एसडीपीओ टू रजनीश कांत प्रियदर्शी ने बताया कि दो अप्रैल को बैरिया थानाध्यक्ष को सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन के निर्देश पर वीडियो की जांच एवं सत्यापन कराया गया, जिसमें आरोपी की पहचान की पुष्टि हुई। बैरिया थाना पुलिस द्वारा अभिमन्यु कुमार की गिरफ्तारी और देसी कट्टा की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है, हालांकि अभी तक आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका है।

## महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में तृतीय दीक्षांत समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में

**चार अप्रैल को तृतीय दीक्षांत समारोह, प्रेस वार्ता कर दी गई जानकारी**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के चाणक्य परिसर, जिला स्कूल, मोतिहारी में तृतीय दीक्षांत समारोह के संबंध में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा समारोह की व्यापक तैयारियों की जानकारी साझा की गई। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने बताया कि तृतीय दीक्षांत समारोह 4 अप्रैल 2026 को प्रातः 10:30 बजे महात्मा गांधी सभागार, राजा बाजार, मोतिहारी में आयोजित होगा। इस गरिमामयी अवसर पर भारत के माननीय उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत भाषण देंगे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. महेश शर्मा समारोह की अध्यक्षता करेंगे। समारोह में बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा सांसद राधा मोहन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति प्रस्तावित है। इस अवसर पर कुल 475 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी, जिनमें 84 स्नातक, 235 स्नातकोत्तर, 116 विद्यावाचस्पति शोधार्थी एवं 40 अवशेष विद्यार्थी शामिल हैं। साथ ही 23 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे, जिनमें अदिति प्रज्ञा एवं सिमरन साहिवाल को कुलाधिपति पदक से सम्मानित किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की वर्षों की कठिन साधना, समर्पण एवं उत्कृष्टता का उत्सव है। उन्होंने यह भी बताया कि समारोह के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उपस्थित होने वाले सभी प्रतिभागियों को निर्देशित किया गया है कि वे कार्यक्रम स्थल पर प्रातः 9:30 बजे तक अनिवार्य रूप से पहुंचें, अपना आमंत्रण पत्र साथ रखें तथा 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को साथ न लाएं। प्रेस वार्ता में समग्र समन्वय समिति के अध्यक्ष प्रो. प्रसून दत्त सिंह, जनसंपर्क प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. श्याम नंदन तथा प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. आशा मीणा, डॉ. सुनील घोधके एवं डॉ. गोविंद प्रसाद वर्मा भी उपस्थित रहे।

## भारत-नेपाल मैत्री पुल पर हरित पहलः पौधरोपण व सफाई अभियान ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा स्थित मैत्री पुल क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य वृक्षारोपण एवं सफाई अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वीरगंज महानगरपालिका, ग्रीन सिटी सामुदायिक प्रहरी सेवा केंद्र, आदर्शनगर सामुदायिक प्रहरी सेवा केंद्र, सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल एवं सशस्त्र सीमा बल (47वीं वाहिनी) के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकाश खेतान ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रहरी कार्यालय पर्सा के प्रहरी नायब उपरीक्षक राजु कार्की उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सशस्त्र प्रहरी भन्सार गुल्म के डीएसपी (विकास अधिकारी) ने शिरकत की। सशस्त्र सीमा बल 47वीं वाहिनी के सहायक सेनानायक सचिन कुमार भी अपने दल-बल के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. किरन पौडेल, ट्रैफिक प्रहरी प्रमुख युवराज कटुवाल, निर्मला शर्मा, सुमित्रा नेपाल, कविता यादव (आफन्त नेपाल), नगर प्रहरी नायब निरीक्षक लाल प्रसाद लुइटेल एवं सशस्त्र प्रहरी नायब निरीक्षक अनिल कुमार ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मैत्री पुल के आसपास व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया गया और साथ ही सफाई अभियान भी चलाया गया। लगाए गए पौधों की स्थिति का निरीक्षण कर उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल पर विशेष जोर दिया गया। अपने संबोधन में सहायक सेनानायक सचिन कुमार ने भारत-नेपाल के पारस्परिक संबंधों को मजबूत बताते हुए कहा कि इस तरह के संयुक्त आयोजन दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग को और सुदृढ़ करते हैं। स्थानीय समुदाय, सुरक्षा बलों एवं विभिन्न संगठनों के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस अभियान ने न केवल क्षेत्र की स्वच्छता और हरियाली को बढ़ावा दिया, बल्कि लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का भी महत्वपूर्ण कार्य किया। आयोजकों ने भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## संदिग्ध स्थिति में किशोरी की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल क्षेत्र के गौनाहा थाना अंतर्गत बेलवा बहुअरी गांव में गुरुवार को एक 15 वर्षीय किशोरी ने संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतका की पहचान बेलवा बहुअरी निवासी उमेश पुरी की पुत्री 15 वार्षिय आस्था कुमारी के रूप में की गई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, आस्था के माता-पिता किसी काम से नेपाल गए हुए थे, जबकि उसकी बड़ी बहन दुकान पर थी। जब बड़ी बहन किसी काम से वापस घर लौटी, तो उसने देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है। काफी आवाज देने और खटखटाने के बाद भी जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो उसे अनहोनी की आशंका हुई।उसने तत्काल शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। ग्रामीणों की मदद से जब दरवाजा तोड़ा गया, तो अंदर का नजारा देख सबके होश उड़ गए। आस्था दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकी हुई थी।ग्रामीणों और परिजनों ने आनन-फानन में किशोरी को फंदे से नीचे उतारा और इलाज के लिए नरकटियागंज अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक डॉ. समीर आलम ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही शिकारपुर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# महिला सशक्तिकरण पर सरकार महत्वपूर्ण कार्य कर रही : विधायक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज**। प्रखंड क्षेत्र के नुनिया टिलहा स्थित एक निजी विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक प्रमोद कुमार सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, विनोद सिंह, उमेश पासवान, पूर्व मुखिया शाहजादा शाही, जदयू नेता विजय विश्वकर्मा एवं विद्यालय के निदेशक सुहैल अख्तर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाध्यापिका हिना प्रवीण द्वारा अतिथियों का अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत करने से हुई। इसके बाद स्कूली छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार श्याम ने किया, जबकि विद्यालय के छात्र अंकित कुमार, आयशा प्रवीण एवं रितिक कुमारी ने प्रभावी एंकरिंग की। अपने संबोधन में विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है। विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं एकांकी के आयोजन से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है और उनमें आत्मविश्वास का संचार होता है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने में सक्षम हो रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, जो अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण है। साथ ही उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन जात-पात और धर्म से ऊपर उठकर समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को विधायक द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक जयशंकर मिश्र, मोबीन अंसारी, चंदेश्वर यादव, अनील गुप्ता, संतोष कुमार, विकास यादव, अशोक मेहता, सुहैल, भोलू खान, सोनू खान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बिजली बिल व रसोई गैस महंगाई के विरोध में कांग्रेस का पुतला दहन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रखंड कांग्रेस कमिटी हसपुरा के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को हाईस्कूल के बड़े मैदान में जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने बिजली बिल में बढ़ोतरी और रसोई गैस की कीमतों में लगातार इजाफा तथा आपूर्ति में कथित किल्लत को लेकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। इस मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह, पूर्व मुखिया मानदीप चौधरी एवं पैक्स अध्यक्ष विनोद कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की नीतियां आम जनता, खासकर गरीब एवं मजदूर वर्ग के हितों के खिलाफ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली दरों को अलग-अलग समय पर बदलना आम उपभोक्ताओं के साथ धोखा है, जबकि रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी को भी सरकार की मौन स्वीकृति प्राप्त है। नेताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण आम लोगों के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने सरकार के दावों को 'ढकोसला' बताते हुए कहा कि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। पुतला दहन कार्यक्रम में विजय यादव, सुरेश राम, अजीत कुमार, राजेश्वर प्रसाद, पप्पू यादव, अभय मौर्य, राजू यादव एवं प्रमोद कुमार सिंह सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# देव सूर्य मंदिर में चैत्र पूर्णिमा और हनुमान जयंती की धूम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। ऐतिहासिक और पौराणिक महत्ता के लिए प्रसिद्ध सूर्य नगरी देव में आज चैत्र पूर्णिमा और हनुमान जयंती के पावन अवसर पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई, जिससे पूरा परिसर भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चैत्र पूर्णिमा का विशेष महत्व है, और इस वर्ष इसी दिन हनुमान जयंती का संयोग होने से भक्तों में दोगुना उत्साह देखने को मिला। अहले सुबह से ही श्रद्धालु पवित्र छठ तालाब (सूर्य कुंड) में स्नान कर भगवान भास्कर के दर्शन के लिए कतारबद्ध दिखे। जय सूर्य देव और जय बजरंगबली के नारों से पूरा मंदिर क्षेत्र गुंजायमान रहा। वहीं मंदिर परिसर के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय ब्राह्मणों और पुरोहितों द्वारा भगवान सत्यनारायण की कथा सामूहिक रूप से संपन्न कराई गई। श्रद्धालुओं ने सपरिवार कथा श्रवण किया और सुख-समृद्धि की कामना की। सूर्य मंदिर के समीप स्थित हनुमान मंदिरों में भी विशेष श्रृंगार और पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने बजरंगबली को सिंदूर और चोला अर्पित कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। वहीं स्थानीय थाना मोड़ स्थित हनुमान मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में भी विशेष पूजा सम्पन्न हुआ। भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और मंदिर न्यास समिति की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कतारबद्ध दर्शन के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई ताकि वृद्ध और महिला श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। भारी भीड़ के बावजूद कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। देव का सूर्य मंदिर न केवल अपनी वास्तुकला (पश्चिम की ओर मुख वाला मंदिर) के लिए जाना जाता है, बल्कि यहां मनाए जाने वाले पर्व भी विशिष्ट होते हैं। आज के इस आयोजन ने एक बार फिर देव की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक गरिमा को रेखांकित किया है। श्रद्धालुओं का मानना है कि चैत्र पूर्णिमा के दिन देव सूर्य मंदिर में दर्शन और सत्यनारायण कथा के श्रवण से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

# चिकित्सक बनना चाहती है मुस्कान

## मैट्रिक परीक्षा में किया स्कूल टॉप



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर**। मदनपुर प्रखंड के देवजरा निवासी मुस्कान सिंह ने बिहार विद्यालय परीक्षा बोर्ड द्वारा जारी परिणाम में अपने विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त की। इस उपलब्धि पर समाजसेवियों व बुद्धिजीवियों ने छात्रा को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया है। मुस्कान देवजरा गांव निवासी शिक्षक संजय कुमार सिंह व माता मीना देवी की पुत्री है जो प्रोजेक्ट कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय देव में पढ़ती थी। परीक्षा में उसने 459 अंक प्राप्त की है। इससे स्वजनों में खुशी का माहौल है। पिता संजय कुमार सिंह ने बताया कि वह बचपन से ही होनहार थी। यह उसके कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। मुस्कान ने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया है। उसने कहा कि वह चिकित्सक बनना चाहती है, ताकि अपने स्वजनों के सपनों को पूरा कर सके। इस अवसर पर छात्रा को समाज सेवी व भाजपा वरीय नेता आलोक कुमार सिंह, पूर्व सरपंच अनिल ठाकुर, राम केवल सिंह, अमरेश प्रसाद, अरुणजय सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह उर्फ बाबू सिंह ने संयुक्त रुप से सम्मानित किया।

# अवैध शिक्षण संस्थानों पर नकेल कसने में विभाग 'फेल, दांव पर छात्रों का भविष्य



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। शिक्षा के नाम पर चांदी काट रहे अवैध कोचिंग सेंटर और गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों पर लगाम कसने के लिए सरकार ने कमर तो कस ली है लेकिन धरातल पर स्थित अब भी चिंताजनक बनी हुई है। कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में नियमों की अनदेखी कर धड़ल्ले से अवैध शिक्षण संस्थानों और कोचिंग सेंटरों का जाल लगातार फैलता जा रहा है, लेकिन शिक्षा विभाग इन्हें नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। सरकार ने स्कूलों के खिलाफ शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून के उल्लंघन के लिए कार्रवाई के आदेश दिए हैं, लेकिन शिक्षा विभाग द्वारा कड़े कदम नहीं उठाए जाने के कारण धरातल पर इन संस्थानों के संचालन में कोई कमी नहीं आई है। मानकों के अनुसार प्रत्येक स्कूल व कोचिंग संस्थान के लिए पुलिस सत्यापन और अग्निशमन विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य है। परन्तु प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश संस्थानों में न तो निकास की उचित व्यवस्था है और न ही सीसीटीवी कैमरों का तीस दिनों का बैकअप रखा जा रहा है। निगरानी तंत्र की कमी के कारण क्षेत्र में शिक्षा का व्यवसायिकरण हो चुका है। निजी स्कूलों द्वारा हर सातल बढ़ाई जाने वाली भारी-भरकम फीस और किताबों के नाम पर होने वाली अवैध वसूली के खिलाफ अभिभावक लामबंद हो रहे हैं। परंतु उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। समाजसेवियों एवं बुद्धिजीवी वर्ग का मानना है कि जब तक विभाग अपने आंतरिक भ्रष्टाचार और निगरानी तंत्र को मजबूत नहीं करता, तब तक केवल नीतियां बनाने से अवैध संस्थानों के मकड़जाल को तोड़ना मुश्किल होगा। उन्होंने अवैध शिक्षण संस्थानों की मनमानी रोकने के लिए विशेष ऑडिट कमिटी का गठन कर जांच कराने की मांग की है।

# उत्क्रमित उच्च विद्यालय अरंडा के रास्ते में झूलते बिजली के तार से कभी भी हो सकती है दुर्घटना

**विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा नहीं दिया जा रहा ध्यान**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले के ओबरा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय अरंडा के रास्ते में बिजली की तार झूलती रहती है। जिससे छात्रों और ग्रामीणों के लिए हमेशा खतरा बना रहता है। यह जर्जर तार करंट से प्रभावित है जिसके नीचे से विद्यालय जाने वाले छात्र गुजरते हैं। इससे छात्रों पर तार टूटकर गिरने का खतरा बना रहता है। बिजली तार के टूटने से होने वाले हादसों की आशंका ने अभिभावकों को चिंतित कर रखा है। विशेषकर बारिश के दिनों में छात्र, शिक्षक और अभिभावक सभी बिजली तार की चपेट में आने से भयभीत रहते हैं। यह समस्या कई वर्षों से बनी हुई है। विद्यालय के शिक्षकों ने विभाग को इस बारे में सूचित किया है परंतु विभाग ने अबतक कोई कार्रवाई नहीं की है। ग्रामीणों का कहना है कि कोई घटना घट जाती है तो इसकी पूरी जिम्मेवारी बिजली विभाग के अधिकारियों को होगी। बता दें कि विद्यालय जाने वाली रास्ते पर 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन तार झूल रही है और विद्यालय के समीप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी है। छात्र, मरीज और ग्रामीण सभी इस खतरे से गुजरते हैं। बताया कि विभाग को इस स्थिति के बारे में ध्यान आकृष्ट कराया गया है। बता दें कि बिजली विभाग को सूचना दी गई थी परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# उमंगेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने से श्रद्धालुओं को 52 शक्तिपीठों का मिलता है लाभ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले के मदनपुर प्रखंड का उमगा पहाड़ धार्मिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। मां उमंगेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने से श्रद्धालुओं को 52 शक्तिपीठों का लाभ मिलता है। वहीं मां की पूजा सरस्वती के रूप में की जाती है जिसके कारण बसंत पंचमी पर यहां मेला लगता है। देवी महिसासुर मर्दिनी के स्वरूप में अष्टभुजी मां की प्रतिमा हजारों टन वजन वाले पत्थर से बने मंदिर में विराजमान है। यह प्राकृतिक रचना आश्चर्यजनक है और देवी मनोकामनाएं पूर्ण करने वाली एवं सिद्धिदात्री मानी जाती है। पुजारी दिलीप पाठक बताते हैं कि मां सती के शव को लेकर भगवान शिव जब क्रोधित होकर तांडव करने लगे थे तब मां का एक अंग उमगा पहाड़ पर गिरा था। तब से यह स्थल शक्तिपीठ के रूप में विख्यात है। यहां का प्रसाद बिना पकाए चावल और गुड़ मिलाकर जैसा बनाकर चढ़ाया जाता है। जिससे मगही भाषा में कसार भी कहा जाता है। यहां तक की मनौतियां सिद्ध होने पर श्रद्धालु बकरे की बलि भी देते हैं। वहीं बसंत पंचमी पर यहां भव्य मेला लगता है जिससे दूर से श्रद्धालु आते हैं। बता दें कि राजा भैरवेंद्र के समय से यहां मेला लगता है। वहीं मकर संक्रांति पर तीर्थों में स्नान और पूजा का विशेष महत्व है जिसके तहत पहले एक माह का मेला लगता था जो अब एक सप्ताह तक सीमित हो गया है। इस पहाड़ पर सूर्य मंदिर, गौरी शंकर, मां उमंगेश्वरी सहित 52 मंदिरों की श्रृंखला है। हालांकि कई मंदिर जमींदोज हो चुके हैं परंतु उनके अवशेष आज भी पहाड़ पर देखे जा सकते हैं। पहाड़ पर स्थित कई बहुमूल्य मूर्तियां रखरखाव के अभाव में बर्बाद हो रही है। उमगा पहाड़ पर भगवान सूर्य का विशाल मंदिर है जो गौरव का प्रतीक है। यह धरातल से लगभग 150 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और इसकी लंबाई लगभग 90 फीट है जो कला के दृष्टिकोण से अद्वितीय है। पहाड़ पर हरियाली और वन उपवन के रंग बिरंगे पुष्पों का आकर्षण, जंगली पशु पक्षियों की चहचहाहट और गुंज की मधुर राग से संपूर्ण प्रकृति एक मनोहर वातावरण का निर्माण भी होती है।

# आवश्यक वस्तुओं की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने फूंका पीएम का पुतला



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। रसोई गैस की किल्लत एवं डीजल पेट्रोल के बढ़ते दामों के विरुद्ध कुटुंबा प्रखंड कांग्रेस कमिटी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आक्रोश जताया और पुतला दहन किया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष नीलम सिंह ने बताया कि प्रदेश कमिटी के निर्देश पर यह प्रदर्शन किया गया। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण देश में ऊर्जा संकट की स्थिति पैदा हो गई है। महंगाई और बेरोज़गारी की मार से जनता पहले से ही त्रस्त थी। इधर कीमत में बढ़ोतरी से आमजन के पैकेट पर बोझ बढ़ गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही गैस की कीमतों में कमी और आपूर्ति में सुधार के लिए ठोस कदम नहीं उठाए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर जिला पार्षद सदस्य सुरेंद्र यादव, कांग्रेस एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजय राम, सूरज राय, आजम इमाम, मोहम्मद जीशान, जनेश्वर मेहता, विनय सिंह, नरेंद्र राम, मोहम्मद अकबर अली, धरक्षण राम, अरविंद राम, छोटू पाठक, नरेंद्र सिंह, अभिजीत सिंह, अरविंद राम समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मॉडल स्कूल में नामांकन हेतु 36 बच्चे हुए उत्तीर्ण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। बिहार सरकार द्वारा हाल ही में स्थापित मॉडल स्कूल में नामांकन हेतु जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के अष्टम वर्ग के 36 बच्चे सफल रहे। प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता बेहतर शिक्षा का प्रतिफल है। सभी उत्तीर्ण बच्चे बिहार सरकार द्वारा हाल ही में खोले गए अत्याधुनिक मॉडल स्कूल में नवम वर्ग में सीधे नामांकित हो जाएंगे, जहां इन्हें उत्कृष्ट कोटि की शैक्षणिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। राज्य स्तर पर इसके चयन हेतु 21 मार्च को जिले के विभिन्न केंद्रों पर परीक्षा हुई थी। विद्यालय में भावेश कुमार ने सर्वाधिक 107 नंबर प्राप्त कर टॉपर रहे। इसके अतिरिक्त मानवी, आर्यन, अमित, राजा, रणधीर, अजीत, रॉकी, राकेश शुभम, मुन्ना, स्वीटी, खुश्बू, श्रेया सावन, सागर चंचल स्नेहलता, दिव्या, अमन, पूजा गुड़िया आदि 36 बच्चों ने सफलता का परचम लहराया है। प्रधानाध्यापक ने इसके पीछे कड़ी मेहनत करने वाले अष्टम वर्ग के दोनों सेक्शनों के वर्ग शिक्षक योगेंद्र पाल एवं शिवांशी सिंह को भी साधुवाद दिया। अबतक के बेस्ट रहे राज्यस्तरीय रिजल्ट के बाद दिनभर विद्यालय में जश्न का माहौल बना रहा।

# शहर में यात्री शेड का है अभाव, अबतक नहीं की गई पहल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। शहर में कहीं भी यात्री शेड की व्यवस्था नहीं की गई है। यात्री शेड के अभाव में नागरिक इन दिनों सड़क किनारे खड़े रहकर वाहनों का इंतजार करते हैं। शहर के रमेश चौक, सदर अस्पताल, सब्जी मंडी, कारगिल चौक,जामा मस्जिद, सिन्हा कालेज मोड़, फारम, ओवरब्रिज से प्रतिदिन इ-रिक्शा व ऑटो से बैठकर यात्री विभिन्न स्थानों तक आवागमन करते हैं। यहां तक कि बारिश के दिनों में सभी यात्रियों को खुले में ही काफी देर तक खड़े रहने की मजबूरी बनी हुई है। यहां तक की गर्मी व ठंड के समय में भी यात्री शेड के अभाव में लोगों को काफी परेशानी होती है। गर्मी में धूप में सड़क पर खड़े रहना पड़ता है। वहीं बारिश के दिनों भी यात्रियों को आसपास के दुकानों के शेड में शरण लेनी पड़ती है। जब कभी तो लोग सड़क पर घंटों खड़े रहते हैं ऐसे में लोग दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों का ध्यान यात्री शेड बनाने की ओर नहीं जा रहा है। शहरी क्षेत्र में सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन डेली सर्विस के तौर पर चलाए जाते हैं। लगभग पांच हजार से ज्यादा नियमित यात्री ऑटो रिक्शा, साइकिल रिक्शा, इ रिक्शा, मैजिक और अन्य वाहनों से शहरी क्षेत्र में पांच से आठ किलोमीटर के बीच यात्रा करते हैं। रमेश चौक, ओवरब्रिज, फारम के समीप यात्री ऑटो रिक्शा के इंतजार में खड़े रहते हैं। बता दें कि यात्री शेड नहीं होने के कारण बुजर्गों और दिव्यांगों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। इन्हें सड़क किनारे खड़े होकर वाहन आने का इंतजार करना पड़ता है। यदि समय से वाहन न मिले तो उन्हें सड़क पर ही खड़े होकर वाहनों का इंतजार करना पड़ता है।

# प्राचीन के काल का धरोहर है उमगा तालाब, जीर्णोद्धार की उठी मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले के मदनपुर प्रखंड स्थित ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व वाले उमगा पहाड़ से सटे पश्चिमी हिस्से में स्थित उमगा तालाब आज भी अपनी प्राचीन विरासत को संजोए हुए है, लेकिन उपेक्षा के कारण इसके जीर्णोद्धार की आवश्यकता महसूस की जा रही है। बताया जाता है कि यह तालाब प्राचीन राजाओं के काल का है। राजा भौरवेंद्र ने अपने शासनकाल में लगभग 52 बीघा क्षेत्र में इस विशाल तालाब का निर्माण कराया था। आज भी तालाब के किनारे बनी प्राचीन सीढ़ियों के अवशेष इसकी ऐतिहासिकता की गवाही देते हैं। उमगा पहाड़ पर आने वाले पर्यटक इस तालाब की प्राकृतिक सुंदरता से आकर्षित होते हैं। तालाब में वर्षभर पानी भरा रहता है, जिससे इसकी उपयोगिता और भी बढ़ जाती है। हालांकि, समुचित रखरखाव और सौंदर्यीकरण के अभाव में इसकी चमक फीकी पड़ती जा रही है। धार्मिक दृष्टिकोण से भी यह तालाब अत्यंत महत्वपूर्ण है। चैत और कार्तिक माह में आयोजित छठ पर्व के दौरान यहां अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। दोपहर से ही श्रद्धालु तालाब किनारे जुटने लगते हैं। न केवल मदनपुर प्रखंड, बल्कि आसपास के अन्य प्रखंडों और जिलों से भी लोग यहां पहुंचते हैं। इसके अलावा बसंत पंचमी के अवसर पर लगने वाले मेले में श्रद्धालु इसी तालाब में स्नान कर उमगा पहाड़ स्थित मां उमंगेश्वरी, सूर्य भगवान एवं गौरी शंकर मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं। यहां प्रतिदिन भी श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहती है।

# गांधी मैदान बस स्टैंड की स्थिति बदतर, प्रतीक्षालय में लगी रहती है गंदगी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। शहर का ऐतिहासिक गांधी मैदान बस स्टैंड इन दिनों बदहाली का शिकार होकर अपनी पहचान खोता नजर आ रहा है। कभी बसों की आवाजाही और यात्रियों की भीड़ से गुलजार रहने वाला यह स्टैंड आज वीरान पड़ा है। यहां न तो पर्याप्त कर्मी हैं और न ही बुनियादी सुविधाओं की समुचित व्यवस्था।

वर्ष 1953 में निर्मित इस बस स्टैंड की स्थिति समय के साथ लगातार बिगड़ती चली गई। एक समय ऐसा था जब यहां दिन-रात चहल-पहल रहती थी। करीब 10 बड़े होटल संचालित होते थे और रात भर स्टैंड रोशनी से जगमगाता रहता था। लेकिन आज स्थिति यह है कि यहां अंधेरा और सन्नाटा पसरा रहता है। बस स्टैंड का प्रतीक्षालय इन दिनों जुआरियों का अड्डा बन गया है। सुबह से लेकर देर रात तक यहां जुआ खेला जाता है, जिससे आम यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गंदगी का आलम यह है कि लोग यहां बैठने से भी कतराते हैं। जानकारी के अनुसार, वर्ष 1992-93 से लेकर 1999 तक इस स्टैंड से प्रतिदिन लगभग 40 बसें पटना, डाल्टेनगंज, वाराणसी, रायगढ़, रांची, टाटा और बोकारो जैसे शहरों के लिए संचालित होती थीं। लेकिन वर्ष 2000 में बिहार-झारखंड विभाजन के बाद अधिकांश बसें झारखंड के हिस्से में चली गईं। वर्तमान में यहां से केवल पटना और गया के लिए ही सीमित बस सेवाएं संचालित हो रही हैं। बस स्टैंड परिसर में स्थित पेट्रोल पंप पिछले 12 वर्षों से बंद पड़ा है, जो अब पूरी तरह कबाड़ में तब्दील हो चुका है। इतना ही नहीं, पूरे स्टैंड की हालत भी कबाड़खाने जैसी हो गई है। भवन जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है, लेकिन इसके रखरखाव को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार की करोड़ों रुपये की संपत्ति यूं ही बर्बाद हो रही है, जबकि थोड़े प्रयास से इसे फिर से विकसित किया जा सकता है। बसों की संख्या में कमी के कारण यहां डीजल की आपूर्ति भी लगभग बंद हो चुकी है। जरूरत इस बात की है कि प्रशासन इस ऐतिहासिक बस स्टैंड के पुनरुद्धार के लिए ठोस कदम उठाए, ताकि यह एक बार फिर शहर के प्रमुख यातायात केंद्र के रूप में अपनी पहचान कायम कर सके।

# बिहार में 9वां स्थान लाने छात्र को दी बधाई



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। सदर प्रखंड के छोटकी बेला गांव निवासी नीरज यादव के बड़े पुत्र दिव्यांशु कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में 482 अंक प्रांत किया है। उसकी इस सफलता पर समाजसेवियों एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने उत्साहवर्धन किया है। इस सफलता पर राजद नेता डॉ रमेश यादव, जिला पार्षद अनिल यादव, राजद आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष उदय उज्जवल, संजय यादव, पैक्स अध्यक्ष राजू यादव, सुशील यादव, सिंटू यादव, राहुल, राजू यादव मुकेश, रवींद्र सहित अन्य ने दिव्यांशु को मिठाई खिला कर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मैट्रिक परीक्षा में दिव्यांशु ने बिहार में 9वां स्थान लाकर जिला और परिवार का नाम रौशन किया है। वह एक मेघावी छात्र है। दिव्यांशु के पिता नीरज यादव एक साधारण परिवार से आते हैं। सीमित संसाधनों और आर्थिक तंगी के बावजूद दिव्यांशु ने अपनी पढ़ाई जारी रखी और यह मुकाम हासिल किया, उनकी इस सफलता से पूरे इलाके में खुशी की लहर है। उसकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि कठिन परिस्थितियों में भी अगर लक्ष्य के प्रति समर्पण हो, तो सफलता जरूर मिलती है।

# जिले में एलपीजी, पीएनजी, खाद्यान्न तथा उर्वरकों की आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा

## गुरुवार तक जिले में कुल 17,579 एलपीजी सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की समीक्षा बैठक पंकज पाल सचिव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में एलपीजी, पीएनजी, खाद्यान्न तथा उर्वरकों की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि जिले में एलपीजी की आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। गुरुवार तक जिले में कुल 17,579 एलपीजी सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध था। मार्च माह के दौरान एलपीजी आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है तथा औसतन 31,201 सिलेंडर प्रतिदिन उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए गए। प्रशासनिक निगरानी के कारण लंबित बुकिंग (बैकलॉग) की स्थिति में भी सुधार हुआ है और वर्तमान में औसत बैकलॉग 4.5 दिन रह गया है। 30 मार्च को पहली बार बुकिंग (11,422) की तुलना में डिलीवरी (12,084) अधिक दर्ज की गई। अनियमितता बरतने के मामले में पूजा गैस एजेंसी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसके लाइसेंस को रद्द करने की अनुशंसा की गई है। साथ ही नीलम एचपी गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली की जांच कराने का निर्देश दिया गया। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा 24 घंटे नियंत्रण कक्ष संचालित किया जा रहा है। नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06243-450626 तथा 9279808780 पर अब तक प्राप्त 469 शिकायतों में से 425 शिकायतों का निष्पादन किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त जिले में संचालित 12 'दीदी की रसोई' केंद्रों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 5,192 थाली भोजन परोसा जा रहा है तथा इन केंद्रों को गैस की आपूर्ति नियमित रूप से सुनिश्चित की जा रही है। बैठक में यह भी बताया गया कि जिले में थिंक गेस कंपनी द्वारा अब तक 4,017 घरों में पाइपलाइन प्राकृतिक गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है। जिले के सभी 129 पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा बिक्री निर्धारित मूल्य पर की जा रही है। अनुमंडल पदाधिकारियों द्वारा बखरी, बलिया, तेघड़ा, मंझौल सहित विभिन्न क्षेत्रों में थोक एवं खुदरा विक्रेताओं की नियमित जांच की जा रही है। जिले में गेहूं, चावल, दाल, चीनी एवं खाद्य तेल सहित आवश्यक खाद्यान्न की उपलब्धता पर्याप्त है तथा जमाखोरी की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। उर्वरकों की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में वर्तमान में 31,043.85 मीट्रिक टन उर्वरक (यूरिया, डीएपी, एमओपी आदि) का स्टॉक उपलब्ध है। उर्वरकों की कालाबाजारी अथवा गैर-कृषि कार्यों में उपयोग की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने आम जनता से अपील की कि गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उपभोक्ता गैस की बुकिंग केवल अधिकृत ऑनलाइन माध्यम से करें तथा सिलेंडर प्राप्त करते समय ओटीपी आधारित डिलीवरी प्रणाली का अनिवार्य रूप से पालन करें। बैठक में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त सिविल सर्जन, अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित अनुमंडल पदाधिकारी एवं गैस एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में मृत मजदूर का पहुंचा शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** रजाकपुर गांव के एक मजदूर की मौत पंजाब में मंगलवार की रात वाहन दुर्घटना में हो गयी। वह रजाकपुर वार्ड नंबर दस के श्रवण राय का लगभग 52 वर्षीय पुत्र था। घटना की सूचना उसके परिजनों को उसके पुत्र सुजीत कुमार ने दी। परिजनों ने बताया कि वह पंजाब के फरीदकोट जिले के जैतो थाने के अन्तर्गत रहते थे। वह मार्बल पत्थर लगाने का काम करता था। अपने दो बेटों के साथ वह वही रहता था। बाइक से वे काम पर से लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक में सामने से आ रही बाइक ने ठोकर मार दी। वे गंभीर रूप से घायल हो गये। इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गयी। उनकी मौत की खबर सुनते ही पूर्व मुखिया गणेश महतो, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, उपप्रमुख नन्द किशोर पासवान, अरविंद महतो, राजेश कुमार, बबलू कुमार, सरपंच प्रतिनिधि शिव नन्दन पासवान, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार,नवल किशोर राय अधिवक्ता,लोजपा प्रखंड अध्यक्ष शंकर राय आदि ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी तथा सरकारी अनुदान दिलाने का आश्वासन दिया।

## बिजली बिल सुधार को लेकर शिविर

**नावकोठी।** बिजली विपत्र (बिल) में त्रुटियों के सुधार और अन्य विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए बिजली सब स्टेशन नावकोठी में शुक्रवार एवं सोमवार को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में उपभोक्ता अपनी समस्याओं का आवेदन देकर मौके पर ही समाधान करा सकेंगे। जेई विमल कुमार साहा ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल में गड़बड़ी है या अन्य कोई समस्या है वे शिविर में पहुंचकर आवेदन दें। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह के बाद इस प्रकार के शिविर के माध्यम से समस्याओं का निष्पादन नहीं किया जाएगा और न ही इस पर विचार किया जाएगा।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीएम का पुतला फूंका

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर घरेलू गैस की कीमत बढने के विरुद्ध पीएम का पुतला दहन किया। गुरुवार को लखमिनिया स्टेशन रोड मे कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने साहेबपुर कमाल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रतियाशी राकेश सिंह के नेतृत्व मे कार्यक्रम किया। देश मे बढ़ती महगाई गैस सलेंडर की किल्लत, किसानो की हुई फसल क्षति की मुआवजा किसानो की कर्ज माफी को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। इस अवसर पर विरोध प्रदर्शन पुतला दहन कार्यक्रम मे नगर कांग्रेस अध्यक्ष मो तारिक पप्पू मंडल, अध्यक्ष प्रेम कुमार मिश्रा, कांग्रेस नेता मो सोहेल अहमद, नवीन सिन्हा, गंगा महतो, मो जाकिर, बिनोद शर्मा, डा वकील अहमद, मो आरजू, चंदन शाह, बिट्टू शर्मा, मो आमिर, नीरज सिंह, अमित शाह, शंकर रजक, राजेश मलाकार आदि उपस्थित थे।

# लुधियाना में चर्चित प्रोपर्टी डीलर हत्याकांड में जमालपुर से दो आरोपित गिरफ्तार

- आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर एसीपी संग 6 सदस्यीय टीम पहुंची जमालपुर
- जमालपुर पुलिस के सहयोग से सदर बाजार से हुई गिफ्तारी
- हत्याकांड में 48 घंटे के अंदर आरोपित पकड़ा गया
- सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल सर्विलांस के जरिए लुधियाना की पुलिस टीम पहुंची जमालपुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमालपुर (मुंगेर)।** पंजाब के लुधियाना स्थित कुंभकलान थाना क्षेत्र में एक चर्चित प्रोपर्टी डीजल की निर्मम मामले में लुधियाना की 6 सदस्यीय टीम जमालपुर पहुंच तकनीकी साक्ष्य के बदौलत थाना जमालपुर के सदर बाजार से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिफ्तार आरोपित पंजाब के लुधियाना जिला के थाना मछीवाड़ा के खोखरान गांव निवासी जय सिंह का पुत्र विजय कुमार और दूसरा मछी वाड़ा के ईराक गांव निवासी महेंद्र प्रसाद का पुत्र लक्की कुमार है। लुधियाना ईस्ट के एसीपी सुमीत सुध की अगुवाई में आदर्श थाना जमालपुर पुलिस के सहयोग से यह कार्रवाई की गयी है। पुलिस टीम ने आरोपियों को मेडिकल कराकर तथा समक्ष न्यायालय में प्रस्तुत कर लुधियाना साथ ले गई है। लुधियाना ईस्ट के एसीपी सुमित सुध ने बताया कि कुंभकलान थाना क्षेत्र में 29 मार्च को हत्या का मामला दर्ज कराया गया था। इसमें मृतक लुधियाना के चर्चित प्रोपर्टी डीलर परमेंद्र तिवारी (50) वे धनी व समृद्ध व्यक्ति थे। जब वे दिन में अपने क्वार्टर के बाहर बैठा था, तभी पीछे से दो युवक आया और माथा पर कुल्हाड़ी से जानेलवा प्रहार किया। चीख-चिल्लाहट के बाद लोग दौड़े तो आरोपी भाग खड़ा हुआ। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और अस्पताल ले गया, जहां मृत घोषित कर दिया था। उन्होंने कहा कि घटना के दिन की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गयी और आरोपियों की पहचान कर ली गयी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी बीच मोबाइल सर्विलांस और तकनीकी पहलुओं के साक्ष्य जुटाने पर आरोपियों की छुपने का पता चला। इसके बाद बिहार मुंगेर के जमालपुर पुलिस के अपर थानाध्यक्ष सह प्रभारी थानाध्यक्ष टीपू सुल्तान सहित एसटीएफ पुलिस के सहयोग से आरोपियों को सदर बाजार स्थित एक गुप्त स्थान से 1 अप्रैल को ही गिरफ्तारी कर ली गयी थी। उन्होंने बताया कि घटना के 48 घंटे के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी तकनीकी साक्ष्य की बदौलत हुई है। अपर थानाध्यक्ष टीपू सुल्तान ने बताया कि लुधियाना टीम को जमालपुर पुलिस और एसटीएफ पुलिस ने पूरा सहयोग किया है। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद लुधियाना पुलिस अपने साथ ले गई है।

# बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन के चुनाव नामांकन का प्रत्याशियों ने किया विरोध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन रेल जिला जमालपुर के चुनाव प्रक्रिया के तहत नामांकन के दौरान हुई धांधली का प्रत्याशियों ने जमकर विरोध करते हुए रेल एसपी से नामांकन फिर से करवाने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर गुरुवार को अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित आठ पद के लिए नामांकन का पर्चा मुजफ्फरपुर रेल के पर्यवेक्षक के देखरेख में भरा जा रहा था। 10:00 बजे से 1:00 तक नामांकन की प्रक्रिया चल रहा था इसी बीच पक्षपात को लेकर एक पक्ष ने पर्यवेक्षक के कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए जमकर विरोध किया। नामांकन की प्रक्रिया का विरोध करते हुए अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शिव कुमार यादव, उपाध्यक्ष पद के अभिषेक भारद्वाज व अभय राज सहित मंत्री पद के सूर्य भूषण पासवान सहित अन्य प्रत्याशी ने बताया कि एक तो 10:00 बजे से नामांकन था जो पर्यवेक्षक के विलंब से आने के कारण 11:00 से शुरू किया गया वहीं एक ग्रुप के प्रत्याशियों के प्रति पर्यवेक्षक का सॉफ्ट कॉर्नर देखा गया जबकि दूसरे पक्ष के प्रत्याशियों का नामांकन लिया ही नहीं जो इस चुनाव प्रकिया के पारदर्शिका पर सवाल उठाया है। इसलिए हम सभी नामांकन की प्रक्रिया फिर से करवाने को लेकर रेल एसपी विद्यासागर से मांग किए हैं। विदित हो कि बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन रेल जमालपुर का चुनाव 4 अप्रैल को होगा।

# स्कूल में नामांकन बढ़ाने को लेकर बीडीओ-शिक्षकों की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** प्रखंड के स्कूलों में पठन-पाठन का माहौल बने जिससे कि स्कूलों में नामांकन की प्रक्रिया तेज हो इसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभात रंजन स्कूल का निरीक्षण कर प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों के साथ संवाद किए। कन्या मध्य विद्यालय आदमपुर में बच्चों के नामांकन की प्रक्रिया काफी धीमी देख कर नाराजगी जताते हुए इसमें सुधार करने का दिशा निर्देश प्रधानाध्यापक को दिए। बीडीओ ने शिक्षकों को विशेष तौर पर नामांकन की प्रक्रिया को बढ़ाने को लेकर कहा कि स्कूल में बेहतरीन तकनीक और अच्छा छात्र-शिक्षक अनुपात होना अच्छी बात है। लेकिन अगर शिक्षण की गुणवत्ता खराब हो तो निश्चित रूप से नामांकन पर इसका प्रभाव दिखता है इसलिए विद्यालयों को एक सख्त भर्ती प्रक्रिया अपनानी चाहिए जिसमें न केवल शिक्षक की डिग्री बल्कि उनके शिक्षण कौशल और विभिन्न शोध पत्रों और प्रकाशनों में उनकी भागीदारी को भी ध्यान में रखा जाए।

# ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से 30 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भगवानपुर।** मुख्तियारपुर पंचायत अंतर्गत भावा बहियार में बुधवार दोपहर ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी के कारण भीषण आग लग गई। तेज हवा के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और लगभग 30 बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। पंचायत समिति सदस्य उमेश दास के अनुसार, इस अग्निकांड में करीब 30 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। उन्होंने बताया कि किसान पहले ही आंधी, तूफान और बारिश की मार झेल चुके थे, जिससे फसल को काफी नुकसान हुआ था। अब बची-खुची फसल भी आग की भेंट चढ़ जाने से किसानों पर दोहरी मार पड़ी है। इस घटना में बिशनपुर बढ़िया और मुख्तियारपुर पंचायत के कई किसान प्रभावित हुए हैं, जिनमें अधिकतर बटाईदार किसान शामिल हैं। प्रभावित किसानों में निरंजन चौरसिया, राम टहल चौरसिया, राम कारण चौरसिया, रमेश चौरसिया, रामलाल चौरसिया, महेश चौरसिया, निरामबरम चौरसिया, रंजीत चौरसिया, गणेश चौरसिया और जयदेव राज सहित दर्जनों किसान शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एसआई सुमित कुमार, एएसआई अजय कुमार सिंह, 112 की टीम एवं अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और किसानों को सांत्वना दी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से प्रभावित किसानों के लिए शीघ्र मुआवजा देने और क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था की जांच कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## खलिहान में लगी आग से अफरा-तफरी

**जमालपुर (मुंगेर)।** सफिया सराय थाना क्षेत्र के रमैया बहियार के खेत खलिहान में अचानक आग लग जाने से किसानों के बीच अफरा तफरी मच गई। खेत खलिहान में लगी आग से किसान का कोई नुकसान नहीं हुआ। लगी आग के बारे में किसान बृजेश सिंह ने बताया कि खेत खलियान में आग कैसे लगी इसका तो पता नहीं पर मौके पर अग्निशमन में की गाड़ी पहुंचकर आग को बुझाने में हर संभव प्रयास ग्रामीण किसानों के सहयोग से किया। जिसका परिणाम निकला की बढ़ते आग की लपेट को समय रहते काबू कर लिया गया। किसान ने यह भी बताया कि यह तो हम लोगों का किस्मत था कि खलिहान खाली था नहीं तो जान माल का भी नुकसान हो सकता था। किसानों ने अग्निशमन की टीम के प्रति आभार जताया।

# जॉब कैम्प में 36 अभ्यर्थियों का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला नियोजनालय द्वारा गुरुबार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में निजी कंपनी जेप्टो के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कंपनी के प्रतिनिधि अविनाश द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में उपलब्ध रोजगार अवसरों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने अभ्यर्थियों को वेतन एवं भत्ते, कार्यस्थल, कार्य की प्रकृति तथा अन्य आवश्यक विषयों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए 200 रिक्त पदों के विरुद्ध कुल 68 अभ्यर्थियों ने कैंप में भाग लिया। जिनमें से साक्षात्कार के उपरांत 36 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष द्वारा उपस्थित बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि जिला नियोजनालय द्वारा जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन किया जाता है, जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है। इन जॉब कैंपों की सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जिले के वैसे अभ्यर्थी जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। वे जिला नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा का निःशुल्क लाभ ले सकते हैं। नेशनल करियर सर्विस द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं एवं इसके उपयोग की प्रक्रिया के बारे में कनीय सांख्यिकी सहायक राहुल कुमार एवं यंग प्रोफ़ेशनल पंकज कुमार द्वारा अभ्यर्थियों को विस्तृत जानकारी दी गई।इस अवसर पर जिला कौशल प्रबंधक सतीश पटेल, विंध्याचल कुमार एवं प्रेम प्रकाश सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# डॉक्टर एवं कर्मचारियों को सीएस ने पढ़ाया कर्तव्यनिष्ठा का पाठ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** सिविल सर्जन मुंगेर डॉ राजू ने गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर का निरीक्षण किया। सिविल सर्जन के अचानक गाड़ी को पीएचसी परिसर में जैसे ही खड़ी हुई तो डॉक्टर नर्स एवं कर्मचारियों के बीच अफरा तफरी जैसी स्थिति देखी गई। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने डॉक्टर एवं कर्मचारियों के रजिस्टर का अवलोकन किया। रजिस्टर में बनाए गए हाजिरी के अनुसार जब सिविल सर्जन ने डॉक्टर के साथ कर्मचारियों को खोजना शुरू किया तो थोड़ी देर के लिए बड़ा बाबू का पसीना उतरने लगा। सिविल सर्जन ने डॉक्टर एवं कर्मचारियों को कर्तव्य निष्ठा का पाठ पढ़ाया। उन्होंने अस्पताल परिसर, ओपीडी, प्रसव कक्ष और शौचालय में साफ-सफाई सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया गया। इधर ड्यूटी से अनुपस्थित पाए जाने वाले डॉक्टरों और कर्मचारियों का वेतन रोकने और स्पष्टीकरण मांगने की कार्रवाई करने की बात कही।

# धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** शहरी एवं ग्रामीण इलाके के मंदिरों में हनुमान जयंती (हनुमान जन्मोत्सव) धूमधाम से मनाई गई। सुबह से ही हनुमान मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़, विशेष श्रृंगार, अनुष्ठान और भजनों के साथ हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गई। जमालपुर के जुबली जुबली बेल, अल्बर्ट रोड, काली पहाड़ी के शिखर पर प्राचीन मंदिर, अल्बर्ट रोड मनोकामना महावीर मंदिर, पंचमुखी बजरंगबली मंदिर, शिवाजी चौक हलिमपुर बजरंगबली मंदिर, रामपुर जोगी बाबा मंदिर में भव्य सजावट और 'जय श्री राम' के नारों के साथ उत्सव मनाया गया। इधर हनुमान जयंती के मौके पर सुबह से रात्रि तक मंदिर में हनुमान चालीसा, सुंदरकंड और रामायण का पाठ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इधर पूजा अर्चना के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया गया और भंडारे का आयोजन किया गया। इधर हनुमान जयंती के बारे में हनुमान भक्त सरदार बलविंदर सिंह अहलूवालिया, पुजारी राजू पाठक, शिवम, मनीष, सिंटू पासवान, बादल कुमार ने बताया कि यह पावन पर्व शक्ति, भक्ति और समर्पण के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।

## हनुमान जयंती पर भक्तिमय हुआ माहौल

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। गुरुवार के सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ हनुमान मंदिरों में उमड़ पड़ी। जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना, हवन और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। मंदिरों में भगवान हनुमान की विशेष सजावट की गई थी। जिससे वातावरण और भी आकर्षक व भक्तिमय बन गया। पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन कराया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भक्तों ने बजरंगबली को सिंदूर, चोला, फूल-माला और लड्डू अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और संकटों से मुक्ति की कामना की।कई स्थानों पर सुंदरकांड पाठ, रामचरितमानस का पाठ, अष्ट जाम और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें महिला-पुरुष एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालु देर शाम तक मंदिरों में जुटे रहे और भक्ति में लीन दिखाई दिए।इस अवसर पर कई मंदिरों में भंडारे का आयोजन भी किया गया। जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समितियों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई, पेयजल और सुरक्षा की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। हनुमान जयंती को लेकर पूरे प्रखंड में उत्सव जैसा माहौल रहा। क्षेत्र के महेशवाडा, पहसारा, वृंदावन, टेकनपुरा, छतौना, नावकोठी, हसनपुर बागर, रजाकपुर, विष्णुपुर सिसौनी समसा आदि गांव में जगह-जगह हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पर पूजा की गई। हर ओर भक्ति, आस्था और उल्लास का वातावरण बना रहा, जिससे दिन भर क्षेत्र भक्तिरस में डूबा नजर आया।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–103 के लिए खुली ई–निविदा सूचना, दिनांक 01.04.2026,** वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.– झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–103, कार्य का नाम :** मालदा टाउन मंडलः अति प्रदूषित क्षेत्र में सीडी 1050 मिमी वाले मौजूदा इंसुलेटरों के प्रतिपक्ष 1600 मिमी के सीडी वाले कम्पोजिट इंसुलेटरों की व्यवस्था द्वारा ओएचई की विश्वसनीयता में सुधार। **निविदा मूल्य :** रु. 2,35,42,854.28, **बयाना राशिः** रु. 4,70,900/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समयः** दिनांक 10.04.2026 से 24.04.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in** और वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-04/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



बिहार सरकार

**कार्यालय जिला परिषद, औरंगाबाद**

**सैरात बन्दोवस्ती हेतु अल्पकालीन आम सूचना**

**(वित्तीय वर्ष 2026–27)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के द्वारा जिला परिषद औरंगाबाद के नियंत्राधीन विभिन्न बस स्टैण्ड/हाट बाजार एवं तालाब आदि की वित्तीय वर्ष 2026–27 में (01.05.2026 से 31.03.2027 तक) की बंदोबस्ती जिला परिषद कार्यलय में दिनांक 09.04.2026, 11.04.2026 एवं 15.04.2026 को 11 बजे पूर्वाहन् में खुली डाक प्रक्रिया के अनुसार की जायेगी। यदि उक्त निर्धारित तिथि को बंदोबस्ती शेष रह जाती है , तब पुनः दिनांक 16.04.2026, 18.04.2026 एवं 21.04.2026 को एवं उसमें से शेश रह जाने पर पुनः दिनांक–22.04.2026, 27.04.2026 एवं दिनांक–29.04.2026 को जिला परिशद कार्यालय में 11 बजे पूर्वाहन् में बन्दोबस्ती की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त निर्धारित तिथियों को डाक में भाग ले सकते हैं। यदि सुरक्षित जमा राशि में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वह लेसी को स्वीकार करना होगा।

| क्र0सं0 | सैरात | सुरक्षित राशि 11 माह के लिए (01.05.2026 से 31.03.2027) | अग्रधन की राशि (कुल सुरक्षित राशि का 20%) |
|---|---|---|---|
| **बस स्टैण्ड** | | | |
| 1 | टण्डवा बस स्टैण्ड | 370750.00 | 74150.00 |
| **हाट बाजार** | | | |
| 2 | जम्होर रेलवे स्टेशन पथ बाजार | 323419.00 | 64684.00 |
| 3 | नबीनगर रेलवे स्टेशन पथ बाजार | 116588.00 | 23318.00 |
| 4 | हसपुरा बाजार | 360525.00 | 72105.00 |
| 5 | देव बाजार (राजस्व) | 370013.00 | 74003.00 |
| 6 | अम्बा बाजार (जि0प0 नियंत्राधीन) | 158125.00 | 31625.00 |
| 7 | जम्होर बाजार | 48419.00 | 9684.00 |
| 8 | खुदवॉ बाजार | 28592.00 | 5718.00 |
| 9 | सुन्दरगंज बाजार | 26881.00 | 5376.00 |
| 10 | चरण बाजार | 46542.00 | 9308.00 |
| 11 | ग्राम मेह, नरारी खुर्द में पुरईन घास की बन्दोबस्ती। | 344703.00 | 68941.00 |
| 12 | ओबरा बाजार (राजस्व) | 357152.00 | 71430.00 |
| 13 | बारूण बाजार (राजस्व) | 460302.00 | 92060.00 |
| 14 | अम्बा बाजार (राजस्व) | 210833.00 | 42167.00 |
| 15 | देव कार्तिक छठ मेला | 503298.00 | 100660.00 |
| 16 | शिवगंज बाजार (राजस्व) | 211888.00 | 42378.00 |
| 17 | मदनपुर बाजार (राजस्व) | 644623.00 | 128925.00 |
| 18 | भदवा बाजार (राजस्व) | 183541.00 | 36708.00 |
| 19 | खराटी पशु मेला (राजस्व) | 306013.00 | 61203.00 |
| 20 | देव अदरा नक्षत्र मेला (राजस्व) | 185955.00 | 37191.00 |
| 21 | जम्होर बंसत पंचमी मेला। | 152088.00 | 30418.00 |
| **तालाब** | | | |
| 22 | लेम्बोखाप सिन्दुरिया तालाब | 91438.00 | 18288.00 |

नोट – इसके लिए वेबसाईट www.auranabad.bih.nic.in देखा जा सकता है एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, औरंगाबाद

PR- 000047 (B & C) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# बाजार समिति, आरा में जीविका मार्ट का शुभारंभ

## जीविका दीदियों के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**आरा (भोजपुर)।** जिला प्रशासन भोजपुर द्वारा नवाचार को बढ़ावा देने एवं जीविका दीदियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 25 मार्च 2026 को मुख्यमंत्री, बिहार नीतीश कुमार द्वारा बाजार समिति परिसर, आरा में जीविका मार्ट का उद्घाटन किया गया। यह मार्ट विशेष रूप से जीविका दीदियों द्वारा निर्मित उत्पादों को एक संगठित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। बाजार समिति, आरा के परिसर में जिले में नवाचार के तहत स्थापित यह जीविका मार्ट स्थानीय स्तर पर एक नई पहल के रूप में उभर कर सामने आया है। मार्ट के शुरुआती दिन ही उत्साहजनक परिणाम देखने को मिले, जहां पहले ही दिन लगभग 10,500 की बिक्री दर्ज की गई। यह जीविका मार्ट नवाचार (इनोवेशन) का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां जीविका दीदियों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पाद एवं सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है। इससे न केवल स्थानीय उत्पादों को बाजार मिलेगा, बल्कि जीविका दीदियों की आय में वृद्धि होगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी प्राप्त होगा। यह पहल रोजगार सृजन, आर्थिक सशक्तिकरण एवं लोकल के लिए वोकल की भावना को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी। माननीय मुख्यमंत्री के शुभारंभ के पश्चात बाजार समिति, आरा स्थित नवनिर्मित जीविका मार्ट में जीविका दीदियों द्वारा निर्मित/उत्पादित विभिन्न ट्रांसमिशन जैसे आर्ट एवं क्राफ्ट, शहद, भोजपुरी पेंटिंग, लकड़ी के खिलौने, मखाना, सिलाई घर में निर्मित कपड़े, घर की सजावटी सामग्री, सिक्की, सुजनी, एप्लिक वर्क, कृत्रिम आभूषण, जूट उत्पाद आदि की बिक्री की जा रही है। इस मार्ट के माध्यम से जीविका दीदियों को अपने छोटे उत्पादों को बेचने के लिए एक बड़ा बाजार उपलब्ध हुआ है।

# सड़क निर्माण एवं वाटर ड्रेनेज प्रणाली का डीएम ने किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** जिला पदाधिकारी, भोजपुर तनय सुल्तानिया ने चंदवा-बंपाली सड़क, आरण्य देवी मंदिर (आरा) से आरा-बक्सर फोर लेन पथ एवं स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज प्रणाली के निर्माण कार्यों की प्रगति का स्थल निरीक्षण किया। यह कार्य मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान घोषित किए गए थे। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही जिला पदाधिकारी ने नगर आयुक्त, भोजपुर एवं अनुमंडल पदाधिकारी, आरा सदर को निर्देशित किया कि सड़क एवं नाला निर्माण कार्यों में बाधा उत्पन्न कर रहे सभी अतिक्रमणों को अविलंब हटाना सुनिश्चित करें, ताकि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो। इस अवसर पर नगर आयुक्त, भोजपुर, अनुमंडल पदाधिकारी, आरा सदर, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, बुडको के परियोजना अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### लॉयर्स हॉल के लिए स्थल निरीक्षण

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** व्यवहार न्यायालय एवं लॉयर्स हॉल के लिए प्रस्तावित स्थलों का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला पदाधिकारी ने किया निरीक्षण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोजपुर पुरुषोत्तम मिश्रा तथा जिला पदाधिकारी, भोजपुर तनय सुल्तानिया ने व्यवहार न्यायालय एवं लॉयर्स हॉल के निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों के साथ स्थलों की उपयुक्तता, पहुंच मार्ग, आधारभूत संरचना एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, भोजपुर, नगर आयुक्त, भोजपुर, अनुमंडल पदाधिकारी, आरा सदर, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, आरा सदर तथा अंचल अधिकारी, आरा सदर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### वार्ड चार में मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी

**शाहपुर (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वार्ड संख्या चार के पार्षद कमलेश कुमार राज ने नगर पंचायत प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वार्ड संख्या चार में महादलितों की बहुसंख्यक आबादी हैं। वार्ड में कई जगह हाईटेंशन तार बिना कवर के हैं, स्ट्रीट लाइट खराब हैं और कबीर अंत्येष्टि योजना का लाभ समय पर नहीं मिल रहा है। इसके अलावे प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की राशि कई लाभुकों को नहीं मिली है, न ही सीसीटीवी कैमरा और सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था की गई है। उन्होंने जल्द समस्या समाधान की मांग की है।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए केवाइसी अनिवार्य

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 3213 लाभुकों का ई-केवाईसी नहीं हुआ है। इससे लाभुकों के पेंशन बंद होने की आशंका हो गई है। सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभुकों को 31 मार्च तक ईकेवायसी कराने का निर्देश दिया गया था। बीडीओ राहुल रंजन ने बताया कि 12139 लाभुकों में से 8926 लाभुकों ने अपना ईकेवायसी करा लिया है तथा 3213 लाभुकों का ईकेवायसी नहीं हो पाया है। इसमें से महेशवाड़ा पंचायत में 339, पहसारा पश्चिमी में 353, पहसारा पूर्वी में 344, डफरपुर पंचायत में 424, नावकोठी पंचायत में 395, हसनपुर बागर में 281, रजाकपुर पंचायत में 333, विष्णुपुर पंचायत में 343, समसा पंचायत में 401 सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभुक ईकेवायसी से वंचित है।

# अयोध्या में गौतम अडाणी का आस्था और सेवा का संदेश

## श्रीराम मंदिर में दर्शन, गुरुकुल में छात्रों से संवाद, परंपरा और तकनीक के समन्वय पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने गुरुवार को अपनी पत्नी डॉ. प्रीति अदाणी, बेटे करण अदाणी और बहू पारिधि अदाणी के साथ अयोध्या का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश की आस्था और सांस्कृतिक विरासत को नमन किया। हनुमान जयंती के अवसर पर अयोध्या पहुंचे अदाणी ने इसे भावुक और विशेष अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति, एकता और आत्मविश्वास का प्रतीक है। उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों सत्य, कर्तव्य और सेवा को देश के लिए प्रेरणास्रोत बताया। मंदिर दर्शन के बाद अदाणी परिवार श्री निशुल्क गुरुकुल महाविद्यालय पहुंचा, जहां उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद किया। वर्ष 1935 में स्वामी त्यागानंद द्वारा स्थापित यह गुरुकुल वैदिक शिक्षा और संस्कारों पर आधारित है। यहां छात्र पारंपरिक गुरुकुल पद्धति के तहत रहकर अध्ययन करते हैं। अदाणी ने गुरुकुल की शिक्षा पद्धति की सराहना करते हुए कहा कि मूल्यों से जुड़ी शिक्षा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि राष्ट्र का भविष्य गढ़ती है। उन्होंने परंपरा और आधुनिकता के संतुलन पर जोर देते हुए कहा कि तेजी से बढ़ते आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में भारत की ज्ञान परंपरा को सशक्त बनाए रखना जरूरी है। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि अडानी फाउंडेशन गुरुकुल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित लैब स्थापित करने में सहयोग करेगा ताकि आधुनिक तकनीक और पारंपरिक शिक्षा का समन्वय हो सके। करीब 200 छात्रों वाले इस गुरुकुल में शिक्षा पूरी तरह निःशुल्क है और परिसर में गौशाला भी संचालित है। ऐतिहासिक रूप से भी यह संस्थान महत्वपूर्ण रहा है, जहां महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस जैसे महान नेता भी आ चुके हैं। दौरे के दौरान जब विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से संस्कृत श्लोकों का उच्चारण किया, तो पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। अदाणी ने छात्रों के बीच बैठकर इस अनुभव को आत्मसात किया और शिक्षकों से भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि सेवा ही साधना है और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना ही सच्ची प्रगति का मार्ग है। उनका यह दौरा भारत की सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ाव को दर्शाता है। इससे पहले वे महाकुंभ और जगन्नाथ रथयात्रा में भी भाग ले चुके हैं।

# नव दुर्गा मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष की श्रद्धांजलि सभा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** जिला फुटबॉल संघ के पूर्व सचिव बिहार फुटबॉल संघ के पूर्व उपाध्यक्ष धार्मिक एवम ऐतिहासिक नव दुर्गा मंदिर रेलवे स्टेशन आरा के संस्थापक अध्यक्ष बाबा स्वर्गीय पाशुराम पाण्डेय जी का श्रद्धा पूर्ण शोक श्रद्धांजलि सभा नव दुर्गा मंदिर रेलवे स्टेशन आरा नगर में भव्य कार्यक्रम के अनुसार किया गया। श्रद्धांजलि शोक सभा के सभी कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी उनके वैचारिक साथी बबन सिंह ने तथा सभा मंच संचालन भाई अरुणेश कुमार सिंह अधिवक्ता एवम जेडीयू नेता अभय विश्वास भट्ट ने किया कार्यक्रम के आयोजक मंडल नव दुर्गा मंदिर रेलवे स्टेशन आरा के समाज सेवी चिंतामणि उपाध्याय अध्यक्ष संतोष पांडेय अध्यक्ष राष्ट्रीय कुंवर सेना निर्मल सिंह सक्रवार व्यवस्थापक चंदन पांडेय, मनोज त्रिपाठी, सनेही ओझा पंकज पांडेय, पिंटू पांडेय, नंदगोपाल सिंह, तुलसी सिंह, पिंटू सिंह, वार्ड पार्षद, भानु दुबे, रामनंद पांडेय, पुटूस श्रद्धांजलि सह शोक सभा मंच के मुख्य अतिथि विधायक शाहपुर राकेश ओझा, मेयर आरा इंदु देवी भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, पूर्व वार्ड परिषद आरा जितेंद्र शुक्ला, समाज सेवी कन्हैया प्रसाद, भाजपा नेता रामदिनेश यादव, हरेंद्र पांडेय गुड्डू बबुआन डॉ राजेंद्र प्रसाद डॉ रघुबर प्रसाद चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या : 01–एसडीएसटीई–एएसएन–2026–27, दिनांक 01.04.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल–आसनसोल मंडल में सिग्नलिंग एवं टेलीकम गियरों की विश्वसनीयता में सुधार"। **निविदा मूल्य:** रु. 1,28,37,610.52, **बयाना राशि:** रु. 2,56,800/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 24.04.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www. ireps.gov.in/**

ASN-03/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EastemRailway
@easternrailwayheadquarter

# दो दिवसीय हनुमंत महोत्सव के अवसर पर निकाली गई कलश शोभा यात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कटिहार।** सार्वजनिक दुर्गा मंदिर व उच्च विद्यालय प्रांगण में हनुमंत महोत्सव को लेकर बालाजी सेवा समिति सालमारी परिवार की ओर से दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन के उपलक्ष्य पर गुरुवार को सुबह कलश शोभा यात्रा निकाली गयी।इसी के साथ दो दिवसीय हनुमंत महोत्सव की शुरुआत हो गयी। कलश शोभा यात्रा पूजन स्थल से निकल कर सालमारी के विभिन्न चौक चौराहे होते हुए पूजा स्थल पर पहुंची।वहीं कलश यात्रा के दौरान भगवान हनुमान की प्रतिमा को भी पुष्पगुच्छ से सुसज्जित कर नगर परिक्रमा कराई गयी। हनुमान महोत्सव के मौके पर पूरा वातावरण जय श्री राम जय हनुमान के जयकारे से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर विशाल हनुमान जी की प्रतिमा भी पूजा पंडाल में स्थापित की गई है। जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां गुरुवार और शनिवार संध्या भजन संध्या का अभी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वही विभिन्न जगहों से आये कलाकारों द्वारा विभिन्न झांकी की प्रस्तुति से लोगों का मन मुग्ध कर दिया। शोभा यात्रा में संजय गुप्ता, बालाजी सेवा समिति परिवार की तरफ से पूजा कमिटी के भरत गुप्ता, भवेश साह, संजय चौधरी, शिव पोद्दार, सरोज कुमार, सुजीत चौधरी, छोटू, नंदकिशोर गुप्ता, कन्हैया शर्मा, मंटू मंडल, शैलेश, संतोष अग्रवाल, सज्जन कुमार, ऋषभ चौधरी, टंडन साह, विकास कुमार के अलावा पूजा कमिटी परिवार सक्रिय रूप से महोत्सव के सफल संचालन में जुटी हुई है।

# बिजली तार की चिंगारी से लगी आग, 30 बीघा गेहूं की फसल खाक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शाहपुर (भोजपुर)।** प्रखंड के सरना गांव स्थित बाधार उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब विद्युत प्रवाहित तार के आपसी संकर्षण से निकली चिंगारी ने देखते ही देखते गेहूं की खड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही देर में लगभग 25 से 30 बीघा खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आसपास के नलकूपों से पानी डालकर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। लेकिन आग इतनी तेजी से फैल रही थी कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। घटना की सूचना मुखिया बीरबल सिंह द्वारा तत्काल स्थानीय प्रशासन को दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजेश मालाकार के निर्देश पर अग्निशमन दल को मौके पर भेजा गया। हालांकि दमकल के पहुंचने तक अधिकांश फसल जलकर राख हो चुकी थी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस अगलगी की घटना में रामचंद्र सिंह, दशरथ पासवान, छतेश्वर मिश्रा, निशांत मिश्र, भालू यादव सहित करीब एक दर्जन किसानों की खड़ी फसल पूरी तरह नष्ट हो गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। घटना के बाद किसानों में मायूसी का माहौल है। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से प्रभावित किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा देने की मांग की है। वहीं पंचायत के राजस्वकर्मी को घटनास्थल पर भेजकर क्षति का आकलन शुरू कर दिया गया है। ताकि पीड़ितों को राहत दिलाई जाय।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएनजीजी–10/25–26 (खुली), दिनांक 30.03.2026 (कैपिटल टेंडर),** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे, काँचरापाड़ा वर्कशॉप, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन–743145, काँचरापाड़ा द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से पर्याप्त अनुभव और वित्तीय क्षमता रखने वाले प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिन्होंने पूर्व में विशेष रूप से रेलवे/सीपीडब्ल्यूडी/पीडब्ल्यूडी/एमईएस/सिंचाई या कोई अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में समप्रकृति के कार्य का निष्पादन किया है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: डब्ल्यूटी–17–25–26, कार्यों का विवरण:** केपीएडब्ल्यू में: लोको एवं कैरिज कॉम्प्लेक्स में मौजूदा शौचालयों का नवीनीकरण। **निविदा मूल्य:** रु. 52,62,133.97, **निविदा कागजात की लागत (अप्रतिदेय):** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति*:** रु.1,05,300/–, **पीओ जारी करने की तिथि से समाप्ति की अवधि** : 09 माह । **क्रम सं. 2, निविदा सं.: डब्ल्यूटी–18–25–26, कार्यों का विवरण:** केपीएडब्ल्यू में: काँचरापाड़ा वर्कशॉप के विभिन्न स्थानों में स्टैंडर्ड आरसीसी बफर का सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण। **निविदा मूल्य:** रु. 1,74,08,696.84, **निविदा कागजात की लागत (अप्रतिदेय):** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति*:** रु.3,48,200/–, **पीओ जारी करने की तिथि से समाप्ति की अवधि** : 12 माह। **क्रम सं. 3, निविदा सं.: डब्ल्यूटी–19–25–26, कार्यों का विवरण:** केपीएडब्ल्यू में: सी एंड डब्ल्यू कॉम्प्लेक्स में ट्रैवर्स पिट नं. 18 की क्षमता का विस्तृत नवीनीकरण एवं सुधार। **निविदा मूल्य:** रु. 93,01,138.83, **निविदा कागजात की लागत (अप्रतिदेय):** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति*:** रु.1,86,000/–, **पीओ जारी करने की तिथि से समाप्ति की अवधि** : 06 माह । **क्रम सं. 4, निविदा सं.: डब्ल्यूटी–20–25–26, कार्यों का विवरण:** केपीएडब्ल्यू में: काँचरापाड़ा वर्कशॉप में शॉप नं. 11/जीई सेक्शन में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 52,94,201.73, **निविदा कागजात की लागत (अप्रतिदेय):** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति*:** रु.1,05,900/–, **पीओ जारी करने की तिथि से समाप्ति की अवधि** : 12 माह । **निविदा खोलने की तिथि और समय :** दिनांक 24.04.2026, *रेलवे बोर्ड ने पत्र संख्या–2020/सीई–1/सीटी/3ई/जीसीसी/ पॉलिसी, दिनांक 30.12.2020 के माध्यम से दिनांक 31.12.2021 तक किसी भी कार्य निविदा के लिए कोई ईएमडी (बयाना राशि) नहीं लेने का निर्देश दिया था। पर, चूंकि आगे के लिए अभी तक ऐसा कोई निर्देश नहीं है, इसलिए, ईएमडी प्रणाली को वापस लिया जाता है। कार्य का दायरा संकेत मात्र है। हालांकि, विवरण भारतीय रेलवे की ई–निविदा साइट अर्थात **https://www.ireps. gov.in** पर देखा जा सकता है। **विज्ञापन अवधि:** समय जिस दौरान निविदा से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध होगी, परंतु प्रस्ताव जमा नहीं किया जा सकता है। निविदा दिनांक **24.04.2026 को 14.00 बजे** बंद कर दी जाएगी और निविदा उसी तिथि को **14.30 बजे के बाद** किसी भी समय खोले जाने वाले कर्मियों के उपस्थित रहने एवं नेट सुगम्यता के अधीन खोली जाएगी।

MISC-04/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# नाइट टी टेन में इंजीनियरिंग टीम बनी विजेता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल में पहली बार आयोजित नाइट टी-टेन क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार की देर रात शानदार समापन हुआ। रेलवे मैदान में खेले गए इस बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबले में इंजीनियरिंग टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए आरपीएफ को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। एनएफ रेलवे मजदूर यूनियन कटिहार शाखा-वन के तत्वावधान में आयोजित स्व. दिग्विजयनाथ पांडेय मेमोरियल अंतर विभागीय टी -टेन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का आयोजन 22 मार्च से किया जा रहा था। जिसने पूरे मंडल के खेल प्रेमियों को उत्साह से भर दिया। फाइनल मुकाबले में इंजीनियरिंग और आरपीएफ के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। लेकिन इंजीनियरिंग टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए जीत अपने नाम कर ली। यूनियन शाखा-1 के सचिव सुमन मिश्रा ने बताया कि टूर्नामेंट के सभी मैच बेहद रोमांचक रहे और खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इससे भी बेहतर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में रेल अधिकारियों द्वारा विजेता इंजीनियरिंग टीम और उपविजेता आरपीएफ टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खेल अधिकारी सह सीनियर डीईई पंकज पाल, सीनियर डीएनसी प्रभात रंजन सिंह, एपीओ संतोष दत्ता, एनएफ रेलवे इंप्लाइज यूनियन के अध्यक्ष दिनेश पासवान, सचिव रजनीश कुमार, केंद्रीय संगठन मंत्री प्रेमशंकर समेत स्व. दिग्विजयनाथ पांडेय के परिजन भी मौजूद रहे। जिनके द्वारा सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। विजेता इंजीनियरिंग टीम के कप्तान ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह जीत पूरी टीम की मेहनत और सामूहिक प्रयास का परिणाम है। वहीं उपविजेता आरपीएफ टीम के कप्तान ने भी टीम के प्रदर्शन पर संतोष जताते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन का भरोसा दिलाया। एंकर मो. शादाब और रितेश ठाकुर ने किया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन ने कटिहार रेल मंडल में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा दी है और खिलाड़ियों में उत्साह का संचार किया है। मौके पर सैकड़ो की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# जदयू की बैठक में सांगठनिक मुद्दों पर चर्चा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटिहार।** जिला अतिथि गृह में जिला जदयू की एक विशेष बैठक जिलाध्यक्ष सूरज प्रकाश राय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें नवमनोनीत नगर अध्यक्ष विशाल राणा का स्वागत और सांगठनिक मुद्दों पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में पहुंचने पर जिलाध्यक्ष, जिला प्रवक्ता इम्तियाज हैदर, वरिष्ठ नेता सूर्यदेव मंडल, सुनील सिंह सहित दर्जनों अन्य ने विशाल राणा को अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया। संगठन की मजबूती पर प्रखंड अध्यक्षों सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार रखे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सूरज प्रकाश राय ने कहा कि विशाल राणा के अनुभव और ऊर्जा से संगठन को महानगर क्षेत्र में नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर सरकार की नीतियों एवं जनहित में चलायी जा रही सरकारी योजनाओं को हर घर तक पहुँचाने का आह्वान किया। अपने संबोधन में विशाल राणा ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने और कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने नगर क्षेत्र में पार्टी के विस्तार को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई। पार्टी प्रवक्ता इम्तियाज हैदर ने कहा कि जदयू विकास के एजेंडे पर काम करने वाली पार्टी है। नये ढंग से हुए सांगठनिक विस्तार से निर्वाचित सभी प्रखंड अध्यक्षों का स्वागत करते हुए कहा कि आपके सहयोग से आगामी चुनौतियों का सामना करने में आसान होगा। बैठक में संगठन विस्तार के लिए सामूहिक रणनीति और एकजुटता बना कर कार्य करने पर बल दिया गया। बैठक में भारी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# लक्ष्य टीचिंग सेंटर के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**हसनगंज /कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसनगंज प्रखंड के कालसर पंचायत के अधौरा कालसर स्थित लक्ष्य टीचिंग सेंटर के छात्रों ने जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। संस्थान के चार छात्रों ने जिला टॉपर बनकर न केवल सेंटर बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार कालसर गांव निवासी पंकज कुमार विश्वास के पुत्र प्रेम प्रीतम ने 473 अंक प्राप्त कर जिले में पांचवां स्थान हासिल किया। वहीं रवि कुमार और अनुराज मंडल और रवि कुमार ने 472 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से छठा स्थान प्राप्त किया। वही विक्रम कुमार 468 अंक हासिल कर 10वां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 15 अन्य छात्रों ने भी प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर संस्थान की उपलब्धि को और मजबूत किया।इस अवसर पर एक विषय में शत-प्रतिशत 100 अंक हासिल किए। लक्ष्य टीचिंग सेंटर के संचालक मिथलेश कुमार ने ऐसे सात मेधावी छात्रों को कॉपी, कलम एवं एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि इन छात्रों ने गणित एवं विज्ञान विषय में पूर्णांक प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। मौके पर संचालक मिथलेश कुमार ने कहा कि संस्थान के तीन छात्रों का जिला टॉपर बनना अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समुचित मार्गदर्शन को दिया। कार्यक्रम के दौरान कई अभिभावक भी उपस्थित रहे। जिनमें राजन विश्वास,राजू यादव, अशोक साह, नरेश मंडल, प्रकाश मंडल, कामता प्रसाद विश्वास, उमेश विश्वास आदि उपस्थित थे।

# एलपीजीकी कोई कमी नहीं, आपूर्ति को लेकर प्रशासन गंभीर : श्वेतांक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। इसी के मद्देनजर समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल द्वारा प्रेस वार्ता में बताया कि वर्तमान में मिडिल ईस्ट में युद्ध की स्थिति को लेकर एलपीजी गैस की उपलब्धता संबंधी विभिन्न प्रकार की चर्चाएं चल रही हैं। इस संबंध में स्पष्ट किया गया कि जिला प्रशासन द्वारा स्थिति की निरंतर समीक्षा की जा रही है तथा सभी गैस एजेंसी प्रतिनिधियों के साथ नियमित बैठक कर आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान में जिले में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि जिले में आईओसीएल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल की कुल 37 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं। वर्तमान में जिले में कुल 11,150 एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं तथा प्रतिदिन औसतन 6,478 सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है। वर्तमान में लगभग 2 से 3 दिनों का बैकलॉग है जिसे शीघ्र समाप्त करने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार होम डिलीवरी व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए प्रत्येक डिलीवरी वाहन के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है। बाइक से भी पुलिस बल द्वारा डिलीवरी कार्य में सहयोग किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप गैस एजेंसियों के गोदामों पर लगने वाली भीड़ में कमी आई है तथा स्थिति सामान्य हो रही है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की कि गैस बुकिंग कराने के बाद अनावश्यक रूप से एजेंसी



पर लाइन न लगाएं। सभी उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से गैस उपलब्ध कराई जा रही है। अनावश्यक भीड़ से वृद्ध एवं जरूरतमंद उपभोक्ताओं को असुविधा होती है। सभी एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि बुकिंग की तिथि के आधार पर प्राथमिकता निर्धारित करते हुए गैस की होम डिलीवरी सुनिश्चित करें तथा जरूरतमंद उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर 24 घंटे संचालित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। साथ ही प्रत्येक जिले में क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप का गठन किया गया है। 01 अप्रैल 2026 को मगध आयुक्त द्वारा भी समीक्षा बैठक की गई, जिसमें गैस एजेंसियों, पीएनजी प्रदाताओं एवं पेट्रोल पंप प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की गई। पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता के संबंध में बताया गया कि जिले में आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल एवं रिलायंस के कुल लगभग 115 पेट्रोल पंप संचालित हैं तथा किसी भी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल या डीजल की कमी की सूचना प्राप्त नहीं है। सभी स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है। पीएनजी कनेक्शन के संबंध में जानकारी दी गई कि जिले के शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के विस्तार पर विशेष बल दिया जा रहा है। वर्तमान में लगभग 40 स्थानीय क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क विस्तार का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में 1,513 घरेलू उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है, जबकि पूर्व में यह संख्या 1,423 थी। इस प्रकार लगभग 90 नए घरेलू उपभोक्ताओं को कनेक्शन प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त 13 वाणिज्यिक संस्थानों में पीएनजी कनेक्शन स्थापित किया जा चुका है तथा 11 अन्य संस्थानों में कनेक्शन प्रदान करने की प्रक्रिया जारी है। होटल एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में भी पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देने हेतु आवेदन की प्रक्रिया कराई जा रही है, ताकि स्वच्छ एवं सुरक्षित ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। जिला प्रशासन द्वारा एलपीजी, पीएनजी, पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु सतत निगरानी की जा रही है तथा आमजनों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा आवश्यकता अनुसार ही ईंधन की बुकिंग करें। इस अवसर पर जिला जन संपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी मौजूद रही।

# हत्या मामले में दोषी को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय में हत्या के एक मामले में एक अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। यह फैसला प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार की अदालत में माली थाना कांड संख्या 27/24 में सजा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान दिया गया। लोक अभियोजक अजय कुमार के अनुसार, मुख्य अभियुक्त हरीश कुमार शेखर उर्फ ट्टठु को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास तथा दो लाख रुपये जुर्माने की सजा दी गई है। जुर्माने की राशि पीड़िता को प्रदान की जाएगी। इसके अलावा धारा 120 बी में भी आजीवन कारावास तथा आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत पांच वर्ष का कारावास और दस हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अदालत ने अभियुक्त को 24 मार्च 2026 को दोषी करार दिया था। इस मामले में एक अन्य अभियुक्त कुणाल पांडेय का मामला पृथक है, जिसकी सुनवाई 7 अप्रैल 2026 को निर्धारित है। मामले के संबंध में लोक अभियोजक अजय कुमार ने बताया कि मृतक कमलेश पांडेय की पत्नी संजू देवी ने 6 फरवरी 2024 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि आपसी रंजिश के चलते जब कमलेश पांडेय खेत में काम कर रहे थे, तभी अभियुक्तों ने उनके सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद से ही हरीश कुमार शेखर 24 मार्च 2024 से जेल में बंद था। उसे पटना उच्च न्यायालय से भी राहत नहीं मिली थी। सजा सुनाए जाने के बाद उसे पुनः जेल भेज दिया गया है।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक मजदूर व्यक्ति की मौत हो गई। घटना नगर थाना क्षेत्र के एनएच-19 पर रतनुवा पेट्रोल पंप की है। मृतक की पहचान जम्होर थाना क्षेत्र के देवहरा गांव निवासी रामजी महतो के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार घटना के बाद स्थानीय लोगों ने रामजी महतो को सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। उस समय पहचान नहीं हो सकी थी, लेकिन एंबुलेंस कर्मियों ने बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर उसके घर का पता लगाया और जम्होर थाना को सूचना दी। सूचना पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि रामजी महतो रोज की तरह मजदूरी करने के लिए औरंगाबाद आए थे। काम खत्म कर जब वह वापस अपने गांव लौट रहे थे, तभी रतनुवा पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया और अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि मृतक का इकलौता बेटा मनीष कुमार है। जो किसी अन्य प्रदेश के निजी कंपनी में मजदूरी करता है, जबकि उसके पिता गांव में रहकर काम करते थे। दोनों की कमाई से ही परिवार का भरण-पोषण होता था। लेकिन रामजी महतो के दुर्घटना में मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों ने सरकार से दुर्घटना राहत कोष के तहत मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# साइबर व अन्य मामलों में डेढ़ लाख रूपये से अधिक की रिकवरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 27 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी बलात्कार, हत्या प्रयास एवं शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 18 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। दुष्कर्म मामले में एक, हत्या प्रयास में एक, शराब में 4 एवं अन्य शीर्ष कांड में 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 229.50 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1022 वाहनों की जांच की गई जिसमें 86500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। 57 वारंट एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा एक बाइक, तीन टायर और साईबर थाना की पुलिस द्वारा एक लाख 30 हजार रिकवर किया गया है।

# टॉप-10 में शामिल अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रिवाल्वर का भय दिखा कर मारपीट व लुट कांड को अंजाम देने वाले एक शातिर बदमाश को एनटीपीसी खैरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। यह जिले के टॉप-10 सूची में शामिल था। पकड़े गए बदमाश की पहचान नबीनगर थाना क्षेत्र के बसन बिगहा निवासी राकेश कुमार सिंह के रूप में की गई है। दरअसल, 22 अक्टूबर 2025 को रात्रि दो बजे एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के अजनिया से अंकोरहा स्टेशन रोड के बीच ज्ञात व अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा एक बाइक सवार को मारपीट व रिवाल्वर का भय दिखाकर सोने का आभूषण, नगद तथा बाइक लूट की गई थी।



कांड की गंभीरता पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल द्वारा सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्व में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद तकनीकी विश्लेषण, आसूचना संकलन एवं उपयुक्त साक्ष्यों के आधार पर एक अप्राथमिक अभियुक्त राकेश कुमार सिंह नवीनगर थान क्षेत्र के बसन बिगहा से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए अभियुक्त का अपराधिक इतिहास रहा है। इसके ख़िलाफ़ नवीनगर और हरिहरगंज थाना (झारखंड) में अपराधिक मामले दर्ज है। थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि जिले के टॉप-10 सूची में शामिल कुख्यात अपराधी राकेश कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। इसके खिलाफ अन्य अपराधिक इतिहास हेतु विभिन्न थानाओं से संपर्क किया जा रहा है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

# बैंकों में चलाया सघन चेकिंग अभियान, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों और संभावित आपराधिक घटनाओं की रोकथाम को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने व्यापक स्तर पर बैंक सुरक्षा जांच अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत जिले के सभी सरकारी और निजी बैंकों में सघन चेकिंग की जा रही है जिससे वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान में बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता, कवरेज एरिया और रिकॉर्डिंग सिस्टम की गहन जांच की गई। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि सभी कैमरे सुचारु रूप से कार्य कर रहे हों और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्पष्ट निगरानी हो सके। इसके साथ ही बैंक लॉकर की सुरक्षा, प्रवेश-निकास व्यवस्था, अलार्म सिस्टम और आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया। कई बैंकों को सुरक्षा मानकों में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि किसी भी संभावित घटना से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधकों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर आपसी समन्वय को और मजबूत किया। उन्हें सतर्क रहने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने और किसी भी असामान्य गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं बल्कि एक निरंतर प्रक्रिया है जिसके तहत समय-समय पर निरीक्षण और समीक्षा की जाएगी। विशेष रूप से त्योहारों और भीड़भाड़ के समय ऐसे अभियान और तेज किए जाएंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य न केवल बैंकों की सुरक्षा को पुख्ता करना है बल्कि आम नागरिकों में विश्वास कायम रखना भी है, ताकि वे बिना किसी भय के बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर सकें।

# नाबालिग से अवैध संबंध बनाने का आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नाबालिग लड़की से अवैध संबंध बनाने मामले में एक आरोपी को महिला पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के बहादुर बिगहा निवासी बब्लू कुमार के रूप में की गई है। मामला बीते फरवरी माह की है। जानकारी के अनुसार आरोपी ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर अवैध संबध बनाया। मामले की जानकारी होने पर परिजनों ने आरोपी के ख़िलाफ़ महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाया। कांड की गंभीरता पर महिला पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष अंजली कुमारी ने बताया कि मोबाइल फोन के माध्यम से दोनों एक दूसरे के संपर्क में आए। इसके बाद आरोपी ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर अवैध संबध बनाया। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आरोपी पकड़ा गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपी जेल भेज दिया गया।

# राजकीय सम्मान के साथ दी गयी शहीद जवान को अंतिम विदाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** फ़ेसर थाना क्षेत्र बरिमल गांव के रहने वाले सीआरपीएफ जवान चंदन कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। चंदन कुमार वर्तमान में छत्तीसगढ़ के सुकमा में तैनात थे। उनकी अचानक हुई मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव और इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीण भी इस घटना से गहरे सदमे में हैं। गुरुवार को जैसे ही जवान का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव बरिमल पहुंचा, अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गांव में चंदन कुमार अमर रहें के नारे लगे। जवान के सम्मान में स्थानीय लोगों ने तिरंगा यात्रा भी निकाली। इसके बाद पूरे राजकीय सम्मान के साथ बरीमल गांव के श्मशान घाट पर जवान का अंतिम संस्कार किया गया है। तीन साल के बेटे अंश ने अपने शहीद पिता को



मुखाग्नि दी है। सुरक्षा बलों की मौजूदगी में उन्हें आखिरी सलामी दी गई। जवान के पिता अरुण मेहता की मौत 2001 में ही सड़क ट्रेन दुर्घटना में हो गई थी। चंदन अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। पूरे परिवार की जिम्मेवारी उसी के कंधों पर थी। तीन भाइयों में सबसे बड़े होने के कारण उन्होंने हमेशा अपने परिवार का सहारा बनने की भूमिका निभाई। हालांकि जवान की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसको लेकर अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। परिजन भी इस संबंध में कोई ठोस जानकारी नहीं दे पा रहे हैं और विभागीय स्तर पर भी अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। जानकारी के मुताबिक चंदन कुमार की बहाली वर्ष 2017 में सीआरपीएफ में हुई थी। नौकरी मिलने के बाद उन्होंने अपने परिवार की जिम्मेदारी संभाली और कठिन परिश्रम के बल पर परिवार को बेहतर जीवन देने का प्रयास किया। वर्ष 2019 में उनकी शादी हुई थी। उनके एक छोटा बेटा और एक बेटी है, जिनके सिर से अब पिता का साया उठ चुका है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एलपीजी की किल्लत व पेट्रोल के बढ़ते दाम को ले फूंका पुतला




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कांग्रेस पार्टी द्वारा एलपीजी गैस की किल्लत, पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि, मंहगाई और पीएम नरेन्द्र मोदी की विदेश नीति के खिलाफ पुतला दहन का कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में पूर्व एवं वर्तमान युवा अध्यक्ष अजय कुमार सिंह एवं धर्मेन्द्र पासवान के साथ वरीय कांग्रेस नेता प्रदीप कुमार सिंह लुटुर सिंह, शैलेन्द्र मिश्र शैल, उदय पासवान, मो. जिन्ना कुरैशी, जिला महिला अध्यक्ष गायत्री देवी, अजय सिंह, नागेन्द्र सिंह, नवीन शर्मा, मो. इरफान, पूर्व अध्यक्ष अरविन्द सिंह, प्रो. अम्बिका पासवान वैगरह सम्मलित हुए एवं सरकार को चेतावनी दी। कहा कि प्रधानमंत्री फिर से लाकडाउन जैसी परिस्थितियों का भय न दिखाएं एवं सुचारू रूप से गैस तथा पेट्रोलियम पदार्थ का वितरण पूर्व की भांति कराते रहे।

# आर्म्स एक्ट मामले में तीन वर्ष का कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में आर्म्स एक्ट के एक पुराने मामले में अदालत ने एक अभियुक्त को सजा सुनाई है। यह निर्णय अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चार प्रदीप चंद्रा की अदालत में देव थाना कांड संख्या 85/03 में सुनाया गया। अपर लोक अभियोजक सुरजीत सिंह के अनुसार, अभियुक्त बाबू लाल पाल, निवासी उपदाहा देव को आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी) ए के तहत तीन वर्ष का कारावास एवं एक हजार रुपये जुर्माने की सजा दी गई है। वहीं धारा 26 के तहत दो वर्ष का कारावास एवं एक हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अदालत ने इस मामले के एक अन्य अभियुक्त राजेन्द्र यादव, निवासी बरई बिगहा देव को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। मामले की जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक सुरजीत सिंह ने बताया कि प्राथमिकी सूचक मुन्ना प्रसाद गुप्ता, जो उस समय देव थाना के प्रभारी थे, ने 26 नवंबर 2003 को अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में कहा गया था कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग हथियार लेकर देव बाजार में घूम रहे हैं तथा देव मंदिर के दक्षिण दिशा से फायरिंग की आवाज सुनी गई है। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और संदेह के आधार पर कुछ लोगों की जांच की गई। जांच के दौरान बाबू लाल पाल के बाएं कमर से एक खोखा तथा देसी लोहे का पाइपगन बरामद किया गया था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# अपराधियों और शराब तस्करों पर पुलिस की पैनी नजर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने और मद्यनिषेध कानून को प्रभावी बनाने के लिए औरंगाबाद पुलिस ने व्यापक स्तर पर विशेष अभियान छेड़ दिया है। इसके तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया, जिससे पूरे जिले में सुरक्षा का माहौल सख्त नजर आया। पुलिस द्वारा प्रमुख चौक-चौराहों, सीमावर्ती इलाकों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष चेकपोस्ट बनाकर दोपहिया, चारपहिया और वाणिज्यिक वाहनों की गहन तलाशी ली गई। इस दौरान वाहन चालकों के दस्तावेजों की जांच के साथ-साथ शराब तस्करी की आशंका को देखते हुए हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखी गई। अभियान के दौरान कई स्थानों पर संदिग्ध वाहनों को रोककर जांच की गई, वहीं बिना वैध कागजात या संदिग्ध स्थिति में पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस टीमों ने यह भी सुनिश्चित किया कि मद्यनिषेध कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई हो। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह अभियान केवल एक दिन की कार्रवाई नहीं बल्कि एक सतत प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसे आगे और तेज किया जाएगा। विशेष रूप से जिले के बॉर्डर क्षेत्रों और अपराध संभावित इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है। इसके साथ ही आम लोगों से भी सहयोग की अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वाहन या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में शांति, कानून-व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से लक्ष्य-सुरक्षित औरंगाबाद अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। औरंगाबाद पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ यह सख्त अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



बिहार सरकार

मुख्यमंत्री
बिहार

**संदेश**

गुड फ्राईडे के अवसर पर समस्त ईसाई भाई–बहनों सहित सभी प्रदेश वासी प्रभु यीशु के बलिदान का स्मरण करते हैं। इस दिन ईसाई भाई–बहन उपवास रखते हैं और गिरिजाघर में प्रार्थना करते हैं।

प्रभु ईसा मसीह ने अपने जीवन और बलिदान के माध्यम से संपूर्ण मानवता को प्रेम, दया और निरीहों के प्रति करूणाभाव का संदेश दिया है। वर्तमान परिवेश में सहिष्णुता, धैर्य, बलिदान और त्याग संबंधी ईसा मसीह की शिक्षा और उपदेशों की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है।

प्रभु यीशु के बताये मार्ग के अनुसरण से मानव समाज कल्याण के मार्ग पर अग्रसर हो सकता है। इस अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि प्रभु यीशु के आदर्शों का पालन करेंगे।

**नीतीश कुमार**

PR No.- 027205 (Home)D. 2025-26